


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 355 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 07 अक्टूबर 2024 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया




स्कंदमाता पंचम

# वंदे भारत ट्रेन पर फिर हुआ पथराव!

## 2 दिनों में दूसरा मामला, रेलवे पुलिस आई एक्शन में



ऊना. वंदे भारत ट्रेन पर पत्थरबाजी का दो दिन में दूसरा मामला सामने आया है. जिला ऊना के अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन के समीप पत्थर मारे गए. बताया जा रहा है कि वंदे भारत के दो कोच के शीशों में पत्थर लगने से नुकसान पहुंचा है. बीते कल ऊना रेलवे स्टेशन से आगे बसाल में भी इसी तरह का मामला सामने आया था. शनिवार को हुई पत्थरबाजी से 2 शीशे टूट गए थे और 2 कोच के शीशों पर निशान पड़ गए थे. अब मामले की जांच और छानबीन में रेलवे पुलिस जुट गई है.

रेलवे पुलिस ने बताया कि अंब-अंदौरा से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन पर ऊना के बसाल में असामाजिक तत्वों ने पत्थरों से हमला कर दिया था. इस ट्रेन के चार कोच पर हुए पथराव के चलते दो कोच के शीशे क्रेक हुए हैं, जबकि दो कोच के शीशों पर निशान पड़े हैं. गनीमत है कि इस घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई है. लॉको पायलट की सूचना के बाद आरपीएफ सहित ऊना रेलवे पुलिस एक्शन में आ गई है. दोनों टीमों ने बसाल पहुंचकर स्थानीय लोगों ने पूछताछ शुरू कर दी है.

### शनिवार को बसाल में वंदे भारत ट्रेन पर हुआ था पथराव

जानकारी के मुताबिक सप्ताह में छह दिन चलने वाली वंदे भारत ट्रेन शनिवार दोपहर अपने निर्धारित समय एक बजे अंब-अंदौरा से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी. करीब 18 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद बसाल में पहुंची वंदे भारत ट्रेन पर असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया था. कुल 16 कोचों वाली वंदे भारत ट्रेन के चार डिब्बों सी-7, सी-10, ई-1, ई-2 पर पत्थरों से हमला हुआ, जिसके चलते दो कोच के शीशे टूट गए और दो कोच के शीशों पर निशान पड़ गए.

### गांव-गांव जाकर हमलावरों की तलाश हो रही

लॉको पलायट ने मामले की जानकारी अंबाला डिवीजन को दी, जिसके बाद आरपीएफ सहित ऊना रेलवे पुलिस एक्शन में आई और तुरंत बसाल पहुंच गई. देर शाम तक दोनों टीमों ने न केवल बसाल में स्थानीय लोगों से पूछताछ की, बल्कि पनोह सहित आस-पास गांव में जाकर हमलावरों की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई. रेलवे पुलिस मामले को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर पथराव के पीछे क्या वजह रही. उधर, रेलवे चौकी ऊना के इंचार्ज मोहिंद्र सिंह ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की सूचना मिलने के बाद बसाल में पहुंच कर स्थानीय लोगों से पूछताछ की है. उन्होंने बताया कि रेलवे पुलिस के अलावा आरपीएफ की टीम भी साथ रही.

## जम्मू-कश्मीर: 'भाजपा जम्मू-कश्मीर में पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी' - शगुन परिहार

**दैनिक समाज जागरण**

जम्मू-कश्मीर में, किश्तवाड़ विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने पार्टी की संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए कहा, "जम्मू-कश्मीर के लोग जिस तरह से भाजपा का समर्थन कर रहे हैं, मुझे यकीन है कि पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।" उन्होंने जनता से मिले मजबूत समर्थन पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की पहुंच और नीतियां मतदाताओं को पसंद आ रही हैं। आगामी चुनावों के मद्देनजर, उनका यह दावा पार्टी के भीतर व्यापक भावना को दर्शाता है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण जीत हासिल करना है। समुदाय से जुड़ने के पार्टी के प्रयास चुनावी नतीजों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## बांग्लादेश से सड़क मार्ग से व्यापार में सुधार, मगर भारतीय कंपनियां सतर्क; क्या हैं चुनौतियां

भारत से बांग्लादेश को होने वाले निर्यात में वाहन एक प्रमुख क्षेत्र है। बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिता के कारण वाहन निर्यात भी प्रभावित हुआ है। भारत-बांग्लादेश सीमा पर ट्रकों की आवाजाही बढ़ रही है। माल भाड़े में तेजी से दोनों देशों के बीच व्यापार में सुधार का संकेत मिल रहा है। मगर भू-राजनीतिक तनाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि बांग्लादेश में करीब दो महीने से अंतरिम सरकार है। भारतीय कारोबारियों के कारोबार में मासिक आधार पर सुधार दिखने लगा है। बांग्लादेश से वस्तुओं की आवाजाही भी धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। मगर बुनियादी तौर पर दो चिंताएं बरकरार हैं जिनमें पड़ोसी देश से भुगतान और वहां की यात्रा करने वाले भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा शामिल हैं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के मुकाबले स्थिरता हासिल करना अब भी बाकी है।

## बाटेंगे तो बाटने वाले महफिल सजायेंगे: पीएम मोदी ने कांग्रेस के खिलाफ योगी की टिप्पणी का समर्थन किया

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देश में जातिगत विभाजन को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और लोगों से देश को बांटने की चाहत रखने वाले विपक्ष के एजेंडे को विफल करने के लिए एकजुट रहने को कहा।

विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद महाराष्ट्र के वाशिम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, "वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि अगर हम सब एकजुट हो गए तो देश को बांटने का उनका एजेंडा विफल हो जाएगा।"




उन्होंने आरोप लगाया, "कांग्रेस केवल गरीबों को लूटना और अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए उन्हें गरीब बनाए रखना जानती है। वह केवल लोगों को बांटना जानती है। हमें सतर्क रहना होगा और एकजुट रहना होगा। कांग्रेस को शहरी नक्सलियों का गिरोह चलाता है।"

मोदी ने कहा कि हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते।

पीएम मोदी ने ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे।

पीएम ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर सेक्शन का उद्घाटन किया, जिसकी लागत करीब 14,120 करोड़ रुपये है।

प्रधानमंत्री ने करीब 12,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की आधारशिला भी रखी। एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "...हमारी सरकार वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध अतिक्रमण पर बिल लेकर आई है, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति के लिए कांग्रेस के नए 'चेले' उसका विरोध करने का पाप कर रहे हैं। यहां तक कि जब कांग्रेस के लोग वीर सावरकर के बारे में गलत बातें कहते हैं, तो कांग्रेस के 'चेले' उनके पीछे खड़े रहते हैं, कांग्रेस कह रही है कि वे अनुच्छेद 370 को बहाल करेंगे, लेकिन उनके 'चेले' इस पर चुप हैं। नए वोट बैंक की खातिर विचारधारा का ऐसा पतन?..."

## सीएम योगी आज आएंगे वाराणसी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को वाराणसी आएंगे। सीएम परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन करेंगे। वहीं अधिकारियों संग मीटिंग में कानून व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री बाबा विश्वनाथ और कालभैरव मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेंगे। सीएम के आगमन के मद्देनजर प्रशासन अलर्ट है। सीएम शाम को वाराणसी पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों संग मीटिंग करेंगे। इसमें कानून व्यवस्था और पीएम के संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा होगी। इसके बाद सीएम भारत सेवाश्रम संघ सिगरा जाएंगे। वहां दुर्गा जी की पूजा/अर्चना और सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहां से सिगरा स्टेडियम जाएंगे। स्टेडियम के अंतिम चरण के निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री कालभैरव मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।



मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाएंगे। इसके बाद टाउनहाल शांपिंग कांप्लेक्स मैदागिन की विकास परियोजना का अवलोकन करेंगे। इसके बाद ककरमत्ता में स्पोर्ट्स फिटनेस विकास परियोजना का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री मिजार्मुराद क्षेत्र के भिखारीपुर में स्थित विमला हॉस्पिटल का उद्घाटन और इसके पास ही जनसभा कर सकते हैं। इसको लेकर वाराणसी के जिलाधिकारी एस राजलिंगम और बीजेपी जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने रविवार देर शाम पुलिस बल और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हॉस्पिटल और जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।

## चेन्नई एयर शो में क्या था ऐसा, जिसे देखने उमड़ पड़े 15 लाख लोग

**एजेंसी न्यूज**

चेन्नई. चेन्नई के मरीना तट पर 21 साल बाद एयरफोर्स का एयर शो हो रहा था. जिसमें भारतीय वायुसेना के कई विमानों ने अपने करतब दिखाए. इस शो को देखने के लिए कम से कम 15 लाख लोग चेन्नई के मरीना बीच पर मौजूद थे. यह शो इंडियन एयर फोर्स के 92वे एयर फोर्स डे के सेलिब्रेशन के लिए मनाया जा रहा था. 21 साल बाद चेन्नई में एयरफोर्स का शो हो रहा था. इसे लेकर दर्शकों में बहुत ज्यादा उत्साह था. बड़ी संख्या में चेन्नई के लोग और आसपास के जिलों से लोग देखने के लिए आए हुए थे.



इस एयर शो में एलसीए तेजस, राफेल, सुखोई 30, जैगुआर, मिराज 2000, मिग 29 और डकोटा जैसे विमानों ने हिस्सा लिया था. यह एयर शो 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चला. सबसे पहले इसमें ध्वज फॉर्मेशन एयर फोर्स के चेतक हेलीकॉप्टरों के द्वारा बनाया गया. इसके पीछे इंडियन एयर फोर्स के राफेल, जगुआर, तेजस विमानों ने मरीना बीच पर हजारों लोगों के सामने हैरत अंगेज करतब दिखाए. इस मौके पर तमिलनाडु के चीफ मिनिस्टर एमके स्टालिन, डिप्टी चीफ मिनिस्टर उदयनिधि स्टालिन एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, कई मंत्री और सांसदों के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे. इस शो को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया है. क्योंकि यहां एक साथ 15 लाख लोग और शो देखने के लिए पहुंचे थे. आमतौर पर एयरफोर्स का सालाना शो दिल्ली में होता है. इसे दूसरे शहरों में भी किया जा सकता है. 2022 में एयरफोर्स शो को चंडीगढ़ में और 2023 में प्रयागराज में किया गया था. इसके बाद इस साल चेन्नई में एयरपोर्ट शो करने का फैसला किया गया था. जहां पर रिकॉर्ड संख्या में 15 लाख लोग पहुंचे थे. तभी भगदड़ मच गई और उसमें चार लोगों की मौत हो गई

## पुलिस कस्टडी में यति नरसिंहानंद, विवादित टिप्पणी से देश भर में हिंसक प्रदर्शन, कई राज्यों में FIR दर्ज

गाजियाबादः यति नरसिंहानंद के विवादित बयान के बाद से मुस्लिम समाज आक्रोश में है. सूत्रों के हवाले से खबर है कि नरसिंहानंद को यूपी पुलिस ने शुक्रवार को ही हिरासत में ले लिया हालांकि, उन्हें डिटेन करके रखा गया है. पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. उनके सहयोगियों ने भी कहा है कि उन्हें गाजियाबाद के आश्रम से हिरासत में लिया गया. आरोप है कि उन्होंने पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.

शुक्रवार की रात यति नरसिंहानंद के विवादित बयान का वीडियो वायरल हुआ था. इसके बाद गुस्साए लोग भारी तादात में गाजियाबाद के डासना मंदिर के बाहर इकट्ठा हो गए थे. मंदिर प्रमुख नरसिंहानंद के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की गई. जिसके बाद पुलिस बल तैनात किया गया था. उनके खिलाफ यूपी, गुजरात से लेकर तेलंगाना तक कई राज्यों में एफआईआर दर्ज कराई गई. बयान के लेकर भारी बवाल हुआ बुलंदशहर में गुस्साए लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर



दिया था. हैदराबाद में AIMIM के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर यति नरसिंहानंद को गिरफ्तार करने की मांग की थी. इसके अलावा महाराष्ट्र के अमरावती में भी माहौल खराब हुआ था. बयान के बाद हिंसक प्रदर्शन में जमकर पथराव हुआ था. इसमें तकरीबन 21 पुलिसकर्मी घायल गए थे.

बता दें कि, यति नरसिंहानंद अक्सर विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. लेकिन इस टिप्पणी के बाद पूरे देश में बवाल मच गया है. इससे पहले भी उन्होंने एक घृणास्पद बयान दिया था, जिस मामले में वह जमानत पर थे. अब उन्होंने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है. यति नरसिंहानंद की सहयोगी उदिता त्यागी के हवाले से खबर है कि उन्हें पुलिस हिरासत में लिया गया है.

### आरएसएस प्रमुख ने हिंदुओं से जाति जैसे मतभेदों को खत्म करने और एकजुट होने का आग्रह किया

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को हिंदुओं से जाति सहित हिंदू समाज के भीतर मौजूद मतभेदों को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। पीटीआई के अनुसार, राजस्थान के बारां में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, "हिंदू समाज को विवादों में भाषा, जाति और क्षेत्रीय मतभेदों को खत्म करके अपनी सुरक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।" हम प्राचीन काल से यहां रह रहे हैं, भले ही 'हिंदू' शब्द बाद में आया हो। हिंदू सभी को गले लगाते हैं। वे निरंतर संवाद के माध्यम से सद्भाव में रहते हैं।" भागवत ने कहा। **इसके अलावा, उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है।** भागवत का 'हिंदुओं को एकजुट होना चाहिए' वाला बयान, जो सत्तारूढ़ भाजपा के वैचारिक संरक्षक संगठन का नेतृत्व करते हैं,




समाज जागरण की ओर से आप सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाएँ




# नहीं ,मै नहीं देख सकता तुझे रोते हुए

दैनिक समाज जागरण



जिस आदमी को आपने बुक्का फाड़कर हँसते हुए संसद से सड़कों तक,देश से दुनिया भर में देखा हो उसे रोता हुआ देखना पड़े तो दिल काँप जाता है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के एक्जिट पोल नतीजों को देखकर मुझे आशंका है कि कल तक हंसने वाले हमारे तमाम सुर्खरू चेहरे लटक न जाएँ,रो न पड़ें । मुझसे ये मंजर देखा नहीं जाएगा।

हकीकत ये है कि मै मतदान के बाद किये जाने वाले एक्जिट पोल पर यकीन नहीं करता । यकीन तो राजनीतिक दल और नेता भी नहीं करते लेकिन कभी-कभी ये पोल चौंका देते हैं । पिछले साल लगभग इन्हीं दिनों हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में तमाम एक्जिट पोल औंधे मुंह गिरे थे और तीनों राज्यों में हमारी अपनी भाजपा की सरकारें बन गयीं थीं। सर्वे करने वालों ने मतदाताओं के मन में तो झाँकने की कोशिश की थी किन्तु मशीनरी के मन में झाँकने में नाकाम रहे थे।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में एक चुनावों से पहले भाजपा का घोषित-अघोषित राज रहा है । हरियाणा में पहले खटटर साहब थे ,चुनावों से पहले सैनी आ गये । जम्मू-कश्मीर में पहले सत्यपाल मलिक राज्यपाल हुआ करते थे,बाद में मनोज सिन्हा साहब बना दिए गया । सत्यपाल को सत्य बोलने की सजा मिली और मनोह सिन्हा को यूपी छोड़ने का ईनाम ।लेकिन दोनों ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के लिए उसी तरह फील्डिंग की जैसे कि हरियाणा में चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्रियों ने की ,अब अचानक दोनों जगह पासा पलटता नजर आ रहा है। ये किसी टोटके की वजह से हुआ या जनता इन सब हुक्मरानों से आजिज आ गयी ,ये कहना मुश्किल है। आप मानें या न मानें लेकिन मुझे लगता है कि अभी चुनाव नतीजे आने तक भाजपा हार नहीं मानेगी । उसे हार मानना भी नहीं चाहिये । उसने पहले तीनं राज्यों में हार कहाँ मानी थी ,जो अब मान ले ! आपको याद है न आम चुनावों के बाद भले ही भाजपा 400 पार नहीं कर पायी थी । उसने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। भाजपा को लंगड़ा जनादेश मिला तो उसने आनन-फानन में जेडीयू और टीडीपी की बैशाखियाँ लगाना स्वीकार कर लिया था । मुझे आशंका है कि भाजपा हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भी अंत तक अपने लिए बैशखियाँ तलाश करेगी। अब ये बात अलग है कि बैशखियाँ मिलना ही बंद हो जाएँ।

पहले जम्मू-कश्मीर की ही बात कर लेते हैं,क्योंकि यहां दस साल बाद चुनाव हुए हैं और तब हुए हैं जब इस इलाके को राज्य का दर्जा हासिल नहीं है । केंद्र की सरकार ने पांच साल पहले जम्मू-कश्मीर की जनता को सबक सीखने के लिए आतंकवाद रोकने के नाम पर न सिर्फ राज्य का दर्जा छीना था ,न सिर्फ संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत मिले खास दर्जे को छीना था बल्कि उस्के तीन टुकड़े भी कर दिए थे और जाफरान के खेतों पर राज्यपाल के रूप में अपने पहरेदार बैठा दिए थे। जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन पहली बार नहीं लगा । पहले भी यहां 9 बार राष्ट्रपति शासन रह चुका है । सबसे ज्यादा राष्ट्रपति शासन तो कांग्रेस के जमाने में लगाया गया,लेकिन कांग्रेस ने कभी कश्मीरियों से उनका राज्य का दर्जा नहीं छीना । जम्मू-कश्मीर के महाराजा डॉ कर्ण सिंह से लेकर मनोज सिन्हा साहब तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे ,लेकिन जैसा हाल अबकी बार है वैसा पहले कभी नहीं हुआ।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा अलावा कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी समेत अन्य छोटे-छोटे दलों ने लोकतंत्र की बहाली के इस अभियान में हिस्सा लिया था। एक्जिट पोल के नतीजों के अनुसार, केंद्र प्रशासित प्रदेश में बीजेपी को 27 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को 41 सीटें मिल सकती हैं। सबसे ज्यादा नुकसान महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को होने के आसार जताए गए हैं। पिछले चुनाव में पीडीपी को दोहरे अंकों में सीटें मिली थीं, लेकिन इस बार पार्टी को महज सात सीटें मिलने के आसार हैं। पीडीपी से ज्यादा ताकतवर निर्दलीय हो सकते हैं. उनके खाते में 15 सीटें जाने की संभावना है। यहां 5 विधायकों के मनोनयन का अधिकार केंद्र ने पहले ही राज्यपाल को दे दिया है।

अपने लम्बे ,लचर अनुभव के आधार पर मै एक ही बात कह सकता हूँ कि जम्मू-कश्मीर में चाहे जिस गठबंधन की सरकार बने लेकिन मुख्यमंत्री फिलहाल डॉ फारुख अब्दुल्ला साहब ही होंगे । वे सत्ता में आने का अमरीका के राष्ट्रपति जो वायडन का कीर्तिमान भांग करेंगे। डॉ फारुख साहब ८५ के हैं और फिट हैं। वे जितने हिन्दुओं में लोकप्रिय है उतने ही मुसलमानों में। वे जितने सहज कांग्रेस के साथ हो सकते हैं उतने ही भाजपा के साथ भी। वे हालत के मुताबिक ढलने में सिद्धहस्त हैं ,इसलिए मै उन्हें अभी से मुबारकबाद देकर फारिग होना चाहता हूँ। टूटे हुए सूबे की जनता डॉ फारुख के बेटे उम्र अब्दुल्ला को शायद बर्दाश्त नहीं करेगी।

अब आइये हरियाणा की बात करें। हरियाणा में असली महाभारत हुई है। । यहां के एक्जिट पोल में सब एकराय हैं चाहे वे सर्वेयर गोदी मीडिया के हों या दूसरे। सबका कहना है कि हरियाणा में कांग्रेस की जो हवा चली थी वो पहले आंधी बनी और बाद में सुनामी में तब्दील हो गयी। अब मुमकिन है की 8 अक्टूबर को हरियाणा में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाये। इंडिया टुडे-सी वोटर के सर्वे के मुताबिक, हरियाणा में कांग्रेस को 50 से 58 सीटें मिलने का अनुमान है। बीजेपी को 20 से 28 सीटें मिल सकती हैं।

दोनों विधानसभाओं के नतीजे आने के बाद ही असली तस्वीर सामने आएगी । इससे पहले मतगणना में भाजपा सरकार की मशीनरी कितना,क्या खेल कर पायेगी कहना कठिन है क्योंकि अंत बहुत ज्यादा माना जा रहा है ,लेकिन ' जानी न जाये निसाचर माया । भाजपा कब कहाँ आपरेशन लोट्स चला दे ,कब ,कहां नवनिर्वाचित छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों को अपनी अदृश्य चुंबक से अपनी और खींच ले ,कोई जानता है क्या ? वैसे इन दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे जहाँ देश में लड्डुयों के बजाय जलेबियों का भविष्य उज्ज्वल करेंगे ,वहीं भाजपा के लिए हर जगह वैशखियों की जरूरत को बढ़ने वाले होंगे ।जब तक नतीजे आएंगे तब तक आइये मिलकर गाते हैं-' इबतदाये इश्क में हम सारी रात जागे,अल्ला जाने क्या होगा आगे ? आपको यदि ये गाना पसंद न हो तो आप- देख सकता हूँ मै कुछ भी होते हुए। नहीं मै ,नहीं देख सकता तुझे रोते हुए' भी गा सकते हैं

@ राकेश अचल

## स्कन्दमाता पंचम

माँ दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के रूप में जाना जाता है। इन्हें स्कन्द कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाना जाता है। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार शौर शक्तिधर बताकर इनका वर्णन किया गया है। इनका वाहन मयूर है अतः इन्हें मयूरवाहन के नाम से भी जाना जाता है। इन्हीं भगवान



स्कन्द की माता होने के कारण दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। इनकी पूजा नवरात्रि में पांचवें दिन की जाती है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में होता है। इनके विग्रह में स्कन्द जी बालरूप में माता की गोद में बैठे हैं। स्कन्द मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजायें हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कन्द को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकड़ा हुआ है। माँ का वर्ण पूर्णतः शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है।

शास्त्रों में कहा गया है कि इस चक्र में अवस्थित साधक के मन में समस्त बाह्य क्रियाओं और चित्तवृत्तियों का लोप हो जाता है और उसका ध्यान चैतन्य स्वरूप की ओर होता है, समस्त लौकिक, संसारिक, मायाविक बन्धनों को त्याग कर वह पद्मासन माँ स्कन्दमाता के रूप में पूर्णतः समाहित होता है। साधक को मन को एकाग्र रखते हुए साधना के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।

# महाअष्टमी व्रत, महानिशा पूजा, महानवमी, तथा नवरात्रि पारण के विषय में -आचार्य पंडित अभिषेक

दैनिक समाज जागरण



इस वर्ष पंचाग में दिनाँक 10/10/2024 गुरुवार आश्विन शुक्ल सप्तमी तिथि घटी 3 पल 12 (प्रातः7.30)तक रहती है पश्चात अष्टमी तिथि का प्रारंभ हो जाता है. दिनाँक 11/10/2024 शुक्रवार को अष्टमी तिथि घटी 1 पल 38 (प्रातः6.52)तक रहती है.पश्चात नवमी तिथि का प्रारंभ होता है यहां नवमी तिथि का क्षय(दूसरे दिन नवमी तिथि का सूर्योदय से स्पर्श नहीं है).तथा दिनाँक 12/10/2024 शनिवार को सूर्योदयकालीन दशमी तिथि व्याप्त है.

### महानिशापूजन.....

दिनाँक 10/10/2024 गुरुवार को प्रातः7.30 से अष्टमी तिथि का प्रारम्भ होता है जो कि निशिथकाल में व्याप्त है.यही निशिथकाल (मध्य रात्रि) महानिशापूजन हेतु मुख्यकाल होता है. इस महानिशा पूजन में निशिथकाल का उल्लंघन नहीं करना चाहिए. निशिथकाल का समय रात्रि 11.35 से रात्रि 12.25 तक है.

महानिशा पूजन पूर्व स्वयं शुद्धीकरण हेतु उपवास सूर्योदय से प्रारंभ होगा. चाहे अष्टमी तिथि हो या न हो यहां उपवास महानिशा पूजन हेतु होगा. न की महाष्टमी (तिथि व्रत) के संदर्भ में.

### महाअष्टमी व्रत...

"महाअष्टमी घटीका मात्रा प्यौदयिकी नवमी युक्त ग्राह्य " महाष्टमी व्रत में घटि मात्र सूर्योदयकालीन स्पर्श अष्टमी तिथि नवमी तिथि युक्त ग्राह्य होगी

दिनाँक 11.10.2024 शुक्रवार को प्रातः6.52 तक अष्टमी तिथि का सूर्योदय से अल्प मात्रा में स्पर्श है.अतःअष्टमी तिथि का सूर्योदय से स्पर्श होने के कारण महाअष्टमी व्रत हेतु यही अष्टमी तिथि संपूर्ण मानी जायेगी तथा महाअष्टमी व्रत हेतु प्रशस्त है.

महाअष्टमी व्रत सूर्योदयकालीन सप्तमी तिथि से युक्त अष्टमी तिथि में करने का निषेध है.

### महानवमी व्रत...

दिनाँक 11/10/2024 शुक्रवार को ही प्रातः6.52 पश्चात नवमी तिथि का प्रारम्भ हो जाता है.नवमी तिथि क्षय होने के कारण आज ही अष्टमी युक्त नवमी में महानवमीं व्रत तथा हवन आदि कृत्य होगा. बलिदान (केवल नवमी युक्त दशमी अथवा दशमी तिथि ग्राह्य) छोड़कर पूजनादि में अष्टमी युक्त नवमी तिथि का ग्रहण होगा.

अतःआज ही महाअष्टमी व्रत के साथ महानवमी व्रत होगा तथा नवमी तिथि सम्बन्धित कृत्य होगे.

नवरात्रि व्रत का पारण...

महाअष्टमी व्रत तथा महानवमी व्रत एक दिन ही होंने के कारण महाअष्टमी व्रत तथा नवरात्रि व्रत का पारण दिनाँक 12/10/2024 शनिवार को दशमी तिथि में सूर्योदय उपरान्त होगा. इसी दशमी को बलिदान, प्रतिमा विर्सजन,तथा विजयादशमी होगी.

"नवरात्रादिपक्षेषु क्षयवृद्धि वेन दिनाधिक्यन्यूनत्वे पूजाद्यावृत्तिः कार्याः''

तिथि क्षय तथा वृद्धि होने के कारण दिनों की अधिकता तथा कमी के कारण पूजा आदि की आवृति करनी चाहिए.

यहां नवमी तिथि का क्षय होने से दोनों तिथियों अष्टमी तथा नवमी तिथि का पूजन तथा पाठ एक तिथि में दिनाँक 11/10/2024 शुक्रवार को दो बार कर लेना पूजाद्यावृत्ति का अभिप्राय है।

# क्रिप्टो करेंसी का अर्थ-शास्त्रीय तिलस्म।

## वैधानिक नियंत्रण और संतुलन ?

दैनिक समाज जागरण

आज का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है' वैश्विक स्तर पर हर देश में आज तकनीकी नवपरिवर्तन से दो-चार हो रहा हैं' तकनीकी परिवर्तन ने एक नये अध्याय क्रिप्टो करेंसी के रूप में विकासशील देश के सामने परोस कर रख दिया है' इन परिस्थितियों में जब भारत जैसे विकासशील देश में बड़ी संख्या में नागरिकों को इंटरनेट और मोबाइल के संपूर्ण ज्ञान की ही समझ-परख नहीं है ऐसे में क्रिप्टो करेंसी का मायाजाल एक अबूझ पहली बनकर सामने आया है जिससे न जाने कितने लोगों के रुपयों से शातिर साइबर ठग अपनी जेबें में भर सकते हैं। आज क्रिप्टो करेंसी के बारे में खुलकर उसे आमजन को अवगत कराकर उसका कानूनी विश्लेषण किया जाना अत्यंत आवश्यक प्रतीक होता है। तकनीकी परिवर्तन के कारण देश में हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन हो रहा है' ऐसा ही एक नया प्रयोग,नवाचार आभासी मुद्रा यानी क्रिप्टो करेंसी का आर्थिक क्षेत्र में पदार्पण हुआ है' क्रिप्टो करेंसी के सिक्के के भी दो पहलू हैं एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं और दूसरे पहलू में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित है। इसको अपनाने से पहले या इसे स्वीकार करने से पहले इसके कानूनी पक्ष और विधि सम्मत स्वीकार्यता पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। क्रिप्टोकरंसी एक डिजिटल मुद्रा है, जिसे ना तो देखा जा सकता है ना ही चुन सकते न मुद्रा की भांति जेब में या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। यह करेंसी भौतिक रूप से उपलब्ध ना होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह एक स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है इसका संचालन व नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह एक डिजिटल मुद्रा है। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म के आधार पर बनाया जाता है। किसे केवल कंप्यूटर में ही देखा जा सकता है गिना जा सकता है एवं भुगतान किया जा सकता है। यह मुद्रा सरकारी नियंत्रण से मुक्त है। विश्व में सबसे पहले 2009 में जापान के संतोषी नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करेंसी उपलब्ध है, जो पियर टू पियर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के रूप में काम करती है। वर्तमान में क्रिप्टोकरंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है इसकी लोकप्रियता का कारण एक यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है। जिसके लेन देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था बहुत उपयुक्त लगती है। इसके लेनदेन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है। जिसके लेन देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लेनदेन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है। सामान्य बैंक खातों की तरह इसमे किसी भी प्रकार के कागजात की आवश्यकता भी नहीं होती है। बैंकिंग प्रणाली तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले लेनदेन पर सरकार का कड़ा नियंत्रण होता है, जबकि यह राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष नियंत्रण के बाहर होने कारण लेनदेन के आदान-प्रदान का विश्वसनीय एवं सुरक्षित माध्यम बनकर उभरा है। सरकार के पास बैंक खाते को जप्त करने का अधिकार होता है, जबकि की क्रिप्टो करेंसी के मामले में ऐसा नहीं कर सकती अतः सरकार से बचाव के प्रभावशाली विकल्प के रूप में इस मुद्रा का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही नोटबंदी एवं मुद्रा के अवमूल्यन का इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

यह डिजिटल करेंसी है, अतः इसमें धोखाधड़ी की संभावनाएं बहुत कम होती है। या निवेश के लिए इस प्लेटफार्म पर अधिक पैसा होने पर क्रिप्टोकरंसी में निवेश करना लाभप्रद माना जा रहा है, क्योंकि इसकी कीमतों में बहुत तेजी से उछाल होता है। क्रिप्टो करेंसी राशि सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत ही कम लागत पर एक देश से दूसरे देश को पैसा भेजने के लिए सुगम साधन बन चुका है। 2009 में बिटकॉइन क्रिप्टो करेंसी की शुरूआत हुई थी। वर्तमान में एक बिलियन बिटकॉइन इंटरनेट के नेटवर्क में समाहित है, तथा नए बिटकॉइन का लगातार आगमन हो रहा है। आज प्रत्येक बिटकॉइन का मूल्य ङ्500 है, जो दुनिया की सबसे महंगी करेंसी मानी जाती है। कुछ लोग इसे गोल्डरश के नाम से भी पुकारते हैं। वर्ष 2014 से माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी सेवाओं के लिए बिटकॉइन के रूप में भुगतान लेना शुरू कर दिया है। निकोसिया विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के प्रवेश शुल्क के रूप में बिटकॉइन करेंसी स्वीकार किया था । 2018 प्रशांत महासागर में स्थित मार्शल द्वीप क्रिप्टो करेंसी के लीगल टेंडर को मान्यता देने वाला पहला वैश्विक देश है। वेनेजुएला ने भी क्रिप्टो करेंसी की तर्ज पर पेट्रो नामक एक करेंसी प्रारंभ की है ऐसा करने वाला विश्व का पहला संप्रभुता वाला देश है। कई देशों में इसे आर्थिक संकट से उबारने वाला उपाय की तरह देखा जा रहा है। विश्व के कई देश इसकी पारदर्शिता तथा विधि स्वीकार्यता को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं। कई देशों ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है उसे मान्यता प्रदान नहीं की है। भारत ने भी अभी इसे किसी भी तरह की मान्यता प्रदान नहीं की है।

भारतीय संदर्भ में आभासी मुद्रा में उच्च स्तर की अनिश्चितता एवं के कारण भारत सरकार का दृष्टिकोण प्रतिबंधात्मक ही रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 1913 में पहली बार इस संदर्भ में चेतावनी जारी की थी फिर 2017 में रिजर्व बैंक ने इस संदर्भ में जनता को आगाह कर इससे सावधान रहने के लिए कहा है। रिजर्व बैंक के अंदर क्रिप्टो करेंसी के संचालन में आर्थिक, वित्तीय, परिचालनात्मक कानून ग्राहक संरक्षण और उसकी सुरक्षा संबंधी जोखिम मौजूद हैं। रिजर्व बैंक द्वारा किसी प्रकार की क्रिप्टो करेंसी को मान्यता प्राधिकार या लाइसेंस नहीं दिया है। क्रिप्टो करेंसी पर प्रतिबंध और अधिकारिक डिजिटल मुद्रा विधेयक 2019 के ड्राफ्ट में यह प्रस्ताव दिया गया है कि देश में क्रिप्टोकरंसी की खरीद बिक्री करने वालों को 10 वर्ष की जेल की सजा होगी। इस प्रकार भारत में सभी प्रकार के क्रिप्टोकरंसी पर प्रतिबंध है। भारत सरकार ने इसे मान्यता नहीं दी है। क्योंकि क्रिप्टो करेंसी काले धन को छुपाने का एक बड़ा जरिया भी हो सकता है तथा सरकार को इस को प्रतिबंधित करने के लिए और कड़े नियम कानून बनाने की आवश्यकता होगी।

ईस में सबसे बड़ी हानि होती है कि इसका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं है और इसका मुद्रण भी नहीं किया जा सकता है ।मतलब स्पष्ट है कि यह करेंसी के रूप में छापी भी नहीं जा सकती और ना ही इसकी कोई पासबुक या अकाउंट ही जारी किया जा सकता है। इसका प्रयोग अवैध कार्यों के लिए जैसे अवैध हथियार खरीदी, मादक पदार्थों के व्यापार, आतंकवादी गतिविधियों में मनी लांड्रिंग आदी में किए जाने की संभावना बढ़ जाती है अतः इस पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

लेखक संजीव ठाकुर

# गुरु गोबिन्द सिंह

गुरु गोबिन्द सिंह (जन्म- 22 दिसंबर, 1666 ई. पटना, बिहार; मृत्यु- 7 अक्तूबर, 1708 ई. नांदेड़, महाराष्ट्र) सिक्खों के दसवें व अंतिम गुरु माने जाते हैं। वे 11 नवंबर, 1675 को सिक्खों के गुरु नियुक्त हुए थे और 1708 ई. तक इस पद पर रहे। वे सिक्खों के सैनिक संगति, खालसा के सृजन के लिए प्रसिद्ध थे। कुछ ज्ञानी कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, तब-तब सत्य एवं न्याय का विघटन भी होता है तथा आतंक के कारण अत्याचार, अन्याय, हिंसा और मानवता खतरे में होती है। उस समय दुष्टों का नाश एवं सत्य, न्याय और धर्म की रक्षा करने के लिए ईश्वर स्वयं इस भूतल पर अवतरित होते हैं। गुरु गोबिन्द सिंह जी ने भी इस तथ्य का प्रतिपादन करते हुए कहा है,

**"जब-जब होत अरिस्ट अपारा। तब-तब देह धरत अवतारा।"**

### जीवन परिचय

गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म 22 दिसंबर सन् 1666 ई. को पटना, बिहार में हुआ था। इनका मूल नाम 'गोबिन्द राय' था। गोबिन्द सिंह को सैन्य जीवन के प्रति लगाव अपने दादा गुरु हरगोबिन्द सिंह से मिला था और उन्हें महान् बौद्धिक संपदा भी उत्तराधिकार में मिली थी। वह बहुभाषाविद थे, जिन्हें फारसी अरबी, संस्कृत और अपनी मातृभाषा पंजाबी का ज्ञान था। उन्होंने सिक्ख कानून को सूत्रबद्ध किया, काव्य रचना की और सिक्ख ग्रंथ 'दसम ग्रंथ' (दसवां खंड) लिखकर प्रसिद्धि पाई। उन्होंने देश, धर्म और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सिक्खों को संगठित कर सैनिक परिवेश में ढाला। दशम गुरु गोबिन्द सिंह जी स्वयं एक ऐसे ही महापुरुष थे, जो उस युग की आतंकवादी शक्तियों का नाश करने तथा धर्म एवं न्याय की प्रतिष्ठा के लिए गुरु तेगबहादुर सिंह जी के यहाँ अवतरित हुए। इसी उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा था।

**"मुझे परमेश्वर ने दुष्टों का नाश करने और धर्म की स्थापना करने के लिए भेजा है।"**

### बचपन

गुरु गोबिन्द सिंह के जन्म के समय देश पर मुगलों का शासन था। हिन्दुओं को मुसलमान बनाने की औरंगजेब जबरदस्ती कोशिश करता था। इसी समय 22 दिसंबर, सन् 1666 को गुरु तेगबहादुर की धर्मपत्नी माता गुजरी ने एक सुंदर बालक को जन्म दिया, जो गुरु गोबिन्द सिंह के नाम से विख्यात हुआ। पूरे नगर में बालक के जन्म पर उत्सव मनाया गया। खिलौनों से खेलने की उम्र में गोबिन्द जी कृपाण, कटार और धनुष-बाण से खेलना पसंद करते थे। गोबिन्द बचपन में शरारती थे लेकिन वे अपनी शरारतों से किसी को परेशान नहीं करते थे। गोबिन्द एक निसंतान बुढ़िया, जो सूत काटकर अपना गुजारा करती थी, से बहुत शरारत करते थे। वे उसकी पूनियाँ बिखेर देते थे। इससे दुखी होकर वह उनकी माँ के पास शिकायत लेकर पहुँच जाती थी। माता गुजरी पैसे देकर उसे खुश कर देती थी। माता गूजरी ने गोबिन्द से बुढ़िया को तंग करने का कारण पूछा तो उन्होंने सहज भाव से कहा, "उसकी गरीबी दूर करने के लिए। अगर मैं उसे परेशान नहीं करूँगा तो उसे पैसे कैसे मिलेंगे।"

### 9 वर्ष की आयु में गद्दी

तेगबहादुर की शहादत के बाद गद्दी पर 9 वर्ष की आयु में 'गुरु गोबिन्द राय' को बैठाया गया था। 'गुरु' की गरिमा बनाये रखने के लिए उन्होंने अपना ज्ञान बढ़ाया और संस्कृत, फारसी, पंजाबी और अरबी भाषाएँ सीखीं। गोबिन्द राय ने धनुष- बाण, तलवार, भाला आदि चलाने की कला भी सीखी। उन्होंने अन्य सिक्खों को भी अस्त्र शस्त्र चलाना सिखाया। सिक्खों को अपने धर्म, जन्मभूमि और स्वयं अपनी रक्षा करने के लिए संकल्पबद्ध किया और उन्हें मानवता का पाठ पढ़ाया। उनका नारा था- सत श्री अकाल

### मुख्य लेख : पंच प्यारे

पाँच प्यारे जो देश के विभिन्न भागों से आए थे और समाज के अलग- अलग जाति और सम्प्रदाय के लोग थे, उन्हें एक ही कटोरे में अमृत पिला कर गुरु गोबिन्द सिंह ने एक बना दिया। इस प्रकार समाज में उन्होंने एक ऐसी क्रान्ति का बीज रोपा, जिसमें जाति का भेद और सम्प्रदायवाद, सब कुछ मिटा दिया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महाकुंभ में दुनिया देखेगी 'स्मार्ट प्रयागराज का भव्य स्वरूप'

## प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ से जुड़ी सभी परियोजनाओं की समीक्षा की

**दैनिक समाज जागरण**

प्रयागराज, 06 अक्टूबरः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाकुंभ 2025 में दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को 'स्मार्ट प्रयागराज के भव्य स्वरूप' का साक्षात्कार होगा। उन्होंने कहा है कि पूरी दुनिया से सनातन समाज महाकुंभ में आने तो उत्सुक है, तो पर्यटकों में भी इसे लेकर बड़ा आकर्षण है। ऐसे में हर आगंतुक को प्रयागराज में अच्छी सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।



रविवार को एक दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दृष्टिगत प्रयागराज में जारी सभी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और जारी परियोजनाओं को तय मानकों के अनुरूप पूरी गुणवत्ता के साथ, निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों को उत्कृष्ट सुरक्षा और विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयागराज में अनेक निर्माण कार्य चल रहे हैं। निर्माण कार्यों के बीच प्रयागराज के स्थानीय निवासियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रयागराज वासियों ने जिस तरह कुंभ 2019 में दुनियाभर से आये 25 करोड़ श्रद्धालुओं, पर्यटकों के लिए आतिथ्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था, उसी प्रकार, इस बार भी व्यवस्था बनाने में हर नगर-वासी का सहयोग प्राप्त होगा।

इससे पहले, परेड स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सबसे पहले मोटरबोट से संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन संगम स्थली का दर्शन-पूजन किया। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने संगम के विशाल स्नान क्षेत्र का अवलोकन भी किया। पवित्र अक्षयवट, पातालपुरी एवं सरस्वती कूप का दर्शन करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को इस बार भी अक्षयवट, पातालपुरी और सरस्वती कूप के दर्शन का पुण्य लाभ सुगमता से प्राप्त हों, इसके लिए यहां अच्छे प्रबंध होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने किले के भीतर जारी विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने लेटे हुए हनुमान जी का भी दर्शन किया और कुंभ के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की।

दोपहर बाद भारद्वाज आश्रम पहुंचे मुख्यमंत्री ने यहां जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया, वहीं आईईआरटी सेतु का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के दृष्टिगत सेतु निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के इस मैराथन भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने आदि वेणीमाधव मंदिर का भी दर्शन-पूजन किया, साथ ही, लेप्रोसी रोड चौराहा से नैनी रेलवे स्टेशन रोड तक तथा छिवकीं रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण भी किया।

### शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज से मुख्यमंत्री ने की भेंट

● प्रयागराज आगमन के विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूज्य शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज से भी भेंट की और महाकुंभ आयोजन की तैयारियों से अवगत कराया। लगभग 20 मिनट तक चली इस भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने शंकराचार्य जी से कहा कि राज्य सरकार, पूज्य संतगणों की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध कर रही है। महाकुंभ 2025, कुंभ 2019 से भी अधिक दिव्य और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में समय-समय पर पूज्य संतगणों का मार्गदर्शन भी अपेक्षित है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

### शारदीय नवरात्रों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चलाया जा रहा है जांच अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 06 अक्टूबर 2024 जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी गण शारदीय नवरात्रों के दृष्टिगत जनपद में वृहद स्तर पर जांच अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर रहे हैं।



इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शारदीय नवरात्रि त्योहार के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्यवाही गई। उन्होंने बताया कि आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह तथा अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा छिपायाना खुर्द ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिग बास्केट स्टोर से कुट्टू के आटे का 1 नमूना, जेप्टो स्टोर से कुट्टू के आटे का 1 नमूना, इंडियन फूड फैक्ट्री से पनीर का 1 नमूना तथा सेक्टर 121 नोएडा स्थित बालाजी स्वीट सेंटर से कलाकंद का 1 नमूना लिया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय बहादुर पटेल एवं मुकेश कुमार की टीम द्वारा सेक्टर 63 स्थित शिवांश किराना स्टोर से कुट्टू के आटे का 1 नमूना, शहजाद किराना स्टोर से कुट्टू के आटे का 1 नमूना तथा सेक्टर 66 नोएडा स्थित श्री बीकानेर स्वीट से कलाकंद का 1 नमूना लिया गया तथा लगभग 40 ˝ कुट्टू का आटा सीज किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा साइट सी ग्रेटर नोएडा स्थित नमस्कार स्वीट से कलाकंद का 1 नमूना लिया गया। उन्होंने बताया कि कुल 08 नमूनो को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के नेतृत्व में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 05 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 तक किया जाएगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को बताया कि माह अक्टूबर, 2024 हेतु राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल आदि का वितरण 05 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किलो गेहूं व 03 किलो चावल विक्रेता द्वारा निशुल्क वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के प्रवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधानुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल आदि के वितरण की अंतिम तिथि 25.10.2024 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ एवं चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी।

उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं को बताया कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण हेतु अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉल सेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम

# अनीवास में बुखार का कहर, बुखार से अब तक हुई 3 मौत

अनूपशहरः गांव अनीवास में बुखार से पीड़ित 3 माह के बालक राज की मौत हो गई, गांव में बुखार से अब तक हुई तीन मौत से ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्र के गांव अनीवास बुखार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा विगत 15 दिनों में बुखार से गांव में 3 मौत होने से बुखार से पीड़ित ग्रामीणों में अनहोनी की आशंका पनप रही है। शनिवार की दिन रात अनीवास निवासी मोनू का 3 माह का बालक राज विगत कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। परिजनों द्वारा अनूपशहर, बुलंदशहर के कई निजी चिकित्सालय में उपचार के कराया गया किंतु राज की तबियत में कोई सुधार नहीं हुआ। तबीयत बिगड़ने पर शनिवार की रात्रि को परिजन राज को उपचार के लिए मेरठ ले जा रहे थे तभी रास्ते में राज ने दम तोड दिया। बालक की मौत से परिवार में कोहरा मच गया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि बुखार से 23 सितंबर को गीता, 4 अक्तूबर को अभी, 5 अक्तूबर को राज काल के गाल में समा चुके है। कुंभकरण की नीद सोया स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में न तो साफ सफाई कराई और न ही स्वास्थ्य शिविर लगाया। एसडीएम प्रियंका गोयल ने बताया की उन्होंने पीएचसी तोली के अधीक्षक पीयूष कुमार को गांव में साफ सफाई करने तथा स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम के निर्देश देने के बाद पीएचसी अधीक्षक पीयूष कुमार ने बताया कि सोमवार को गांव अनिवास में राशन डीलर के आवास पर डॉ फौजिया नाज के निर्देशन में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा शिविर लगाकर मरीज का उपचार कर दवाई वितरित की जायेंगी

# वन प्राणी सप्ताह के अवसर पर सूरजपुर वेटलैंड में नेचर वॉक का किया गया आयोजन

### नेचर वॉक कार्यक्रम में ब्लैक नेक स्टॉक, स्पॉटेड आउटलेट आदि पक्षियों को किया गया

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 06 अक्टूबर 2024 प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर उत्तर प्रदेश वन विभाग, उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म बोर्ड एवं एशियाई एडवेंचर संस्था व राजीव कुमार गर्ग सेवानिवृत्ति प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष और वर्तमान मे वरिष्ठ सलाहकार, पर्यटन, आइडेक के साथ सूरजपुर वेटलैंड में नेचर वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लैक नेक स्टॉक, स्पॉटेड आउटलेट आदि पक्षियों को सपोर्ट किया गया साथ ही साथ बटरफ्लाइज को भी सपॉट किया तथा उनकी पहचान के बारे में भी लोगों को बताया गया गया। उन्होंने बताया इस नेचर वॉक में लगभग 30 लोगों ने प्रतिभाग किया। पर्यावरण, प्रकृति, सूरजपुर वेटलैंड, वाइल्डलाइफ के संरक्षण और प्रबंधन पर लोगों को जागरूक किया और उनका सुझाव भी लिया गया। सूरजपुर वेटलैंड को इको टूरिज्म स्पॉट के रूप में डेवलप करने के लिए विचार विमर्श किया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध




# अनूपशहर के धनंजय प्रताप सिंह ने आर्टिस्टिक सिंगल योगासन इवेंट में गोल्ड मेडल एवं ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया

अनूपशहर,,,सीबीएसई नेशनल योगासन चैंपियनशिप (बालक वर्ग) एल पी सवानी अकेडमी सूरत गुजरात में जेपी विद्या मंदिर अनूपशहर के धनंजय प्रताप सिंह ने आर्टिस्टिक सिंगल योगासन इवेंट में गोल्ड मेडल एवं ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन इवेंट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया वही ट्रेडिशनल टीम चतुर्थ स्थान पर रही। विद्यालय के योगाचार्य अंकित कुमार सुराण ने बताया कि एलपी सवानी अकैडमी सूरत गुजरात दिनांक 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक राष्ट्रीय योगासन बालक वर्ग प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता की सभी इवेंटों में देश के सभी राज्यों से लगभग 400 राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें जेपी विद्या मंदिर के पांच विद्यार्थियों धनंजय प्रतापसिंह, तेजस्व कौशिक, भवांश गौड़ सिद्धार्थ एवं प्रशान्त कुमार ने बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें धनंजय प्रताप सिंह ने 1 गोल्ड एवं 1 सिल्वर मेडल प्राप्त कर एसजीएफआई में खेलने के लिए चयन हुआ साथ ही उन्होंने बताया कि गत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष सीबीएसई में जेपी विद्या मंदिर के मेडल अभी तक 17 हो चुके हैं जो कि गत वर्षो तक सीबीएसई प्रतियोगिता में 14 की संख्या थी जबकि अभी 18 से 20 अक्टूबर को होने वाली बालिका वर्ग का नेशनल बाकी है जिसमें 6 मेडल और आने की उम्मीद है विद्यालय के प्रबंधक केपी सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ी एवं कोच को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीना चतुर्वेदी ने योगाचार्य अंकित कुमार सुराण एवं धनंजय प्रताप सिंह को एसजीएफआई एवं खेलो इंडिया के लिए और अधिक कठिन परिश्रम करते हुए जीत हासिल करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया, विद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी का माहौल है।




# श्री रामचरितमानस प्रश्नावली प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

अनूपशहरः श्री रामायण सत्संग मंडल अनूपशहर द्वारा श्री रामचरितमानस प्रश्नावली प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गयो इस प्रतियोगिता में पीएसपीए विद्या मंदिर, परदादा परदादी इंटर कॉलेज, जेपी विद्या मंदिर सिटी कैंपस, जीडीएवी इंटर कॉलेज, एलडीएवी इंटर कॉलेज, एसडीपीडी पब्लिक स्कूल, कांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर, कांति प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर, डीसेंट पब्लिक स्कूल, जेपी विद्या मंदिर यूनिवर्सिटी कैंपस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



इस प्रतियोगिता में परदादा परदादी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम तीन स्थान प्राप्त किऐ सर्वाधिक सौ में से चौरानवे अंक प्राप्त कक्षा नौ की छात्रा क्षमा कुमारी ने प्रथम स्थान, नब्बे अंक प्राप्त कर हिमाक्षी चौधरी ने द्वितीय स्थान एवं नवासी अंक प्राप्त कर वंशिका भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त कियो प्रतियोगिता प्रभारी डा० शैलेन्द्र सिंह ने संचालन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता में विद्यालयों के सहभागिता करने से हमारे सनातन धर्म की धरोहर को बढ़ावा मिलता है, विद्याथीयों में मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों का विकास होता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर संघचालक सुनील कुमार गुप्ता ने रामचरितमानस के माध्यम से माता पिता भाई बहन पुत्र पुत्री पति पत्नी गुरु राजा आदि के आदर्श जीवन दर्शन का ज्ञान होता है। हम इन आदर्शों को अपने में विकसित कर जीवन को सरल सफल एवं मधुर बना सकते है` रामायण सत्संग मंडल की तरफ से सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी विद्यालयों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

सी पी सिंह अनूप डेरी जी मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल अंकुर शर्मा ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आगे ऐसे ही प्रतिभा करते रहे ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परीक्षक मंडल के देव स्वरूप गौतम साहिल चौधरी पवन कुमार पीयूष मिश्रा एवं कुमार शीतल का विशेष योगदान रहा श्री रामायण सत्संग मंडल के कार्यकर्ता बंधु अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता महामंत्री भुवनेश वार्ष्णेय ताराचंद अग्रवाल रामपाल राघव मीडियाप्रभारी अमरनाथ राय सुभाष चंद्र शर्मा भूपेंद्र लोधी नारायण देव मिश्रा पीयूष गोयल

## अभियान चलाकर सकीट में दिलाई गई भाजपा की सदस्यता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

(एटा) सकीट भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू हो चुका है। जिसके क्रम में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जगह-जगह हर बूथों पर जाकर पार्टी की सदस्यता अभियान को गति देने में जुटे हैं। रविवार को नगर के मेंन बाजार में सदस्यता अभियान



चलाकर लोगों को सदस्य बनाया गया।तथा लोगों को भाजपा का सदस्य बनाकर मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी बताया।इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता दिलवाते हुए। युवा भाजपा अमित जैन, पंकज चौहान जिला महामंत्री, राजवीर सिंह शाक्य, उमाशंकर मंडल अध्यक्ष ,अजय गुप्ता,सौरव प्रजापति, राम वर्मा, राजू मौर्या, रामबाबू शर्मा, तरूण चक, बॉबी श्रीवास्तव, ब्रह्मा राठौर, चंदन चक आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक समाज जागरण के तीसरे वर्षगाठ, जो कि 10 अक्टुबर को मनाया जायेगा। हमारे पाठक एव विज्ञापनदातों से अनुरोध है कि संस्था को विज्ञापन देकर संस्थान को मजबूत बनाये रखे मे सहयोग करें। मात्र 500 में 15 सीएम की विज्ञापन

# दो दिवसीय सतत चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा शानदार आगाज

## आज से दो दिन के लिए देश के विख्यात आयुर्वेद चिकित्सक रहेंगे नगर में

**दैनिक समाज जागरण**

बुलंदशहर,,,अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन एवं जनपद आयुर्वेद सम्मेलन के तत्वावधान में दो दिवसीय सतत चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री एवं पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा करेंगे यह बात अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के केन्द्रीय संगठन मंत्री उ.प्र. वैद्य हितेश कौशिक ने पत्रकार वार्ता में कही रविवार को भूड़ चौराहा स्थित होटल ब्रेक पॉइंट पर कार्यक्रम से संबंधित विषय की जानकारी देने के लिए पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें नगर में पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्षारसूत्र चिकित्सा विशेषज्ञ एवं अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अहमदाबाद से डॉक्टर डी के शाह ने बताया कि गुदा रोगों में क्षारसूत्र अत्यंत उपयोगी है जो गुदा रोग ऑपरेशन में भी असफल हो जाते हैं उनमें क्षारसूत्र चिकित्सा से सफलता मिलती है ।अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के केंद्रीय संगठन समिति के अध्यक्ष शिरडी से पधारे हुए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पञ्चकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य रामदास अव्हाड जी ने बताया कि जटिलतम रोग भी आयुर्वेद की पञ्चकर्म चिकित्सा से ठीक हो जाते हैं । जनता दर्द के समय में सोचती है कि आयुर्वेद इलाज में समय लगेगा परन्तु उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में पञ्चकर्म चिकित्सा से तुरन्त लाभ मिलता है ।केंद्रीय संगठन मंत्री वैद्य हितेश कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में सामान्य जनता के लिए दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश के जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे एवं निःशुल्क दवाई वितरित की जाएगी तथा औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी ।इसी अवसर पर उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने देश का प्रकृति परीक्षण के नाम से एक देशव्यापी कार्यक्रम प्रारंभ किया है इसका आगाज जिले के लिए इस कार्यक्रम से होगा जिसमें जाने-माने चिकित्सा विशेषज्ञ लोगों की प्रकृति के बारे में बताएंगे तथा इसके पश्चात उन्हें किस प्रकार से खान-पान रखना चाहिए वह भी जानकारी दी जाएगी इसी के साथ कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा तथा आयुर्वेद की विशेष विधा पंचकर्म ,जिससे जटिल रोगों का समाधान होता है तथा जो रोग दवाओं से एवं शल्य चिकित्सा से भी ठीक नहीं होते उनका भी समाधान अग्निकर्म चिकित्सा से हो जाता है उसका भी लाइव डेमोंसट्रेशन किया जाएगा साथ ही विद्धकर्म तथा कर्ण वेधन का भी लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मिशन के महानिदेशक श्री मानवेन्द्रसिंह जी ,कार्यक्रम अध्यक्ष एनसीआईएसएम के बोर्ड आफ एथिक्स एवं रजिस्ट्रेशन के अध्यक्ष वैद्य राकेश शर्मा जी ,कार्यक्रम में उत्तराखंड आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर अरूण कुमार त्रिपाठी,जेवीएम विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर डॉ कमलेश शर्मा जी, निखिल भारतवर्ष आयुर्वेद विद्यापीठ के अध्यक्ष वैद्य ताराचंद शर्मा ,अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर डी.के.शाह,राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ के गुरु वैद्य रामदास अवहाड, कुरुक्षेत्र आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ अनिल शर्मा उपस्थित रहेंगे ।आयुर्वेद विशेषज्ञों में मुख्य वक्ताओं में एवं अग्निकर्म विशेषज्ञ जालौर से डॉक्टर श्री राम तथा डॉ विनय चौधरी,डॉ वीणा हिमांशु शर्मा, डॉ विनीश गुप्ता ,डॉक्टर अनुमेहा जोशी, डा भूपेश शर्मा एवं डा विष्णु हरित रहेंगे । कार्यक्रम में प्राइम स्पोंसर के रूप में धूतपापेश्वर लिमिटेड तथा मुद्गल आयुर्वेद भवन रहेंगे ।को स्पॉन्सर के रूप में श्री धनवंती हर्बल अमृतसर रहेगी ।इस दौरान दिल्ली से डा साहिल गर्ग, डा विजय डागर,अहमदाबाद से डा प्रवीण एन सुथार एवं डॉ अमोल गर्ग उपस्थित रहे



# भारतीय किसान यूनियन स्वराज की कई गांव की महापंचायत हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

बुलंदशहरः भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिला अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रमुख सचिव अशोक शर्मा के नेतृत्व में जिला बुलंदशहर के गांव भिरौली मैं कई गांव की किसान महापंचायत हुई । जिसमें किसान मजदूर महिला बच्चे हजारों की ताकत में मौजूद रहे । भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जाने माने नेता युवा दिलों की धड़कन गरीबी किसानो के माहिया अशोक शर्मा जिला अध्यक्ष वा राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ने बताया की किसान की बरसात के कारण जो फसल बर्बाद हुई है उसके मुआवजे की मांग को लेकर के तहसीलदार अनूपशहर जहांगीराबाद इंस्पेक्टर को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सोपा। इस मौके पर अविनाश



जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ भिरौली नौशाद भाई अब्दुल भाई शेखर विनोद चौधरी सचिन गुप्ता संदीप गौड़ राम करोड़ी शर्मा नेनुआ भाई शाह आलम डॉक्टर असलम आदि हजारों की तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिन निकलते ही गोलियों की गड़घड़ाहट गुजा बीबी नगर क्षेत्र, तीन घायल, मौके पर भारी पुलिस बल तैनात

बुलंदशहर,,,बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव खरकाली में रास्ते से निकलने पर हुए विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सीओ दिलीप सिंह भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार बीबीनगर थाना क्षेत्र के गांव खरकाली के गौरव पुत्र प्रमोद त्यागी व सौरभ पुत्र प्रमोद त्यागी दोनों भाई ट्रैक्टर ट्राली लेकर धान की फसल भरकर बेचने के लिए मंडी ले जा रहे थे। आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही दूसरे पक्ष के उपेन्द्र पुत्र रौहताश त्यागी ने गांव में ही रास्ते से गुजरने को लेकर विरोध जताते हुए मारपीट कर फायरिंग शुरू कर दी। मारपीट व फायरिंग में गौरव व सौरभ दोनों भाई घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के उपेन्द्र त्यागी पुत्र रौहताश त्यागी ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही एक पक्ष ने घर में घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट में उपेन्द्र भी घायल हो गया। घायल हुए सौरभ और गौरव दोनों भाइयों ने रिटायर्ड फौजी उपेंद्र पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। उपेंद्र रिटायर्ड फौजी है। फिलहाल परिजनों के साथ गांव में ही रहता है। उधर गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। सीओ दिलीप सिंह, थाना प्रभारी संजेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। सीओ दिलीप सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त कर ली गई है।

# संजीव कुमार प्रजापति को प्रांत युवा प्रमुख गोरक्ष विभाग ब्रज प्रांत की जिम्मेदारी

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**




बदायूं। शहर के श्री भोला धाम पर विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष विभाग की ब्रज प्रांत की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सुरेंद्र लांबा केंद्रीय मंत्री देशी गौवंश रक्षण - संवर्धन समिति, अरविंद कुमार - अध्यक्ष देशी गौवंश रक्षण - संवर्धन समिति, अनुज प्रांत मंत्री विहिप, गोपाल पाठक प्रांत प्रमुख गोरक्ष विभाग विहिप, विपिन कुमार - प्रांत मंत्री न्यास, नीरज रस्तोगी जिलाध्यक्ष विहिप एवं अतिथि महेश चंद्र गुप्ता सदर विधायक बदायूं विधानसभा एवं समृतदर्शी सरोज मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बदायूं के उपस्तिथि में संजीव कुमार प्रजापति को प्रांत युवा प्रमुख गोरक्ष विभाग विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत के दायित्व पर नियुक्त किया गया। इनके साथ साथ पंद्रह और लोगो के दायित्वों की घोषणा की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष विभाग के आगामी कार्यकमों पर चर्चा वार्ता हुई एवं गौमाता का रक्षण एवं संवर्धन कैसे हो इस पर मंथन किया गया। बैठक में ब्रज प्रांत के विभिन्न जिलों से आए विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष विभाग दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में नीरज कोचर, रचना शंखधार, नीरज शर्मा, विभू शर्मा, सूर्या शर्मा, अनमोल श्रीवास्तव, पारस अग्रवाल, विशाल श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, निशांत, राहुल प्रजापति, अतुल कश्यप, नन्हे यादव, प्रदीप, मयंक प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# चाकू से हमला कर घायल कर देने वाली पुत्रवधु का पुलिस ने किया चालान

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर। दो दिन पूर्व गांव जलालपुर तुर्क में सास पर अपने दो साथियों के साथ मिलकर चाकु से हमला कर घायल कर देने वाली पुत्रवधु को पुलिस ने गिरफ्तार कर सम्बन्धित धारा में चालान कर दिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जलालपुर तुर्क निवासी मोहित पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सुरभी आए दिन उसके व उसके माता पिता के साथ कहा सुनी व विवाद करती रहती थी। बुधवार की रात्रि करीब एक बजे उसकी माता शोभा देवी घर में अकेली सो रही थी। जबकि वह व उसके पिता गांव में हो रही कबड्डी टूनामेंट देखने गए थे। इसी दौरान उसकी पत्नी सुरभी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस कर जान से मारने की नियत से उसकी माता के सिर, हाथ व सीने पर चाकूओं से वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर पड़ोसियों को आता देख आरोपी मौके से भाग गए। परिजनों ने घायल शोभा को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे बिजनौर रैफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी सुरभि को उसके घर से गिरफ्तार कर तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर संबंधित धारा में चालान कर दिया।

# सांप के काटने से एक सफाई कर्मी की मौत

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

हल्दौर। क्षेत्र के ग्राम मलपुरा में सर्पदंश से एक सफाई कर्मी की मौत हो गई। मृतक सफाई कर्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। गांव मलपुरा निवासी श्रवण कुमार 50 वर्ष नूरपुर ब्लॉक में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। शुक्रवार की रात्रि वह अपने घर में सोया था। किसी समय घर पर ही



उसे जहरीले सांप ने डस लिया। शनिवार को सुबह उसे परिजनों ने उठाने की कोशिश की लेकिन वह अचेत अवस्था में पड़ा रहा। परिजन उसे उपचार के लिए नूरपुर के पास गांव झीरन में ले गए। झाड़फूंक करने वाले ने परिजनों को बताया कि किसी जहरीले सांप के डसने से कई घंटे पहले उनकी मौत हो गई। जिसका कोई उपचार नहीं है। शनिवार को गांव मलपुरा पहुंचे नूरपुर ब्लॉक के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मृतक सफाई कर्मी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । श्रवण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया उधर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# प्रोफेसर रुकैया अंसारी का गर्म जोशी के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ भागूवाला समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय सचिव रुकय्या अंसारी हाजी साजिद के कैंप कार्यालय भागूवाला पर पहुंची जहा समाजवादी के कार्यकरताओ ने उनका जोरदार स्वागत किया और मुबारकबाद दी अंसारी एक लंबे समय से समाज सेवा कर लोगों के दुःख सुख मैं साथ खड़ी रहती हैं इसी मेहनत को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है रुकय्या अंसारी लगातार हाजी साजिद के साथ पी डी ए चौपाल का हिस्सा बनकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही हैं और 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए लगातार जनता के बीच में रहकर उनकी आवाज उठाने का काम कर रही है रुकैया अंसारी ने समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव हाजी मोहम्मद साजिद और वहां मौजूद सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया इस मौके पर समर जहां मोहम्मद नावेद भूरे सिंह भारती डॉक्टर अनवार अहमद हसन पूर्व प्रधान युसूफ हाफिज जी गोविंद सिंह सूफी जी इस्लामुद्दीन करण सिंह आदि मौजूद रहे

# स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन के साथ निकाला पथ संचलन

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला प्रभारी शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में पथ संचलन निकाला गया। हिंदूवादी संगठनों द्वारा नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचालन का स्वागत किया गया। एमडीएस इंटर कॉलेज के प्रांगण में स्वयं सेवक व संघ के कार्यकर्ता मैदान पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने अनुशासन का परिचय देते आरएसएस के संस्थापक केशवराव बलिराम हेडगेवार और भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर और ध्वज वंदन के साथ उन्हें नमन किया गया। पथ संचलन एमडीएस स्कूल से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो को होते हुए एमडीएस स्कूल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। छोटे-छोटे स्वयंसेवक व आर एस एस बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन में बैंड की धुन के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वयंसेवक चल रहे थे, जिसे देखने के लिए सैकडों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। पथ संचलन के समापन पर संघ के पदाधिकारियों ने बौद्धिक विषयों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति काफी गौरवपूर्ण रही है जिसके बारे में हमें अपने बच्चों को जानकारी देनी चाहिए तथा उन्होंने युवाओं को राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति से जोड़ने व संस्कारवान बनने का आह्वान किया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। पथ संचलन में श्रीमान क्रांति विभाग प्रचारक बिजनौर, सुधांशु अग्रवाल कार्यक्रम अध्यक्ष, हेमंत अग्रवाल नगर संचालक, आदित्य अग्रवाल, द्रविड़, बिट्टू भटनागर, विशाल खन्ना, तरुण राजपूत, मलखान सिंह, तरुण अग्रवाल, विवेक शर्मा, अंकित राजपूत, नकुल, आशीष, गौरव, परविंदर, ईशम सिंह, नमन, शोभित आदि रहे।

# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा डांडिया उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

चन्दौसी/संभल। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति चंदौसी (रजि.) द्वारा सांय 5 बजे से रामबाग धाम परिसर में नवरात्र के पावन पर्व पर प्रथम बार मंदिर प्रांगण में वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा डांडिया उत्सव धूमधाम से



मनाया गया। जैसा की माता को प्रिय है डांडिया, उसी के अनुसार उत्थान समिति की महिलाओं ने अपना मन बनाया और माता के प्रांगण में डांडिया उत्सव करने का विचार बनाया। चतुर्थ नवरात्र कुष्मांडा के दिन उत्थान परिवार की महिलाओं ने मिलकर डांडिया का उत्सव किया। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने कहा कि उत्थान समिति ने अहमदाबाद की तर्ज पर नवरात्र में डांडिया उत्सव पर गरबा व नृत्य कर सुंदर प्रस्तुति का आयोजन किया। समिति द्वारा पर्वों पर धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। दुर्गा माता के प्रति प्यार व सदभावना दशार्ने वाले डांडिया महोत्सव से उत्थान परिवार में उमंग व उल्लास है। डांडिया उत्सव में समिति की प्रत्येक महिला ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में वीनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, डॉ. सोनल वार्ष्णेय पूजा वार्ष्णेय, रीना चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय, रागिनी, सीमा, मोनिका, महिमा, अनुराधा, अदिति, चांदनी, बीना, ऋतु, प्रियांशी, सुधा, वर्षा, रचना, श्रुति, दीपमाला, रागिनी, गुंजन, प्रियंका, दिव्या आदि सभी महिलाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# अखिल विश्व में शान्ति एवं मानव जाति के कल्याणार्थ हेतू प्रतिदिन यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

**दैनिक समाज जागरण**



चन्दौसी। शारदीय नवरात्र एवं विजय दशमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मन्दिर समिति द्वारा अखिल विश्व में शान्ति एवं मानव जाति के कल्याणार्थ प्रतिदिन यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ की व्यवस्था मन्दिर के उप प्रबन्धक राजन वार्ष्णेय शक्ति भोग और विमल किशोर योगाचार्य द्वारा पूरी कुशलता और पवित्रता के साथ की जा रही है। माता रानी के भक्त सपत्नीक यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य यजमान वार्ष्णेय टेण्ट एण्ड केटर्स के अरुण कुमार सोनू और उनकी धर्मपत्नी तृप्ति वार्ष्णेय हैं। प्रथम दिन गौरव वार्ष्णेय बालाजी मेडिकल रामबाग रोड चन्दौसी, द्वितीय दिन शरद वार्ष्णेय मोनी हीरा साउंड और तृतीय दिन सह-यजमान शिवम वार्ष्णेय निवासी अक्रूर जी पुरम रामबाग रोड चन्दौसी रहे। आज चतुर्थ दिवस गुलशन कुमार निवासी मौहल्ला मोती चन्दौसी यजमान के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महेन्द्रपाल वार्ष्णेय मैदा वाले, अरविन्द वार्ष्णेय शीरा वाले, डिप्टीशंकर आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# सड़कों की मरम्मत के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति-नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल

* सभासदों ने पालिका अधिशासी अधिकारी के साथ सड़कों का किया स्थलीय निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**



चन्दौसी/संभल। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के दिशा निदेर्शानुसार नगर में सड़क संबंधी समास्यों हेतु नगर चन्दौसी के ब्रह्म बाजार वार्ड-9 में भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्त्ता और सभासदों ने पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर एवं जेई निर्माण के0के0 अग्रवाल के समक्ष सड़क की मरम्मत को लेकर स्थलीय निरीक्षण कराकर असंतोष वक्त किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सड़क की मरम्मत पूर्णतः खानापूर्ति मात्र हैं उक्त ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाए और नगर की सड़को की मरम्मत का कार्य उचित अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न कराया जाए। राज्यमंत्री गुलाबदेवी का स्पष्ट कहना है कि किसी भी हाल में नगरवासियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, कोई भी दिखावटी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से वार्ड सभासद नवकान्त शर्मा एवं भाजपा बूथ अध्यक्ष मयंक चौधरी सहित जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, शुभम अग्रवाल, सभासद तरुण नीरज, सभासद अमन कोली, यश मदान, सभासद लोकेश मौर्य, सभासद सचिन रस्तोगी, सभासद निशांत शर्मा, सभासद प्रतिनिधि उमेश सैनी, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# भाकियू (BRSS) द्वारा संगठन विस्तार पर दिया बल

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।भारतीय किसान यूनियन (BRSS) द्वारा पवांसा ब्लाक के ग्राम - नूरपुर ततारपुर में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के कुशल नेतृत्व में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया ! बैठक में किसानों से जुड़ी समस्याओं का प्रमुखता से समाधान कराने पर बल दिया !



जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने 14 अक्टूबर को ए डी एम कार्यालय परिसर संभल में होने वाली पंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया ! कार्यकारिणी द्वारा संगठन विस्तार में सत्येंद्र यादव को ग्राम अध्यक्ष एवं सोमपाल सिंह यादव को ग्राम संगठन मंत्री नियुक्त किया गया !

बैठक में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल (संत मोर्चा), गंगा नंद गिरी महाराज, वेद प्रकाश यादव,पप्पू यादव, लाल सिंह यादव, बिजेंदर सिंह यादव, शेर सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे !

# मिशन शक्ति फेज 5.0 - साइकिल रैली निकालकर महिलाओं को किया गया जागरूक।

**दैनिक समाज जागरण**




बहजोई/संभल।उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक 06.10.2024 को शारदीय नवरात्र के पर्व पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान "मिशन शक्ति फेज-5.0" के क्रम में जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा क्लेक्ट्रैट बहजोई से महिला पुलिसकर्मियों की मिशन शक्ति साइकिल रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन ह्लशक्ति रैलीह्व को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । साइकिल शक्ति रैली में जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा द्वारा स्वयं प्रतिभाग किया गया। शक्ति रैली क्लेक्ट्रेट बहजोई से लहराबन, मझाबली, आटा, मोलागढ़ होते हुए चन्दौसी थाने पर समाप्त हुई । रैली के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं एवम् आमजनमानस को महिला संबंधी अधिकारों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया एवं महिला सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट किया गया। व रैली समापन के उपरान्त साइकिल रैली में प्रतिभाग करने वाले सभी कर्मचारीगण व अन्य प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र वितरित किये गये । रैली में बहजोई एथलेटिक क्लब व सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल खुर्जा गेट के बच्चों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

मिशन-शक्ति फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों के महिला सुरक्षा बलों मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामो/ कस्बो/ मोहल्लो/ विद्यालयों/ कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला चौपाल आदि लगाकर जागरूक करने के प्रयास के क्रम में महिलाओं/ बच्चों/छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090), 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112), 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), 5. वन स्टाप सेन्टर (181), 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), 8. एम्बुलेन्स सेवा (108), 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

# समाज सेविका सुशीला देवी मेमोरियल प्रथम बालिका आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण**



चन्दौसी। नगर के अनुष्का सेलीब्रेशन हॉल में जिला आर्म रेसलिंग संघ संभल द्वारा समाज सेविका सुशीला देवी मेमोरियल प्रथम बालिका आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया । जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद से लगभग 95 बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर जिला अधिकारी वंदना मिश्रा व चंदौसी नगर पालिका चेयरमैन लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया ।प्रतियोगिता के समापन पर विशिष्ठ अथिति बाल कल्याण समिति की सदस्य नीलम राय व विनीता सिंह ने विजेता खिलाड़ियों मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन भारत विकास परिषद् की सचिव दुर्गा टंडन ने किया। प्रतियोगिता का निर्णय इस प्रकार है। 35 किलो ग्राम भार वर्ग में कंचन भारती ने गोल्ड, डॉली ने सिल्वर व संध्या ने ब्रोंज मैडल जीता। 40 किलो ग्राम भार वर्ग में सालनी यादव ने गोल्ड,आरती ने सिल्वर, मीनाक्षी ने ब्रोंज मैडल जीता। 45 किलो ग्राम भार वर्ग में मुस्कान ने गोल्ड, नेहा ने सिल्वर, व आयुसी ने ब्रोंज मैडल जीता। 50 किलो ग्राम भार वर्ग में काजल ने गोल्ड, ज्योति यादव ने सिल्वर व वैष्णवी ने ब्रोंज मैडल जीता। 55 किलो ग्राम भार वर्ग में अपूर्वी ने गोल्ड, अदिति ने सिल्वर व सुनैना चौहान ने ब्रोंज मैडल जीता। 60 किलो ग्राम भार वर्ग में पुष्पा ने गोल्ड, वैशाली ने सिल्वर व रिया मिश्रा ने ब्रोंज मैडल जीता। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका लव चौधरी व प्रशांत सिंह के द्वारा निभाई गई। इस प्रतियोगिता के मौके पर वेदप्रकास उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, आयुष उपाध्याय, अजय मिश्रा, कपिल गोस्वामी, योगेश माहेश्वरी, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# वायरल वीडियो की जांच पर से कोतवाली पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियो के विरुद्ध अपराध दर्ज

**दैनिक समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर।रविवार को सोशल मीडिया पर ग्राम पसला में मोहम्मद अनवर एवं मो. इस्ताक उर्फ कतन्नी दोनो निवासी वार्ड न. 15 लहसुई थाना कोतमा जिला अनूपपुर के साथ मारपीट का वायरल वीडियो पुलिस को प्राप्त होने पर, कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लिया जाकर वायरल वीडियो की जांच की जाकर प्रार्थी मोहम्मद अनवर पिता मोहम्मद आशिक उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड न. 15 लहसुई थाना कोतमा जिला अनूपपुर की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अजय यादव, रवि चौहान, अमित भदौरिया, रघुवर पटेल, अवधेश, गुडलक, मनीष भदौरिया एवं अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 442/24 धारा 296,115(2),351(3), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम बनाई जाकर कार्रवाई की जा रही है।

# डेंगू के हमले से दहशत में कानपुर, दर्जनों बीमार, अस्पतालों में भीड़

## - 80% मरीजों में शामिल 20 से 50 साल के लोग

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यह महानगर आजकल जानलेवा डेंगू की चपेट में है। रोजाना लगभग 2 से 3 मरीजों में इसकी पुष्टि हो रही है। डॉक्टर के मुताबिक इसके लक्षणों में शरीर में दर्द, जोड़ों में दर्द, कमजोरी, जाड़ा देकर बुखार आना और प्लेट्लेटस का कम होना शामिल है। जिससे लोग दहशत में हैं। जिसकी वजह से लोगों की अस्पताल में भीड़ भी लग रही है। वहीं बचाव के लिए चिकित्सा विभाग की टीम में भी सक्रिय है।

इस बारे में जानकारी देते हुए यहां मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. बीपी प्रियदर्शी ने बताया कि इन दिनों हैलट अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 10 से 15 प्रतिशत मरीज ऐसे आ रहे हैं, जिनमें डेंगू के लक्षण देखने को मिल रहे हैं।

ऐसे में रोजाना करीब 50 से 60 लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इनमें से 2 या 3 लोगों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आ रही हैं। इसके अलावा कुछ मरीज ऐसे भी आ रहे हैं, जिनको बुखार काफी तेज रहता है। ऐसे मरीजों को भर्ती भी करना पड़ा रहा है।

उन्होंने बताया कि जितने भी मरीज आ रहे हैं। उनमें से 80 प्रतिशत मरीजों की उम्र 20 से 50 साल की होती है। डॉक्टर के मुताबिक बाहर रहने वाले लोगों में डेंगू का खतरा ज्यादा होता है। फिलहाल जैसे हालात हैं। उससे लोग डेंगू के को लेकर बहुत दहशत में है। वहीं चिकित्सा विभाग अपने स्तर से उसके नियंत्रण में लगा हुआ है।

# मनुष्य को अपने कर्म से योग और प्राणायाम के माध्यम से ईश्वर की सत्ता के करीब होना चाहिए-श्री विज्ञान देव जी महाराज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**



विहंगम योग के तपस्वी संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज जी का सुबह आगमन सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज गाजीपुर के प्रांगण में आज हुआ। । आज के सत्संग कार्यक्रम में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह उनकी पूज्य माता मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती सावित्री सिंह ने पूज्य संत प्रवर का पांव धोकर तिलक चंदन लगाकर वैदिक रीति रिवाज से माल्यार्पण अंग वस्त्र और फलदान देकर सम्मानित किया ।स्मृति स्वरूप उन्हें स्वर्वेद मंदिर का एक चित्र भी भेंट किया गया ।

पूज्य स्वामी जी ने अपने शिष्य समुदाय को अपनी ज्ञान से संबोधित किया ।

जीवात्मा और परमात्मा के प्रत्येक संबंधों पर विहंगम योग के साथ, भगवान श्री कृष्ण के संदेशों को जोड़ा और कहा कि मनुष्य को अपने कर्म से योग और प्राणायाम के माध्यम से ईश्वर की सत्ता के करीब होना चाहिए।

ईश्वर सदैव सेवा भाव से मनुष्य की रक्षा के लिए लगा हुआ है। उसे परम शक्ति और दिव्य शक्ति से महसूस किया जा सकता है। विश्व का एक बड़ा केंद्र उमरहा में स्वर्वेद मंदिर बनाकर के सभी को अनु पुराणित कर रहा है।

वहीं पर उसे मंदिर के जो सात तल का मंदिर है ,इस ऊंचाई की परम शक्ति के प्रतीक परम पूज्य गुरुदेव विहंगम योग के संस्थापक ऋषि प्रवर पूज्य गुरुदेव सदाफल देव जी महाराज की मूर्ति भी बनेगी जिसको शिष्य समुदाय अपने श्रमदान अपने सहयोग अपने संकल्प से पूरा करेगा। महाराज जी लगभग 22000 किलोमीटर की यात्रा करके आज गाजीपुर पहुंचे ।

इसके पहले कन्याकुमारी सुदूर दक्षिणी प्रांत में दिनांक 7 जुलाई को इन्होंने अपनी भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। लगातार पूरे देश में घूम-घूम कर अखंड भारत की परिकल्पना और मानवता की सेवा के लिए संत प्रवर निरंतर प्रयत्न कर रहे है।

सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेज गाजीपुर के सभी पारिवारिक सदस्य डॉक्टर सानंद सिंह उनकी पूज्य माता श्रीमती सावित्री सिंह, पूर्व कुलपति प्रोफेसर हरिकेश सिंह, महान कवि यशवंत सिंह यश, दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी, प्रमोद सिंह,दिनेश सिंह, अजीत यादव, चंद्रसेन तिवारी, डॉक्टर तेज प्रताप सिंह, डॉक्टर राजकुमार त्यागी ,प्रोफेसर रामचंद्र दुबे, प्रबंधक अखिलेश राय, विवेक सौरभ ,शैलेंद्र सिंह, आदि अनेक सहयोगी गण और परम शिष्य गण पूज्य महाराज जी का सम्मान किये।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक गंभीर, रेफर

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता राजगढ़ (मीरजापुर) :थाना क्षेत्र के इमलिया 84 बाजार में शनिवार की रात लगभग 9:00 बजे अनियंत्रित बाइक सवार पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देख मण्डलीय अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के बघौड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय शिव प्रकाश रात ददरा बाजार स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती अपने रिश्तेदार को भोजन पहुचाकर घर वापस जा रहा था। इमलिया 84 बाजार पहुंचते ही बाइक सवार शिव प्रकाश बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा और पैदल जा रहे लूसा गांव निवासी 46 वर्षीय संजय सिंह को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां शिव प्रकाश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया।

## मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले ने कमल फिटनेस जिम सेंटर का उद्घाटन किया।

ब्यूरो (मीरजापुर ): सक्तेशगढ़ कुठिलवा मोड़ परे रविवार को कमल फिटनेस जिम सेंटर का उद्घाटन मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले उत्तर प्रदेश श्री आशीष पटेल ने फीता काटकर किया उद्घाटन। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अत्याधुनिक उपकरण तथा सुविधाओं से सुसज्जित यह जिम युवाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि उक्त जिम व्यायाम और शरीर के फिटनेस के लिए बेहतर है। मौके प्रदेश उपाध्यक्ष दुखरन सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह , अजय सिंह छोटू पटेल ,प्रदेश सचिव पंचायत मंच राजेंद्र प्रसाद उर्फ टोपी, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल,प्रदेश सचिव सहकारिता मंच अरुणेश सिंह , प्रदेश सचिव किसान मंच गुद्दर पाल, मुन्नर सिंह पटेल,प्रदेश सचिव शिक्षक मंच सुजीत पटेल, अवधेश पटेल, दिलीप सिंह विधानसभा अध्यक्ष गिरीश चंद्र पटेल ,जिला महासचिव युवा मंच हर्षित सिंह एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे



## 10 वर्ष से कोटार मंदिर पर पूजा कर रहे पुजारी का आकस्मिक हुआ निधन

### ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दी समाधि।

संवाददाता हलिया (मीरजापुर):स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित कोटार शिव धाम में 10 वर्ष से पूजा पाठ कर रहे पुजारी की शनिवार को देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया शनिवार की सुबह जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने उनके परिजनों को सूचना देकर बुलवाया तथा जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर समाधि दे कर अंतिम संस्कार किया। प्रयागराज जनपद के आहोपुर बधनी, मेजा निवासी 72 वर्षीय चंद्रबली विगत 10 वर्षों से कोटार नाथ शिव मंदिर पर रहकर पूजा पाठ कर रहे थे कि अचानक बीती रात हृदय गति रुकने से ब्रह्मलीन हो गए सूचना पर पहुंचे परिजन तथा ग्रामीणों ने मंदिर से थोड़ी दूर पर जेसीबी से गड्ढा खोदकर समाधि दे कर अंतिम संस्कार किया।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे 107 का हुए उपचार

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर ): उच्चीकृत प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र के अंतर्गत स्थित नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे कुल 107 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र मतवार मे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ कामेश्वर तिवारी के देख रेख के कुल 31 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वस्थ केंद्र बरौंधा में आयोजित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में डा सुरेश कनौजिया के देखरेख में 36 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र ड्रमंडगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले डा बालकृष्ण के देखरेख में 40 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है इस संबंध मे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार ने बताया नया प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्र ने बताया मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले मे कुल 107 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है इस दौरान बीसीपीइट्टम अनिल कुमार,स्टॉफ नर्स माया, फार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे



## निर्धारित स्थल पर निर्माण न होने से लोगों मे रोष

**दैनिक समाज जागरण।**

संवाददाता। (मीरजापुर ) गैपुरा व जिगना रेलवे स्टेशन के मध्य जासा बघौरा गांव मे रेल लाइन पर भूमिपूजन स्थल से आधा कि मी दूर पैदल पुल बनाए जाने से ग्रामीणो मे रोष है।शनिवार को शाम ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण का चिन्हाकन किया जा रहा था कि सूचना पर पहुंचे ग्रामीणो ने कार्य रोकवाते हुए निर्धारित स्थल पर ही पुल का निर्माण कराने की मांग किया।ग्रामीणो का कहना है कि रेलवे विभाग के पुल संरचना विभाग ने कि मी 758/5/6पर पैदल पुल बनाने की स्वीकृति दी है और उसी जगह 14मार्च को माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने नारियल फोड कर शिलान्यास किया था लेकिन ठेकेदार द्वारा आधा कि मी पूरब तरफ निर्माण करने की तैयारी की जा रही है जहाँ पर एक तरफ रास्ता भी नही है।लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर शिलान्यास हुआ था वहाँ पर दोनो तरफ सड़क है और कई गांव के लोगों का आना जाना है।अशोक मिश्र ,मंगला दुबे,सुरेश पाठक ,महेंद्र शुक्ल, दिनेश तिवारी ,दयाशंकर पांडेय आशुतोष दुबे सहित काफी लोगों ने चेतावनी दिया है कि यदि निर्धारित स्थल पर पुल का निर्माण शुरू नही हो रहा है तो आंदोलन करने को बाध्य होगें।

## विंध्याचल सांस्कृतिक मंच पर कल होने वाले प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम

ब्यूरो (मीरजापुर):

1-सुफिया बेगम मीरजापुर देवीगीत
2-रानी सिंह मीरजापुर देवीगीत
3-विनय कुमार (मधुकर) मीरजापुर देवीगीत,
4-शिव लाल गुप्ता मीरजापुर देवीगीत
5-रेखा रानीध्नितेश गौड़ मीरजापुर देवीगीत
6-पर्णिका श्रीवास्तव लखनऊ कथक नृत्य
7-नृत्यांजलि फाउडेशन लखनऊ रामायाण आधारित लघु नाटिका
8-गजाधर सोनभद्र कर्मा नृत्य

## गड़बड़ा धाम में कुष्मांडा स्वरूप का दर्शन कर भक्त हुए निहाल।

**दैनिक समाज जागरण**

हलिया (मीरजापुर ):स्थानीय विकास खंड के गड़बड़ा शीतला धाम में नवरात्र के चौथे दिन रविवार को भक्तों ने माता कुष्मांडा स्वरूप का दर्शन पूजन कर निहाल हुए। आरती के बाद कपाट खुलते ही भक्त हाथ में नारियल चुनरी और माला फूल प्रसाद लिये हुए कतार बद्ध हो गये गर्भगृह में दर्शन पूजन कर माता के मंदिर के पीछे लिखे गड़बड़ा चालीसा का पाठ किया कुछ भक्त तो मंदिर के बरामदे में दुर्गा सप्तशती का पाठ करने के बाद हवन पूजन कर निहाल हुए। मां के जय कारे से मंदिर परिसर गूंजायमान रहा। यहाँ की मान्यता है कि चेचक जैसे भयावह बीमारी माँ के नाबदान के जल को लेप करने से विना दवा इलाज के ठीक हो जाता है जिससे दूर दराज से आने वाले भक्त शीशी बोतल में नाबदान का जल लेकर घर जाते है। सच्चे मन से दर्शन पूजन करने पर भूत प्रेत बाधा दूर हो जाती है नि : संतान को संतान प्राप्ति भी होती है। जिसके कारण क्षेत्रीय भक्तों के अलावा सोनभद्र, भदोही, मध्यप्रदेश के हनुमान, रीवा, हाटा, लोढी आदि सहित दूर दराज से भक्तों के आने का सिलसिला बना रहा। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद शुक्ला व पुजारी मंगल धारी मिश्रा सीसीटीवी से निगरानी करते हुए बताया कि सुबह से लगभग 30 हजार भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेक कर दर्शन पूजन किया।

## केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया जनसंवाद

### समस्याओं का निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश

ब्यूरो (मीरजापुर): अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रासायन उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जनपद के विभिन्न हिस्सों से आए हुए लोगों ने अपनी सांसद से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से रूबरू कराया। बता दें कि केंद्रीय राज्य मंत्री ने आए हुए सभी जनता जनार्दन की एक-एक समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिया। इस दौरान विद्युत, स्वास्थ्य व सड़क संबंधित विशेष समस्याएं रहीं जिसका निस्तारण किया गया। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।



## मीरजापुर -या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै

**दैनिक समाज जागरण**



संवाददाता (मीरजापुर) नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। वहां निवास कर सकने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। इनके शरीर की कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही दैदीप्यमान हैं। इनके तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में अवस्थित तेज इन्हीं की छाया है। मां की आठ भुजाएं हैं। अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है, इनका वाहन सिंह है। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। इनकी उपासना मनुष्य को सहज भाव से भवसागर से पार उतारने के लिए सर्वाधिक सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। मां कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधियों- व्याधियों से सर्वथा विमुक्त करके उसे सुख, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाने वाली है। विन्ध्य स्थान विन्ध्य नीलयाम विन्ध पर्वत वासिनी, योगनी योगमाया त्वाम चंदिकाम प्राणमाम्यहम" आदि काल से आस्था का केंद्र रहे विन्ध्याचल धाम शक्ति स्वरूपा माता ध्यवासिनी के जयकारे से गुंजायमान है । मूल रूप में विन्ध्य पर्वत व पतित पावनी माँ भागीरथी के संगम तट पर श्रीयंत्र पर विराजमान माँ विंध्यवासिनी को चौथे दिन "कुष्मांडा" के रूप में पूजन व अर्चन किया जाता है । प्रत्येक प्राणी को सदमार्ग पर प्रेरित वाली माँ कुष्मांडा सभी के लिए आराध्य है । माँ सभी भक्तों के मनोकामना को पूरा कर उनके सारे संताप का हरण कर करती है गृहस्थ जीवन में रहकर माता रानी की आराधना करने वाले भक्त को जिस जिस वस्तुओं की जरूरत प्राणी को होता है वह सभी प्रदान करती है । विद्वान आचार्य बताते है कि माँ हल्की सी मुस्कान के साथ सृष्टि की रचना की थीं । भक्तों की समस्त मनोकामना को माँ केवल अपना ध्यान करने से पूरा कर देती हैं -

## शारदीय नवरात्र मेला के तृतीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया शुभारम्भ

ब्यूरो (मीरजापुर):मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में चल रहे शारदीय नवरात्र मेला के दौरान स्थानीय रोजवेज परिसर में उत्तर प्रदेश विन्ध्य तीर्थ विकास परिषद (पर्यटन/संस्कृति विभाग) एवं जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव-2024 के तृतीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मां विन्ध्यवासिनी देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने किया। तत्पश्चात अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के द्वारा मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले दलो के कलाकारो को देवी चित्र, चुनरी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो में लोकगायक पतालू यादव मीरजापुर भजन, लोकगायिका कल्पना गुप्ता व लोकगायक गणेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा लोकगीत, आनन्द देवा मीरजापुर माता अष्टभुजा देवी व विंध्याचल के महिमा आधारित लोकगीत, मीरजापुर की रागिनी चन्द्रा देवी देवी गीत व कजरी गायन की प्रस्तुति कर लोगो को भक्तिमय किया गया। भदोही के रमेश भवरा देवी गीत, लक्ष्मी रागिनी लोकगायन की प्रस्तुति दी गई। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज सौजन्य से आए हरियाणा के कलाकार मनोज जाले एवं दल के द्वारा हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मनोरंजन कराया गया। तत्पश्चात संस्कृति विभाग लखनऊ की कलाकार एवं प्रयागराज निवासी दीप शिखा एवं दल के द्वारा ढेढिया नृत्य प्रस्तुत कर मनोरंजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी उर्फ लल्लू तिवारी, संजय श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर शक्ति प्रताप सिंह के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहें।



## जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में देर रात्रि भ्रमण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए ड्यूटीरत

### जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटो को दिया आवश्यक दिशा निर्देश

ब्यूरो (मीरजापुर): जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन नवरात्र मेला के तीसरे दिन विन्ध्याचल में ड्यूटी में तैनात सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटो के साथ मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यस्थाओं के बारे में जानकारी लेते सम्बन्धित को आवश्यक दिशा



निर्देश दिया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के साथ दिनांक 05 अक्टूबर 2024 की देर रात्रि मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा कालीखोह मन्दिर परिसर में लगाए गए सी0सी0टी0वी0 कैमरे के बारे में जानकारी लेते हुए कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर ड्यूटी में तैनात अधिकारी व पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मां अष्टभुजा मन्दिर, भैरव कुण्ड का भी निरीक्षण किया तथा मन्दिर के पास ही चल रहे निशुल्क भंडारे में पहुंचकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा चन्दिका मन्दिर प रामगया घाट पहुचंकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जिम का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता राजगढ़ (मीरजापुर) :सक्तेशगढ़ कुठिलवा मोड़ पर रविवार को कमल फिटनेस जिम सेंटर का उद्घाटन प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मंत्री आशीष पटेल ने फीता काटकर किया उद्घाटन। इस दौरान कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अत्याधुनिक उपकरण तथा सुविधाओं से सुसज्जित यह जिम युवाओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि उक्त जिम व्यायाम और शरीर के फिटनेस के लिए बेहतर है। यह अनेक सुविधाओं से सुसज्जित है। जहां पर महिलाएं पुरुष आकर अपना जिम में फिटनेस सही कर सकती हैं। पहाड़ी और पठारी क्षेत्र होने के कारण जिम की सुविधा होने से युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही जिम में शारीरिक क्षमता का भी विकास बढ़ेगा। इस मौके प्रदेश उपाध्यक्ष दुखरन सिंह,पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह , अजय सिंह छोटू पटेल ,प्रदेश सचिव पंचायत मंच राजेंद्र प्रसाद उर्फ टोपी, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल,प्रदेश सचिव सहकारिता मंच अरुणेश सिंह , गुद्दर पाल, मुन्नर सिंह पटेल,प्रदेश सचिव शिक्षक मंच सुजीत पटेल, अवधेश पटेल, दिलीप सिंह,हर्षित सिंह एवं भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहें।



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने जिम का किया उद्घाटन

## निजी अस्पताल के झोलाछाप पर गलत तरीके से इलाज का पति ने लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर): हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी विजय कुमार पुत्र सूर्य लाल ने क्षेत्र के महुअट बेलन बरौंधा स्थित एक निजी अस्पताल के झोलाछाप पर साठ हजार रूपए लेने के बाद भी पत्नी का गलत तरीके से इलाज करने का आरोप लगाते हुए रविवार को हलिया थाने में झोलाछाप के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीते पांच सितंबर को पत्नी रंजना का इलाज कराने महुअट बेलन बरौंधा स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए ले गया बीते आठ सितंबर को झोलाछाप ने इलाज के लिए मुझसे साठ हजार रूपए लेने के बाद पत्नी हालत बिगड़ने पर अस्पताल से बाहर निकालते हुए जवाब दे दिया। पत्नी की हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए वाराणसी ले गया । जहां अनुभवी चिकित्सक ने बताया कि गलत तरीके से इलाज होने के कारण पत्नी की हालत बिगड़ी। आपरेशन व डायलिसिस के बाद पत्नी की जान बची।विजय कुमार ने साठ हजार रूपए लेने के बावजूद पत्नी का गलत तरीके से इलाज करने वाले झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है ताकि अन्य मरीजों के जीवन से खिलवाड़ नही हो सके।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले कि जांच पड़ताल कर कार्रवाई किया जायेगा

## विंध्यवासिनी मंदिर पर अपना ड्यूटी स्थल छोड़ जूता पहन कर चढने पर सहायक विकास अधिकारी कृषि निलंबित

ब्यूरो (मीरजापुर): शारदीय नवरात्र मेला के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रतीक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सिटी के द्वारा विंध्यवासिनी मंदिर पर अपने मूल ड्यूटी स्थल को छोड़कर अपने जानने वालों को दर्शन करवाने मंदिर गए थे। उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट मंदिर परिसर में जूता पहनकर जाने एवम अपना ड्यूटी स्थल छोड़कर जाने की घटना का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की जांच आख्या पर उक्त सेक्टर में सेक्टर मजिस्ट्रेट को तत्कालीन प्रभाव से उपनिदेशक कृषि विकेश पटेल के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

## खेती की जमीन, घर, लाखों की मदद.....

अमेठी मर्डर केस के पीड़ित दलित परिवार की मदद के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोई कसर नहीं छोड़ा है. पीड़ित परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया और अब उस ओर कदम भी बढ़ाने लगे हैं.

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अमेठी हत्याकांड के पीड़ित परिवार के सदस्यों की मदद का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं. अमेठी में हुए हत्याकांड को लेकर सीएम योगी की सरकार ने एक फैसला किया है. दरअसल, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पीड़ित के परिजनों को पांच लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी. इसके अलावा अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न के मुआवजे के तौर पर 33 लाख की मदद भी सरकार द्वारा देने का फैसला किया गया है. मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एक घर और 1.1 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि का पट्टा भी सरकार पीड़ित परिवार के परिजनों को देगी.



### CM योगी ने 'X' पर दी जानकारी

बता दें कि शनिवार को सीएम योगी ने पीड़ित परिजनों की हरसंभव मदद की बात कही थी जिसके बारे में खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एकाउंट के माध्यम से दी थी. सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के सरकारी आवास पर शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और फिर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा था-ह्यआज लखनऊ सरकारी आवास पर ऊंचाहार विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री मनोज पांडेय जी की मौजूदगी में अमेठी जिले में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिजनों से भेंट की. यूपी सरकार पूरी संवेदना व प्रतिबद्धता से शोक संतप्त परिजनों के साथ है. सीएम योगी ने अपने पोस्ट में कहा कि आश्वस्त रहें, पीड़ितों को अवश्य न्याय मिलेगा, दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ आरोपी चंदन

चंदन वर्मा ने सरकारी स्कूल के शिक्षक सुनील कुमार, उनकी पत्नी पूनम और उनकी बेटियों की हत्या कर दी. बीते 3 अक्टूबर को सभी गोली मारकर हत्या करने के बाद हड़कंप मच गया. मामले के आरोपी चंदन को पुलिस ने शुक्रवार को दिल्ली भागते समय नोएडा के जेवर टोल से धर दबोचा. गिरफ्तार होने के बाद चंदन नें पुलिस पूछताछ में अपना गुनाह कुबूल कर लिया.

### लखनऊ में लगा 4 कि.मी. तक लंबा भीषण जाम

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से चरमराई हुई ट्रैफिक व्यवस्था की वीडियो सामने आ रही है. जो अब सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रही है. वीडियो फन मॉल से समता मूलक चौराहे की बताई जा रही है. जहां बहुत लंबा भीषण जाम लगा हुआ है. सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि इतने लंबे और भीषण जान के बाद भी मौके पर से पुलिस नदारद दिखाई दी. जाम की लंबाई 4 किलोमीटर तक बताई जा रही है. इस कारण से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पहले भी लखनऊ से ऐसी वीडियो सामने आती रही हैं. लेकिन इस दिक्कत का अब तक कोई हल निकलता नहीं दिखाई दे रहा है.

## रात दिन चल रही कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ।

### २4 टीमों ने किया प्रतिभाग।

संवाददाता हलिया (मीरजापुर ):स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित हनुमान मंदिर के पास विशाल कबड्डी युवा संगठन हलिया के तत्वावधान में शनिवार को रात दिन चल रही कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने फीता काटकर कबड्डी का मैच का उद्घाटन किया प्रथम दिन 24 टीमों ने नामांकन कराया है। जिसमें उसरी पांडेय की टीम ने नादौली को हराया, बघयी लालगंज की टीम ने हलिया ए को हराया, समहुती ने भटवारी को हराया, नदगहना ने टोकवा की टीम को हराया, भौरहवा ने भटवारी ए को हराया है। कबड्डी के आयोजक अलीम खान तथा मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ,मोबीन खान, निरादर सिंह ,आजम खान आदि लोग रहे। जिला कबड्डी उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार दुबे व बुधीराम पाल ने कबड्डी का संचालन किया स्कोर के रूप में उमाशंकर रहे।

## आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान समारोह का हुआ आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता हलिया (मीरजापुर ): स्थानीय ब्लॉक सभागार में आकांक्षी ब्लॉक में संपूर्णता अभियान का रविवार को समापन समारोह आयोजित किया गया




। जिसमें सौ प्रतिशत कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि विकास खंड को आकांक्षी ब्लॉक होने के कारण स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, कृषि विभाग तथा शिक्षा विभाग से सौ प्रतिशत कार्य अपूर्णता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया है । इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया, अंकित शुक्ला, गौरव ,अनिल सिंह, सत्येंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ईंट कारखाना से साउण्ड बाक्स की चोरी

**दैनिक समाज जागरण**

संवाददाता (मीरजापुर ) जिगना थाना क्षेत्र के एक गांव मे ईंट कारखाना से गायब साउण्ड बाक्स की चोरी के आरोप मे जिगना पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार कर उसके पास से साउण्ड बाक्स बरामद कर रविवार को चालान किया है।प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा शनिवार को साउंड बाक्स चोरी होने की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराया था नामजद आरोपी के पास से साउंड बाक्स बरामद होने पर आरोपी नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजने के लिए किशोर बोर्ड न्यायालय भेजा गया है।

# नए कपड़े पाकर खिल उठे ग्रामीण और सफाईकर्मियों के चेहरे

### दुर्गा पूजा के अवसर पर वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी की दिखी अनोखी पहल

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 06 अक्टूबर 2024:- युवाओं की ऊर्जावान समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने दुर्गा पूजा को देखते हुए खुशियां बांटने के उद्देश्य से शहर से 41 किलोमीटर दूर बोराम प्रखंड के लायलाम क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के बीच नए कपड़े का वितरण और खाने की सामग्री का वितरण किया ।टीम ने छोटे छोटे बच्चो को कपड़े और बुजुर्गो को साड़ी दिया,नए कपड़े दिया जिसे पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे । साथ ही शहर में घूम घूम कर सफाईकर्मियों को भी संस्था के सदस्यों ने साड़ी और स्नैक्स का वितरण कर उन्हें त्योहार की बधाई दी । संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने बताया कि टीम हर साल,हर पर्व को वैसे लोगों के साथ मनाती है जो आज भी त्योहारों में किसी कोने में उम्मीदों के आस में जी रहे होते है ।संस्था का उद्देश्य हर त्योहार में लोगों के साथ खुशियां बांटना है । कार्यक्रम में मौजूद हरि सिंह राजपूत,मनीष प्रसाद,रंजन सिंह ,अंकित श्रीवास्तव,चंदन सिंह,मोहित सिंह,आशीष सिंह,अभिषेक,उपेंद्र,विकास,क्रांति पटेल, महेश्वर,रौशन, बिवास, राहुल ,बबलू, आलोक व अन्य शामिल थे।

# चांडिल में एचएलएम ट्रॉफी सीजन - 3 रंगारंग आगाज के साथ हुआ शुरू

### आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल ने केक काटकर मैदान में मनाया जन्मदिन

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल : रविवार को चांडिल प्रखंड अंतर्गत धातकीडीह में विशाल फुटबॉल प्रतियोगिता एच एल एम ट्रॉफी सीजन - 3 का आयोजन रंगारंग आगाज के साथ हुआ। जन सेवा ही लक्ष्य के संस्थापक सह समाजसेवी हरेलाल महतो के जन्मदिन के अवसर पर यह भव्य आयोजन किया गया है। इस अवसर पर धातकीडीह फुटबॉल मैदान में समाजसेवी हरेलाल महतो का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इसके बाद दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। पद्मश्री एवं द्रोणाचार्य से सम्मानित नेशनल आर्चरी कोच पूर्णिमा महतो फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उनके साथ विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में डायन कुप्रथा के खिलाफ संघर्ष करने वाली पद्मश्री छूटनी महतो, विशिष्ट अतिथि महंत विद्यानंद सरस्वती, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू के केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, सुशेन महतो, चांडिल के अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन शाम को रंगारंग कार्यक्रम प्रसिद्ध स्थानीय गायक कुंदन कुमार की टीम द्वारा मानभूम गीत तथा नृत्य की प्रस्तुत किया गया। गायक कुंदन कुमार के साथ गायिका कनिका कर्मकार, मानभूम कलाकार शैलेंद्र व रितु मुख्य रूप से प्रस्तुति दी। दो दिवसीय एच एल एम ट्रॉफी में कुल 16 टीम भाग लिया। 6 अक्टूबर को 8 टीमों के बीच मुकाबला हुआ और 7 अक्टूबर को शेष 8 टीम का मैच होगा। विजेता टीम को जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से दो लाख ( 2,00,000), उपविजेता को डेढ़ लाख (1,50,000) की राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम को एक - एक लाख रुपये की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट खिलाड़ी तथा बेस्ट गोलकीपर को साइकिल दी जाएगी।

**समापन समारोह में रक्तदान शिविर**

7 अक्टूबर को एच एल एम ट्रॉफी का समापन समारोह होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इसके अलावा विशिष्ट तथा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो आदि शामिल होंगे। इन्हीं अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। 7 अक्टूबर को फुटबॉल मैदान पर ही रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। ब्रम्हानंद हृदयालय ब्लड बैंक, तमोलिया के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा। रक्तदाताओं को जन सेवा ही लक्ष्य की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

**ईचागढ़ विस वासियों को एक एम्बुलेंस समर्पित किया जायेगा**

एच एल एम ट्रॉफी सीजन - 3 का समापन समारोह में जनसेवा ही लक्ष्य के संस्थापक सह आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो द्वारा ईचागढ़ विधान सभा वासियों को एक एम्बुलेंस समर्पित किया जायेगा। इसे लेकर हरेलाल महतो द्वारा ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के मरीजों की सेवा के लिए पांच एम्बुलेंस दिया गया।

# नीमडीह के झिमड़ी गांव में भाजपा नेता विनोद राय के प्रयासों से 500 मीटर कच्ची सड़क का निर्माण

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**





ईचागढ़ - सरायकेला-खरसवाँ जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी गांव में कृष्णा महतो के घर से कामदेव प्रमाणिक के घर तक लगभग 500 मीटर की कच्ची सड़क, जो तलाबनुमा गड्ढों से भरी हुई थी, भाजपा नेता सह युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राय के व्यक्तिगत प्रयासों से मुरूम, मिट्टी, गिट्टी और राबिस डालकर बनवाई गई। इस सड़क के खराब हालत के कारण सैकड़ों लोगों के लिए आवागमन बेहद कठिन हो गया था, खासकर स्कूली बच्चों की वैन इस सड़क पर प्रवेश नहीं कर पा रही थी। गांव के लोगों ने भी इस निर्माण कार्य में श्रमदान कर महत्वपूर्ण योगदान दिया। गांववासियों का कहना है कि इस सड़क में इतने गहरे गड्ढे थे कि बच्चों के लिए स्कूल जाना मुश्किल हो गया था और गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई थी। विनोद राय के प्रयासों से अब इस सड़क पर आसानी से आवागमन हो सकेगा और स्कूली बच्चों को भी सुविधा प्राप्त होगी। यह कार्य ग्रामीणों के सहयोग और भाजपा नेता विनोद राय के प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप संभव हो पाया है। इस सड़क के बनने से अब सैकड़ों ग्रामीणों को राहत मिली है और उनका दैनिक जीवन सामान्य हो सकेगा। मौके पे आनंद प्रामाणिक, बलराम महतो, उत्तम प्रमाणिक, दीपक महतो, बासुदेव महतो, सरूप महतो एवं गणेश महतो आदि उपस्थित रहे।

# नीमडीह मे 2 करोड़ 65 लाख कि लागत से बनने वाले सड़क का विधायक ने किया शीलान्यास

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी पथ से चिंगरा तक निर्माण होने वाले 3.20 किमी सड़क का शीलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। शीलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए



विधायक सविता महतो ने कहा कि हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी पथ से चिंगरा तक निर्माण होने वाले 3.20 किमी सड़क का निर्माण 265.253 लाख रुपये कि लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी। विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। शीलान्यास मे झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, विश्वनाथ गोप, हरेकृष्ण सिंग सरदार, हरिपोदो महतो, टिंकू महतो, यदुपति महतो समेत काफी संख्या मे ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुखराम हेम्ब्रम ने दर्जनों गांवो में चलाया जनसंपर्क अभियान

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता**



चांडिल :स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेम्ब्रम ने रविवार को मातकमडीह पंचायत के सुदूरवर्ती गांव रेयारदा बारसिड़ा लापाईबेड़ा गुटिउली ढेबरागोड़ा कादलाकोचा धबातंबा चुटियाखाल केन्दुआटांड़ नूतनडीह आदि गांवों हेंब्रम ने हजारों समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। सुखराम हेम्ब्रम द्वारा गांव गांव चलाए जा जनसंपर्क अभियान में प्रतिदिन हजारों लोग जुड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव में ईचागढ़ को बाहरियों से मुक्ति करने का समय आ गया है। जनसंपर्क अभियान के दौरान सुखराम हेम्ब्रम ने लोगों की जनसमस्याओं को सुना ओर हर संभव समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों सुखराम हेम्ब्रम को बताया कि 40 सालों से मातकमडीह पंचायत का हर एक गांव में समस्याओ का अंबार पड़ा है।आज तक ना इस क्षेत्र में बिजली, स्वस्थ, शुद्ध पेयजल की घोर कमी है। ग्रामीण आज भी नहर का पानी पीने को मजबूर हैं। सुखराम हेंब्रम ने आश्वस्त किया जल्द ही समस्या का समाधान होगा। उन्होने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से विचार-विमर्श किया गया जिसमें अपार जनसमर्थन मिला। इस मौके पर मातकमडीह पंचायत मुखिया सुखलाल मुर्मू, डोमन बास्के ग्राम प्रधान गोंदराम सिंह मुंडा,सागु मुंडा, जगदीश मुंडा, भद्रु गोप,गुरुवा सिंह सरदार, लाल मोहन गोराई लालसिंह मुंडा, बुद्धेश्वर टुडू, राजाराम हेम्ब्रम, महेश्वर माडी , प्रकाश माडी , हाड़ीराम सोरेन , मोहम्मद मुर्तजा , महेंद्र माडी ,भास्कर टुडू आदि एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जमशेदपुर जिला प्रशासन दुर्गा पूजा और त्योहारों को लेकर अलर्ट मोड पर

**दैनिक समाज जागरण 6.10.2024 (ब्यूरोचीफ) चांद कुमार लायेक पूर्वीसिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर मे त्योहारों के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है, जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार को पीसीआर परिसर मे टाइगर मोबाइल, टैंगो एवं पीसीआर जवानों से संवाद किया तथा उन्हें कई दिशा निर्देश दिए, उन्होने तमाम स्थलों मे बराबर गस्ती एवं विधि वयवस्था को दुरुस्त रखने का दिशा निर्देश दिया, साथ ही निर्देश दिया की किसी तरह की कोताही होने पर करवाई भी होगी, मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा की सभी को निर्देश दिया गया है की कोई भी एक स्थान पर ना रुके बल्कि लगातार गतिशील रहे ताकि पूजा मे आम नागरिकों को कोई असुविधा ना हो साथ ही रैश ड्राइविंग के मामले मे कहा की वैसे स्पॉट को चयनित किया गया है जहां रैश ड्राइविंग होती है, और वहां विशेष ट्रैफिक विभाग की विशेष जाँच दल मौजूद रहेगी जो रैश ड्राइविंग करने वालों पर त्वरित करवाई करेगी और उनके वाहन भी सीज की जाएगी. और वैसे लोगों को चिन्हित कर सख्त सख्त कार्रवाई भी की जायेगी।

# सिलवार जगन्नाथ धाम मंदिर में 100 कवि का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन पूर्व मुखिया महेंद्र प्रजापति ने किया

**मिंटू कुमार संवादाता दैनिक समाज जागरण सदर प्रखंड**

हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत सिलवार जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर में लगभग 15 दिन से पूरा मंदिर परिसर अंधेरे में था इसकी सूचना सिलवार कला के पूर्व मुखिया महेंद्र राम प्रजापति को हुआ । तो उनके पहल से तत्काल 100 कवि का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। आज दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर महेंद्र राम प्रजापति ने विधि विधवा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया ।महेंद्र राम प्रजापति के पहल से पूरे जगन्नाथ धाम मंदिर परिसर में विद्युत व्यवस्था जैसे लटका हुआ तार को टाइट किया गया । एवं आवश्यकता अनुसार पॉल का व्यवस्था किया गया । मौके पर दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद ,उपाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद, सचिन ओमप्रकाश देव कोषाध्यक्ष, भुवनेश्वर पासवान, भीम यादव, मनोज प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, मनोहर मेहता, केदारनाथ राम, महावीर प्रसाद, रामवृक्ष प्रसाद वासुदेव प्रसा,द मुकेश यादव इत्याद

# हजारीबाग झील की सफाई में लापरवाही

### कांग्रेस ने किया जल सत्याग्रह का किया ऐलान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग झील में सफाई की अनदेखी के कारण बढ़ते प्रदूषण और जनस्वास्थ्य की चिंताओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के राज्य समन्वयक (ओबीसी विभाग) सुरजीत नागवाला ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखते हुए झील में फैली गंदगी और प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। पत्र में सुरजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के झील हजारीबाग के हृदय स्थली कही जाती है, लोग यहां अपने परिजनों को घूमने के लिए लाते हैं, और लोग नरकीय स्थिति का सामना करते हैं ।शहर के बीचो-बीच का एकमात्र सुंदर स्थल झील है जो जिला प्रशासन के उदासीनता के कारण बेहाल हो गया है।हजारीबाग झील में प्रदूषण के चलते पानी दूषित हो गया है और आसपास के क्षेत्रों में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। लोगों को बदबूदार हवा और संक्रमित जल की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। यहां तक की झील के आसपास शहर के सभी बड़े विभाग के अधिकारियों का भी बांग्ला है, लेकिन उसके बावजूद लोग गंदगी में रहने को मजबूर हैं। यहां तक कि झील में मछलियां भी मरने लगी हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह मुद्दा पूर्व में जिला प्रशासन के ध्यान में लाया गया था, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। जनता के बीच बढ़ते असंतोष को देखते हुए कांग्रेस ने 7 अक्टूबर 2024 को सुबह 9 बजे हजारीबाग झील में जल सत्याग्रह करने का ऐलान किया है। सुरजीत नागवाला ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से उचित कदम उठाने और झील की सफाई के लिए जरूरी कार्रवाई करने की मांग की है, और कहां है कि हजारीबाग के जिला अधिकारी भाजपा की मानसिकता से बाहर निकले। यहां हेमंत सोरेन की सरकार है ,जन समस्याओं के प्रति लोगों को गंभीर दिखना होगा और नहीं तो उन पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# पुलिस ने शराबी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) 6 सितंबर 2024 नबीनगर थाना पुलिस ने नशे की हालत मे एक शराबी को गिरफ्तार किया है ।गश्ती के दौरान पीएसआई सुचित्रा कुमारी एवम सशस्त्र बल ने नगर पंचायत क्षेत्र के जनकपुर पोखरा से नशे की हालत में सुरेंद्र राम पिता मुनीराम को गिरफ्तार की है। मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति को मेडिकल जांच मे शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नबीनगर थाना क्षेत्र से दो वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार ) 6 सितंबर 2024 नबीनगर थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए पीएसआई सुधीर कुमार एवम सशस्त्र बल ने थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज गांव से रामब्रिक्ष राम पिता स्वर्गीय



नथुनी राम को उसके घर से गिरफ्तार किया है ।इधर नगर पंचायत क्षेत्र के बसन बीघा से कारवाई करते हुए एस आई संजय कुमार एवम पुलिस टीम ने मुन्ना यादव पिता उमेश यादव को उसके घर से गिरफ्तार किये। मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उक्त दोनों अभियुक्तों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था गिरफ्तारी के डर से दोनो फरार चल रहे थे गुप्त सूचना पर दोनो को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है।

# नबीनगर मे राष्ट्रीय एमड़ीएम रसोइया महासंघ की बैठक आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर( बिहार) 6 सितंबर 2024 बीआरसी नबीनगर के परिसर स्थित राजकीय मध्य विधालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एमडीएम रसोइया महासंघ की बैठक आयोजित की गयी ।बैठक की अध्यक्षा समिति अध्यक्ष रमेश कुमार ने किया। इस बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद किया। संगठन के अध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि रसोईया अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं। अपनी नियुक्ति को स्थाई करने के साथ ये अन्य सरकारी कर्मियों के तरह समान सुविधा की मांग भी कर रही हैं ।पांच माह से लंबित भुगतान को अविलंब सभी रसोइया के खाते में भेजने, 12 माह काम के बदले मात्र 10 माह का मानदेय भुगतान किए जाने की अनुचित व्यवस्था बंद करने, सरकारी कर्मियों के समान पेंशन व ग्रेच्युटी देने की बात कही। 1650 के बदले 16000 हजार मानदेय करने की मांग की ।वही विधालय के हेड मास्टर पर आरोप लगाया की विधालय के हेड मास्टर सफाई करने को लेकर रसोइया पर दबाव बनाते है कार्य नही करने पर निकालने की धमकी देते है। वही बताया की 5 माह से मानदेय नही मिलने से भुखमरी की स्तिथी बनी हुई है। वही मानदेय बढाने समेत अन्य सभी सुविधा मुहैया कराने की मांग भी की गई। कार्यकाल के दौरान रसोईया का निधन होने पर पांच लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। मौके पर संजू कुमारी, जयमाला कुमारी ,बिंदा देवी ,मीरा देवी, विमली देवी, संगीता देवी सहित दर्जनों रसोईया मौजूद थी।

# दो कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार ) 6 सितंबर 2024 नबीनगर प्रखंड मे अलग अलग थाना क्षेत्रों से दो कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर पुलीस ने जेल भेज दिया है। प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के गमीडीह गांव निवासी ललन पासवान को थाना क्षेत्र के भंडारी गांव से टंडवा थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद द्वारा गिरफ्तार किया गया है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त अभियुक्त पर कोर्ट से कुर्की वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।इधर माली थाना क्षेत्र के बेनी गांव निवासी कुर्की जप्ती वारंटी मनदीप राम को पीएसआई गोपाल कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया है ।माली थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पर कोर्ट से कुर्की वारंट निर्गत था जिसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# हाई वोल्टेज बिधुत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक कि मौत, डेढ़ दर्जन घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड अंतर्गत करकट बिगहा गांव स्थित देवी मंदिर में रविवार को भजन कीर्तन कर रहे डेढ़ दर्जन से अधिक लोग बिजली के हाई वोल्टेज धारा की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही एक कि मौत घटनास्थल पर ही हो गया। जबकि आधा दर्जन लोगों को गम्भीर स्थिति में इलाज के लिए पटना स्थित एम्स अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज थाना सह अनुमंडल क्षेत्र के करकट बिगहा गांव में देवी मंदिर के पास से हाई वोल्टेज बिजली की तार गुजरती है। उसी मंदिर में रविवार को ग्रामीण महिलाओं की कीर्तन मंडली शिवचर्चा को लेकर गायन वादन कर रही थी। उसी दौरान गांव के ही एक बच्चा 12 वर्षीय विष्णु कुमार खम्भे पर खींची गई हाई वोल्टेज प्रवाहित बिजली की तार की चपेट में आ गया। जिसके शरीर से होकर प्रवाहित बिजली धारा मंदिर में लगाई गई लोहे की रेलिंग में प्रवाहित होने लगी। जिससे रेलिंग में सटकर बैठी डेढ़ दर्जन लोग बिजली धारा की चपेट में आ गया। जिससे गांव के ही शिव कुमार दास की 50 वर्षीय पत्नी सुमिच देवी की मौत हो गयी। वही गांव के ही 6 वर्षीय जानकी कुमार, 38 वर्षीय फूल कुमारी देवी, 45 वर्षीय प्रेंमा देवी, 55 वर्षीय गायत्री देवी, 50 वर्षीय लीलावती देवी, 55 वर्षीय प्रेमशिला देवी, 46 वर्षीय अमरावती देवी, 60 वर्षीय मानती देवी, 35 वर्षीय सुनैना देवी, 12 वर्षीय विष्णु कुमार, 40 वर्षीय संजू देवी व मुन्ना देवी सहित डेढ़ दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसमें से एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल तथा पीएचसी लाया गया। वही छह घायलों की गम्भीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद पटना एम्स अस्पताल भेज दिया। वही अन्य छह लोगों का इलाज पालीगंज अस्पताल में चल रही है। जबकि पांच लोगों का इलाज गांव के ही निजी अस्पताल में कराई गई। वही ग्रामीणों ने बिजली बिभाग के कर्मचारियों तथा पदाधिकारियों के पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि मंदिर के पास बिजली के खम्भे पर उच्च धारा प्रवाह के लिए तार खींची गई है। जिससे चाहे बच्चा हो या जवान सभी लोग मंदिर से स्पर्श कर सकता है लेकिन बिभाग के अधिकारी या कर्मचारी ध्यान नही देते है। जिसका खामियाजा आज ग्रामीणों को भुगतना पड़ा है। वही बिधुत कर्मियों का कहना है कि यह घटना बच्चे की लापरवाही से घटी है। जबकि घटना के बाद से बिजली बिभाग के खिलाफ ग्रामीणों के बीच काफी आक्रोश है।

# आराजकता 1 : कबाड़ कारोबार, बड्डे का बड़ा नेटवर्क, परेशान आमजन

## विभिन्न थानों में दर्ज कई मुकदमे, रासुका कार्यवाही की अटकी फाइल

**समाज जागरण एस पांडे**

शहडोल। शहडोल जिले में कबाड़, कोल माफियाओं के सिंडिकेट की सेंधमारी के लिए प्रदेश में प्रख्यात है यहां पटवारी से लेकर पुलिस कर्मी अपनी जाम तक गवा चुके है एएसआई महेंद्र बागरी ही हुई हत्या इस बात का प्रमाणित उदाहरण है, यहाँ गुलाबी नोट की चमक के आगे, किसी की नहीं चलती भले ही बेकसूर इंसानी जान इनका निशाना बनते रहे, जिले में एक खास बात और है की इस जिले में किसी भी व्हीबीआईपी अथवा माफियाओ से जुड़े मामले में पुलिस एवं जिला प्रशासन बदस्तूर मामले को ले देकर दबाने वाली टेक्निक में भरोसा रखता है। जबकि इस प्रकार की घटनाएं अमूमन 3 थानो में देखने को मिलती है जिसमें तो अब काबिल अधिकारी मौजूद भी है जिसमें तेजतर्रार माने जाने वाले अमलाई थाना प्रभारी, धनपुरी थाना प्रभारी, संजय जायसवाल के बाद पदस्थापना हुई एवं बुढ़ार प्रभारी राजेशचंद मिश्रा जिन्होंने अपनी कार्यशैली का लोहा मनवा। जिले में ही लगभग सभी थानों की जिम्मेदारी संभाल चुके है लेकिन सवाल इस बात का है जो कबाड़ी हालही में पुलिस की कार्यवाही से दशहतजदा थे कि जिला छोड़ छोड़ कर दूसरे जिलों में पनाह ढूंढ रहे थे अब वोही पुराने चोरकट, तडिपार ही पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं इसको जिले के आला



अधिकारियों को समझना होगा।

**प्रोटेक्ट करेगा बड्डे..**

दरअसल दो जून की रोटी की खातिर एवं आकाओं का टास्क पूरा करने कालरी के अंदर बेशकीमती कलपुर्जों समेत एल्यूमीनियम, तांबा, पीतल और लोहा कबाड़ के ठीहे तक पहुंचाने लगे लोगो का आका बड्डे जो बुढ़ार का कबाड़ कारोबारी है इस पर जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमे पंजीबद्ध है, सूत्रों की माने तो संभाग स्तर पर कबाड़ कारोबारी बड्डे का अपना अलग नेटवर्क है, जिले भर से तमाम कबाड़ कारोबारी स्क्रैप बुढ़ार के ठीहे बेचने आते है, और बड्डे सभी कबाड़ कारोबारी को बाकायदा प्रशासनिक प्रोटेक्शन देने का दम्भ भरता है, हालॉकि पुलिस प्रशासन का अपना अलग ही तर्क है।

**नामी बदमाश लेकिन जद से बाहर..**

इस तरह की कबाड़ कोल माफियाओं की बंद खदानों में सेंधमारी सीएस आईएफ या पुलिस प्रशासन कभी कर पाएगा बड़ा सवाल है। मीडिया में वायरल कोल माफियाओं के सिंडिकेट की खबरों को प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए एसआईटी गठित किए जाने की बात कही है। यह जांच के हाथ क्या आता है निकट भविष्य में तय होगा लेकिन एक साथ चार लोगो की मौत के बावजूद बुढ़ार के प्रख्यात कबाड़ी सुमंत जैन उर्फ बड्डे जैन पर पुलिस हाथ डालने से परहेज कर रही है।

**अपराध दर अपराध इजाफा..**

**दो जून की रोटी और बेरोजगारी आदमी से क्या ना करा लें इस बात का फायदा माफियाओं को उठाने में जरा भी देर नहीं लगती है बीते वर्ष बंद खदान से निकली अर्थी को देखकर यह अंदाजा तो सभी ने लगाया लिया है कि अब शहडोल जिले में कबाड़, कोल माफियाओं का नेटवर्क एक बड़ा सिंडिकेट का रूप धारण कर चुका जिनकी सेंधमारी अक्सर आम लोगो के लिए जानलेवा साबित होती है....**

गौरतलब होकि इस कबाड़ कारोबारी पर 2019 से खैरहा थाना पुलिस में दर्ज मुकदमे का खाता बदस्तूर 2022 तक अनवरत जारी है जाने किस बात का संरक्षण दिया जा रहा है इसने इलाके के बेरोजगारो की बड़ी फौज तैयार कर ली है और उन सभी को दो जून की रोटी दिखाते हुए कबाड़ ठीहे पर कालरी के बेशकीमती कलपुर्जों की तस्करी करवाता है इस कुख्यात कबाड़ चोर पर रासुका की कार्यवाही भी लंबित है यद्यपि पहले इस पर शिकंजा कस गया होता तो हौसले इतने बुलंद नहीं होते। बहरहाल प्रशासन को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। ऐसा हुआ क्यों है इसके पीछे की वजह क्या है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन आयोजित परीक्षा मे बरगवां निवासी अनुरोध मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बने भारतीय रेल सेवा के अटए ( राजपत्रित अधिकारी )

बरगवां अमलाई। नगर परिषद निवासी अनुरोध मिश्रा के भारतीय रेल सेवा के अटए ( राजपत्रित अधिकारी ) बनने पर पूरे नगर सहित संभाग में हर्ष का माहौल है।दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन मे आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर समूचे क्षेत्र को अनुरोध ने गौरान्वित किया है। अनुरोध मिश्रा( हिम्मी ) जो कि रामलखन मिश्रा ( प्रधानाध्यापक ) के पुत्र एवं सी. के. बिरला ग्रुप के



ओरिएण्ट पेपर मिल मे सहायक प्रबंधक ( विद्युत ) के पद पर कार्यरत आशिर्वाद मिश्रा के अनुज है जो वर्तमान मे भारतीय रेल के बिलासपुर जोन मे सेफ्टी कॉउंसलर के प्रतिष्ठित पद पर कार्यरत है, उनका चयन भारतीय रेल के दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन मे आयोजित परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर भारतीय रेल सेवा के अटए (राजपत्रित अधिकारी) पर हो गया है। उनके सफलता पर सभी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गुस्ताखी माफ : कैसा साफ, आइए आधुनिक स्प्रेड को आपका इंतजार..

## धूमधाम से मनाया स्वच्छता, पर कलेक्ट्रेट परिसर ही बदबू से सराबोर

## स्वच्छ भारत अभियान ने कलेक्ट्रेट में दम तोड़ा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । भारत का स्वच्छ भारत अभियान और कलेक्टर उमरिया का हालही में छात्रावासो में फैली गंदगी और अव्यवस्था पर फटाकर लगाना पड़ा है जिसके बाद हरकत में आया अमला दलबल के साथ निरीक्षण किया और दनदना फैसला करते हुए कही ताले तुड़वाए तो कहीं गाजर घास और सड़क निर्माण में खर्च करो निर्देशित किया लेकिन शुक्रवार को एक आम नागरिक ने कलेक्टर कार्यालय का भ्रमण कर लिया इस भ्रमण में कोई दल बल नहीं था, ना ही शासन की जेब का कोई टीएडीए लेकिन जनता के निरीक्षण में कलेक्टर कार्यालय ही गंदगी से सराबोर नजर आया सड़ांध मारती बदबू मानों कलेक्टर कार्यालय में स्वागत वंदन करती है और बगैर आधुनिक युग का दुर्गंध युक्त स्प्रेड का मजा लिए लोगों को कलेक्ट्रेट में दाखिल होना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। आम नागरिक के साथ घर में कामकाजी महिला स्कूल के विद्यार्थी भी थी उसने जो दो टूक कहा गुजरते पत्रकार साथी ने सुन लिया फिर क्या था इस बात से एक बात तो किलियर है कि साफ सफाई का ढिंढोरा पीटने वाले लोगो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान की हवा निकालने में लगे है हालांकि साफ सफाई स्वच्छता अभियान गांधी की देन थी उनकी विरासत खादी, चश्मा, लाठी सब धीरे धीरे अधिग्रहीत कर लिया गया। बहरहाल उमरिया कलेक्ट्रेट ही गंदगी बदबू से सराबोर जैसे कि दिया तले अंधेरा रहता ही है इसके मायने वर्तमान समय में तलाशने होंगे।

गौरतलब हो कि कलेक्टर कार्यालय में बदबूदार माहौल शौचालय की बद से बद्तर स्थिति में आखिर सुधार होने से कलेक्टर कार्यालय में कामकाजी महिलाओं एवं पुरुषों को बेहतर माहौल न मिले और बेबस कर्मियों की हालत बंधुआ मजदूर सरिके होए जा रही है। कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ पुरुष कर्मचारी, अधिकारियों को तो दिवाल पोथकर क्रांति लिखते हुए देखा होगा लेकिन कलेक्ट्रेट परिसर में नारी शक्ति महिला कर्मचारी की बेबसी का अंदाजा जिले की प्रख्यात संवेदनशील महिला कलेक्टर वंदना वैध को गर नहीं है तो सवाल हम पूछगे ही। मैडम कभी देखा अधिनस्थ कर्मियों का शौचालय बेबसी पर जुबान पर ताला जड़ा हुआ है लेकिन बदबू तो घूमघूम कर चिंघाड़ मर रही है।

# कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र का किया निरीक्षण

शहडोल। कलेक्टर डा. केदार सिंह ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के कृषि विज्ञान केंद्र में बनाए गए नर्सरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टमाटर के पौधे, अरहर व हल्दी के पौधे का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारियां प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि आर पी झारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मनोज टीवीएस मे नवरात्र पर्व पर वाहनों में छूट, आकर्षक उपहार

**समाज जागरण एस पांडे**

शहडोल। दो पहिया वाहन शोरुम मनोज टीवीएस में शक्ति उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र पर्व पर नगद छूट के साथ विशेष उपहार प्रदान किए जाएंगे। नवरात्र पर्व को लेकर मनोज टीवीएस शोरूम पूरी तरह से तैयार है,नवरात्र पर्व पर टीवीएस गाड़ियों की खरीदी पर 1500 रुपये का नगद छूट के साथ एक आकर्षक गिफ्ट हैम्पर भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा हर ग्राहक को साथ में एक स्क्रैच कार्ड मिलेगा जिसमें ढेरो ईनाम पाने का अवसर मिलेगा। जिसमें फ्रिज,वॉशिंग मशीन,कलर छएऊ ळश, म्यूज़िक सिस्टम, माइक्रोवेव ओवेन, मोबाइल फोन,लेमन सेट, बाउल सेट,हाथ घड़ी डिनर सेट,इलेक्ट्रिक प्रेस, इलेक्ट्रिक कैटल, प्रेसर कुकर,व अन्य ढेरों ईनाम रहेंगे।शोरुम में भीड़ से बचने के लिए एडवांस बुकिंग भी की जा रही हैं। उपभोक्ता 1001 रुपए में गाड़ी की बुकिंग कर सकते हैं। और साथ ही बुकिंग पर एक आकर्षक गिफ़्ट मिलेगा।

मनोज टीवीएस शोरूम में शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर ईनामी व उपहार योजना के लिए गाड़ी की बुकिंग की जा रही हैं। शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने बताया कि नवरात्र पर्व पर टीवीएस कंपनी की कोई भी गाड़ियां क्रय करने वाले ग्राहकों को 1500 रूपए की नगद छूट के साथ एक आकर्षक गिफ्ट हैम्पर दिया जाएगा।इसके अलावा अन्य लाभ भी दिए जा रहे हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि स्क्रैच कार्ड में ढेरो उपहार पाने के साथ अन्य छूट भी ग्राहकों को मिलेंगे।

टीवीएस मोटर कंपनी के मेंन डीलर मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर राजेश गुप्ता,मनोज गुप्ता एवं योगेश गुप्ता ने बताया कि शारदेय नवरात्र पर्व पर नगद छूट, स्क्रैच कार्ड में ढेरो उपहार, आकर्षक गिफ्ट हैम्पर के साथ ही कम डाउन पेमेंट,आकर्षक फाइनेंस की सुविधा कम डॉक्यूमेंट में स्कीम के साथ कई प्रकार के लाभ ग्राहकों को दिए जाएंगे। टीवीएस शोरूम में कंपनी के सभी नए उत्पाद,नए मॉडल की ज्यूपिटर, अपाचे, राइडर, रेडान,स्टारसिटी प्लस, स्टार स्पोर्टस, एक्स-एल 100 के साथ अब इलेक्ट्रिक आई क्यूब के सभी नए मॉडल-कलर्स की गाड़ियों की विशाल श्रृंखला उपलब्ध है। हमारे यहाँ प्रशिक्षित स्टॉफ व मैकेनिक से बेहतर सर्विस सुविधा हमेशा उपलब्ध रहती है शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने शारदेय नवरात्र पर्व के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए नगद छूट व आकर्षक गिफ्ट हैम्पर के साथ उपहार योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# रात्रि 10.30 बजे तक ही होगा गरबा का आयोजन कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**समाज जागरण**

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने नवरात्र एवं दीपावली के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आदेश करते हुए कहा है कि अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) एवं थाना प्रभारी संयुक्त रूप से दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापना स्थल को चिन्हांकित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा पुलिस थाना में पृथक से दुर्गा स्थापना समिति के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन कर उन्हे सुरक्षा संबंधी एवं अन्य आवश्यक कार्यवाहियों के संबंध में निर्देश जारी करें।दुर्गा प्रतिमा स्थापना समिति की ओर से दो वालंटियर अनिवार्य रूप से रात्रि में स्थापना स्थल पर नियुक्त किये जायें, जो रात्रि में सजग रहे, पंडाल में अग्निशमन यंत्र रखा जाये, दुर्गा प्रतिमा स्थापना हेतु अनिवार्य रूप से अस्थायी विद्युत कनेक्शन समिति द्वारा प्राप्त कर लिया जाये, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर अनिवार्य रूप से विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, गरबा पंडालों हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त की जाये तथा रात्रि 10.30 बजे तक ही गरबा आयोजन किया जाये । जारी पत्र में कहा गया है कि जिला सेनानी, होमगार्ड, शहडोल द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के निर्धारित स्थलों पर अनिवार्य रूप से गोताखोर मय सुरक्षा उपकरणों के नियुक्त किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों का पालन करना सुनिश्चित किया जाये, दीपावली त्यौहार के दौरान बाणगंगा मेला मैदान में सभी दुकानदारों को निर्देश दिया जाता है कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक उपाय करने जैसे अग्निशामक यंत्र, सीज फायर, रेत की बाल्टियां, पानी आदि हमेशा दुकान के आस पास पर्याप्त मात्रा में रखा जाये।

# अंजू बंसल को मिल रहा लाड़ली बहना योजना का लाभ

**समाज जागरण**

शहडोल । संभागीय मुख्यालय शहडोल के सोहागपुर निवासी श्रीमती अंजू बंसल को लाडली बहना योजना का लाभ विगत एक वर्षों से मिल रहा है। कभी आर्थिक अभाव में गुजर बसर करने वाली अंजू बंसल लाड़ली बहना योजना के प्रदाय की जा रही राशि से बहुत प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बहनों को ध्यान रखकर खाते में जो लाड़ली बहना योजना के तहत राशि प्रदाय निरंतर किये जा रहें यह अभिनव पहल है। उन्होंने कहा कि हमें लाडली बहना योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि से हम अपने बच्चों की फीस, किताबें, खाने की चींजे जैसी अन्य छोटी-छोटी जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर रहें है इसके लिए मै मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को तहेदिल से धन्यवाद देती हूं।

ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत प्रति माह 1250 रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर 5 कर्मचारी सम्मानित

**समाज जागरण**

शहडोल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देश को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में शहडोल जिले में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया जिसमे जनप्रतिनिधियो, अधिकारियों, अन्य लोंगो ने बढ़-चढकर सहभागिता निभाई। शहडोल जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 5 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्तरीय स्वच्छता उत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। जिन कर्मचारियों को सम्मनित किया गया उनमें ब्यौहारी के ग्राम पंचायत साखी के ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी, ग्राम पंचायत कुदरी के सिथिलेष गुप्ता, ग्रा पंचायत चुहिरी के आदित्य तिवारी, नंद कुमार यादव, दिनेश प्रसाद मिश्र के नाम शामिल है। गौरतलब है कि उक्त कर्मचारी स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों का जागरूक करना, साफ-सफाई कार्य में श्रमदान जैसे अन्य कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया।

# भंडारा खाने वालों को अपशब्द लिखना शाबिर अली को पड़ा भारी

## धार्मिक भावना भड़काने की हुई शिकायत पुलिस ने दर्ज किया अपराध,न्यायालय ने भेजा जेल

कोतमा। सोंशल मीडिया में चल रहे जलेबी के ट्रेंड को लेकर कई तरह की पोस्ट सोंशल मीडिया में वायरल हो रही है। जिसको लेकर शनिवार की रांत कोतमा नगर का माहौल गर्म हो गया। दरअसल शाबिर अली निवासी कोतमा द्वारा भंडारा खाने वालों को अपशब्द लिखना भाजपा नेताओं व कार्यकताओं व हिंदुत्ववादी लोगो को नागवार गुजरा। जिंसमे धार्मिक आयोजनों के भंडारा खाने वालों को अपशब्द लिखने की शिकायत को लेकर कई हिन्दू नेता कोतमा थाने पहुंचे व शाबिर अली के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने की लिखित शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग किये। नवरात्रि के समय धर्मविरोधी पोस्ट को लेकर तत्काल हरकत में आई कोतमा पुलिस ने मामले को संभालने व ला एंड ऑर्डर बिगड़ने से रोकने की पहल करते हुए रांत में ही शाबिर अली को पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने ले आये। व थाने पहुंचे



शिकायतकताओं को उचित कार्यवाही का भरोसा दिए। उक्त शिकायत पर कोतमा पुलिस ने उक्त शिकायत पर धारा 170, 126, 135, 3 का मामला दर्ज कर रविवार को तहसीलदार ईश्वर प्रधान के समक्ष न्यायालय में पेश किए जहाँ से जेल वारंट बनाकर जिला जेल भेज दिया गया।

**क्या है मामला।**

दरअसल कॉन्ग्रेस समर्थक गोहन्द्रा पूर्व उप सरपंच मंनोज बर्मन ने फेसबुक सोंशल मीडिया में एक पोस्ट डाले थे। जिसका मजनून यह था कि जो कभी तेल,कढ़ाई,सिरा के अलावा कुछ चीज देखा ही न हो। ऐसे अज्ञानी लोगो को जलेबी बनने की और विधि मालूम ही नहीं है। ऐसे अज्ञानी लोग पहले भी रहे है। आज भी है। और युगों तक रहेंगे। ऐसे अज्ञानियो को धन्यवाद उस पोस्ट में शाबिर अली ने कमेंट्स करते हुए भोज भंडारा में भरपेट ठूंस कर खाने के बाद भी जलेबी चुराकर झोले व लोटे में भरकर ले जाते है वो भी आज जलेबी पर ज्ञान बांट रहे हैं। यह लिखना जर्नलिस्ट यूनियन के पूर्व पदाधिकारी रह चुके शाबिर अली को भारी पड़ गया। व उन्हें जेल की हवा खानी पड़ गयी। बहरहाल जनचर्चा है कि शाबिर अली कॉन्ग्रेस नेता है जो पत्रकारिता की आड़ में कॉन्ग्रेस का समर्थन करते हुए आये दिन प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टारगेट कर अक्सर सोंशल मीडिया में पोस्ट व कमेंट्स करते रहते है। जिस कारण विवादित पत्रकार होने के कारण उन्हें संगठन के पद से भी पूर्व में हटाया जा चुका है। अक्सर विवादित पोस्ट को लेकर भाजपा समर्थकों में नाराजगी रहती है। वही शाबिर अली द्वारा भोज भंडारा खाने वालों को अपशब्द लिखना उनके लिए नुकसानदायक साबित हो गया।

**क्या हुई शिकायत**

कोतमा थाने पहुंचे भाजपा कार्यकताओं व हिंदुत्व वादी कार्यकर्ताओ ने शाबिर अली द्वारा आपत्तिजनक कमेन्ट की शिकायत करते हुए यह बात कहे कि दिनांक 08/10/24 दिन शनिवार को रात्रि समय 10:30 पर मनोष वर्मन के व्दारा सोसल मीडिया (फेसबुक) में एक पोष्ट किया गया था जिस पर साबिर बली के द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व में भंडारे प्रसाद को लेकर आपत्तिजनक एवं गाली लिखकर धार्मिक भावना को आहत करने का दुष्कृत्य किया गया है जिसके कारण सभी सनातन धर्म के

अनुयायी काफी आक्रोषित एवं दुःखित हैं। साबिर अली के व्दारा लगातार फेसबुक में आपत्तिजनक पोस्ट व कमेण्ट किया जाता है जिसपर प्रशासन से सज्ञान लेकर ठोस कार्यवाही की अपेक्षा है।

**इनका कहना है।**

सोंशल मीडिया में भंडारा भोज को लेकर अपशब्द लिखने व धार्मिक भावना भड़काने की शिकायत हुई थी। जिसपर मामला दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जहाँ से जेआर आदेश पर जिला जेल भेजा गया है।

# कार्यवाही : अब अपील भी हुई निरस्त, भूमाफिया पर कसेगा शिकंजा.. ?

## पूर्व में 2 हेक्टर से अधिक कब्जाई शासकीय भूमि से किया बेदखल

**समाज जागरण**

शहडोल। मध्यप्रदेश सरकार की पहल से राजस्व मामले के त्वरित निपटारे के लिए 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया, इस अभियान के तहत खसरे में सुधार तथा नक्शा तरमीम के सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। दरअसल राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करना तथा नक्शे पर तरमीम करना है। अभियान के दौरान नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के सभी आवेदनों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अभियान के दौरान प्रतिदिन की प्रगति का प्रतिवेदन अनिवार्य किया गया। इसी क्रम लंबित गीता सिह परिहार की शिकायत एवं जाँच के आधार पर अभिषेक मिश्रा पिता स्व. श्रीनारायण मिश्रा पुरानी बस्ती निवासी का लम्बे समय से विवादित प्रकरण क्रमांक 0029 / अ 68 / 2023 -2024 का पारित आदेश की धारा 52 के तहत अपील प्रस्तुत की गई थी, जिस पर विधिवत सुनवाई करते हुए 18 जनवरी का प्रस्तुत अपील 13 मई 2024 को खारिज कर दी गई है ।

# नाराजगी : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को लगा बड़ा झटका

## विधानसभा प्रत्याशी सहित दो दर्जन से अधिक का इस्तीफा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। आदिवासी बाहुल्य इलाके में भाजपा कांग्रेस को टक्कर देने वाली एकलौती गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की शहडोल को एक बड़ा झटका लगा है, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जयसिंहनगर ब्लॉक से लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा पदाधिकारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र सौंपते हुए बताया है कि शहडोल के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता जी के द्वारा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी से लगातार शोषण एवं प्रताड़ित किए जाने को लेकर शहडोल जिला के अंतर्गत जयसिंहनगर ब्लॉक के तमाम गोगपा सदस्य पदाधिकारी परेशान है और उनके तानाशाही रवैया से परेशान होकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के युवा मोर्चा जिला महासचिव सहित कई पदाधिकारी ने इस्तीफा देने का निर्णय किया है।

गौरतलब होकि यह निर्णय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के ब्योहरी विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी पुरुषोत्तम सिंह मरावी एवं जयसिंहनगर के गिरीजन सिंह मरावी, हीरालाल सिंह, बब्बन सिंह मार्को, राकेश सिंह परस्ते, अमृत लाल उइके सहित दो दर्जन लोगों ने पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया है हम आपको बता दें पुरुषोत्तम मरावी के नेतृत्व में लड़ा जाने वाला चुनाव में 40000 से भी अधिक जनता का प्राप्त मतों से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने तीसरे मोर्चे पर जगह बनाई, आगामी समय चुनाव में तीसरे मोर्चे के रूप में सबसे मजबूत गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उभर के देखी जा रही थी लेकिन इस फैसले से कहीं ना कहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है

# रेत कंपनी के गुंडों ने दो निहत्थे लोगों को बेरहमी से पीटा रेत ठेकेदार एसोसिएट कामर्स के गुर्गों ने की मारपीट

## वीडियो हुआ वायरल पीडित पर ही गम्भीर मुकदमा कायम कोतवाली की कार्यवाही पर उठे सवाल

अनूपपुर। कोतवाली थानांतर्गत पसला रेत भंडारण के स्थान पर 15 से अधिक लोगो ने लाठी डंडे और प्लास्टिक पाइप से दो लोगो को बुरी तरह से पीटाई की। मारपीट कर रहे लोग रेत ठेकेदार के गुर्गे बताये जा रहे हैं मामले का एक वीडियो भी वायरल है। घटना 19 सितम्बर का बताया जा रहा है। रेत ठेकेदार एसोसिएट कामर्स के गुर्गों पर अभी तक कोई मामला पंजीबद्ध नही हुआ हैं। बताया जाता है कि इसके पहले भी पीड़ित युवक की माँ और पत्नी के साथ इन्ही गुर्गो से विवाद हुआ था. कोतमा थाने में पीड़ित युवक की माँ और पत्नी ने एसोसिएट कामर्स के मैनेजर और उनके आदमियों की शिकायत भी की थी. कुछ दिन बाद मामले में समझौता हो गया था.समझोते के बाद पीड़ित युवक पर ही पुलिस ने एक मामला दर्ज कर जेल भेज दिया था. जेल से छूटने के बाद रेत ठेकेदार के गुर्गों ने पीड़ित युवकों को अनूपपुर न्यायालय में पेसी से लौटते समय नेशनल हाइवे 43 में रोक कर पसला रेत भंडारण ले गए और वहाँ करीब 15 लोगों ने पीड़ित युवक और उसके एक अन्य साथी पर हमला कर दिया मारपीट की।



**कोतवाली पुलिस के रवैय्या पर सवालिया निशान**

पीड़ित युवक मो. इस्ताक और उसके साथी अनवर की माने तो घटना दिनांक 9 सितम्बर को किसी तरीके से बचकर थाने पहुचे तो कोतवाली पुलिस ने उन्हे भगा दिया और उनकी शिकायत पर रेत ठेकेदार एसोसिएट कॉमर्स के गुर्गो पर कार्यवाही नही की और बाद में आरोपियों के शिकायत पर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 119(1), 115(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। और पीड़ित युवक का साथी मोहम्मद अनवर को जेल भेज दिया गया पीड़ित युवक मो इस्ताक फरार है। पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस पर घटना को एक पक्षीय देखने का आरोप लगाये जा रहे है।

पीडित इस्तियाक उर्फ कतन्नी और अनवर का कहना है

पुलिस थाना अनूपपुर द्वारा दबाव में आकर झूठे, मनगढंत तथ्यों के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। मेरे द्वारा कोई अपराध नहीं किया गया है, बल्कि मैं अनूपपुर न्यायालय में अपनी पेशी करके अपने घर कोतमा लौट रहा था तभी, ग्राम पसला नेशनल हाईवे में रेता ठेकेदारों का भण्डारण है, वहां पर मुझको जबरदस्ती रोक कर मारपीट किये एवं मेरे साथी को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले गये और मेरे और मेरे साथी के विरूद्ध पुलिस के साथ मिलकर एक झूठा अपराध कायम करा दिये है। अभियुक्त रेता ठेकेदारों के विरूद्ध कोतमा में शिकायत किया था, तब पूर्व में भी इनके द्वारा राजीनामा किया गया था और दोनों पक्षों के बीच प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई थी। दिनांक 19.09.2024 को न्यायालय के समक्ष पेशी पर आया हुआ था। घर लौटते समय ग्राम पसला में मेरे साथ मारपीट किए है और धनबल के कारण मेरे विरूद्ध एक झूठा आपराधिक मामला दर्ज करा दिये है। मैं अपने घर का एकमात्र मजदूरी करने वाला व्यक्ति हूं । मेरे घर पर आर्थिक संकट हैं ।

**इस्तियाक पर है कई अपराधिक मामले**

वायरल वीडियों के बारे में जब मीडिया द्वारा पुलिस से बात की गई तो पुलिस का एक हास्यास्पद बयान सामने आया कि इस्तियाक पर कई अपराधिक मामले दर्ज है वह अपराधिक किस्म का व्यक्ति है परंतु इस मामले में बताया जाता है कि इस्ताक के ऊपर दर्ज अधिकांश मामले रेत चोरी और रेत ठेकेदार के गुर्गो के साथ विवाद के है और इन्ही अपराधिक रिकॉर्ड के बदौलत पुलिस इन्हे बड़ा अपराधी बताने का काम कर रही है। पीडित की माने तो जब भी वह रेत ठेकेदार का विरोध करता है,तो उसके विरूद्ध झूठा मामला रंजिशनवश बनाया जाता है।

**सत्ता और समाज के बीच समन्वय असंतुलन का परिणाम है ये मामला**

दरअसल जिले की 18 स्थान रेत उठाव के लिये चिन्हित हैं.इनके लिये अनुबंध एसोसियेट कंपनी के पास है.दरसअल घाटो से रेत की चोरी होती है और चोरी रोकने के लिए रेत ठेकेदार ने कुछ गुंडे नियुक्त कर रखे हैं यूं कहें कि यही गुंडों से रेत चोरी रोकने का काम करवाते हैं इसी क्रम में रेत ठेकेदार ने ग्वालियर, मुरैना, इलाहाबाद और किसी शहर से कर्मियों को काम पर लगा रखा है, ये कौन लोग हैं क्या सभ्रांत नागरिक है बहार से आए हुए एन लठैतो का पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है क्या और नहीं तो क्यों नहीं किया गया।मारपीट का वीडियो वायरल करने की मनसिकता को समझने की जरूरत है. मारपीट का वीडियो वायरल करने का मकसद डर पैदा करना है.जिन लोगो या सत्ता प्रतिष्ठान ने यह समझ लिया की यह मामला यूं ही दब जाएगा उनको समझने मे भारी चूक हो गई है. आज का अपना समाज व्यापक और संवेदनशील है.आज का युवा समर्पित और जानकार है लोकतंत्र की सभी संस्थाएं नीति-अनीति बताने की आयोजन हैं अंत में इस पूरे मामले में यह पंक्तिया सटीक बैठती है।

**खौफ का मंजर दिखा कर जान खुद की तौलता क्या**
**रौब मे ये आदमी तो सच को भी.... हैं रौंदता क्या**

इस प्रकरण को खास बनाम आम बनाने की जिस तरह की कोशिश हुई है वह बेहद गंभीर हैं।पुलिस के लिए अनूपपुर के आम जन मानस की सुरक्षा मायने नही रखती यह वीडियो यही साबित करता है पुलिस आम जन की सेवा के लिए है या माफियायों के संरक्षण के लिए जवाब तो कप्तान साहब देना होगा ,अनूपपुर एक शांति प्रिय जिला है और इस तरह से बाहर के लोग यहाँ आ कर अशांति का वातावरण पैदा करें ये किसी तरह बर्दास्त योग्य नही है

इनका कहना है

वायरल वीडियों को संज्ञान में लेकर आज ही संदिग्धो के खिलाफ आज ही मुकदमा कायम करवा रहे है।

**मोहम्मद इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

# 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव थीमेंटिक प्रतियोगिता विज्ञान मेला कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**रोहतास ब्यूरो, दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतस**

निदेशक, संस्कृति कार्य, कला संस्कृति व युवा विभाग पटना, बिहार और जिला प्रशासन,रोहतास,नेहरु युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में 28 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 2024-25 के अंतर्गत थीमेंटिक प्रतियोगिता विज्ञान मेला का आयोजन रविवार की जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देशन में शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज सासाराम में किया गया।




जिसका विषय इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी निर्धारित किया गया था। विज्ञान मेला का उद्घाटन जिला अपर समाहर्ता सह-अपर- जिला दंडाधिकारी चंद्रशेखर प्रसाद सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके हुआ। विज्ञान मेले उद्घाटन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम ,जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ,जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, करहगर, नेहरू युवा केंद्र के युवा पदाधिकारी, शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी प्रधानाचार्य व अन्य सहायक प्रोफेसर मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में रोहतास जिला के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय,महाविद्यालय व अन्य संस्थानों से बच्चे अपने-अपने प्रोजेक्ट इनोवेशन इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के थीम के साथ विज्ञान मेला प्रतियोगिता में उपस्थित हुए। सभी प्रोजेक्ट को जिला स्तरीय पदाधिकारी व इंजीनियरिंग कॉलेज के सहायक प्रोफेसर के स्तर से क्रमवार निरीक्षण व भविष्य में विज्ञान से संबंधित विकास को लेकर प्रत्येक प्रोजेक्ट के महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। विज्ञान मेला के थीमेटिक प्रतियोगिता में सासाराम के डीएवी स्कूल को प्रथम स्थान, संत पॉल स्कूल को द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। उपस्थित अन्य प्रतिभागियों को भी जिला कला संस्कृति पदाधिकारी पंकज कुमार द्वारा सम्मानित करते हुए आयोजन का समापन किया गया।

# पुलिस प्रशासन ने किया पूजा पंडालों का निरक्षण

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण संझौली रोहतास**

दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को बीडीओ प्रभा कुमारी ने बीसीओ मनोज कुमार व एसआई मुकेश कुमार के साथ पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने संझौली शिव सरोवर स्थित पूजा पंडाल, संझौली मुख्य बाजार स्थित माँ काली मंदिर पूजा पंडाल व न्यू एरिया स्थित पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने पूजा समिति के अध्यक्षों व सचिवों को निर्देश दिया कि सुरक्षा के दृष्टि से बिजली की शॉर्ट सर्किट रोकने के लिए पूजा पंडालों में सुरक्षा के सभी उपाय करेंगे। साथ ही बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम रखेंगे। दुर्गा पूजा के दौरान होने वाली भीड़ को देखते हुए पूजा कमेटी अपने स्तर से वालंटियर तैनात रखेंगे। ताकि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। पूजा कमेटी के लोग प्रशासन को सहयोग करेंगे, ताकि प्रखंड में दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण भक्ति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जा सके। पूजा पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाने व सभी गतिविधि को कैमरा में कैद करने का निर्देश दिया। कहीं से किसी प्रकार की सूचना मिले तो उस सूचना को संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को देंगे।



# पुलिस ने 21 लीटर शराब व एक बाइक को किया बरामद, कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कछवां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसांव नहर पुल के समीप से एक बाइक और 21 लीटर देसी शराब बरामद किया है। लेकिन कारोबारी पुलिस को देख भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ओसांव नहर के रास्ते से होकर एक कारोबारी शराब की खेप को लेकर आ रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए उक्त चिन्हित स्थल की ओर कुच कर गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को देख कारोबारी शराब व बाइक को छोड़कर फरार हो गया। उक्त स्थल से पुलिस ने एक बाइक और 21 लीटर देशी शराब बरामद कर लिया। कहा कि उक्त मामले की जांच पुलिस कर रही है।



# एसबीआई बिक्रमगंज शाखा से साइबर क्राइम से एक लाख से अधिक की लूट

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

भारतीय स्टेट बैंक बिक्रमगंज की शाखा से एक ग्राहक के अकाउंट से साइबर क्राइम द्वारा एक लाख 23 हजार 6 सौ 46 रुपए की लूट का मामला प्रकाश में आया है। खाताधारक काराकाट थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अखिलेश चौधरी की पत्नी कंचन देवी ने घटना की सूचना साइबर क्राइम ब्रांच में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि उनके अकाउंट नंबर 31083514577 से 17 बार में यूपीआई द्वारा इस राशि की निकासी की गई है। 17 किस्तों में नेट बैंकिंग धारक बिक्रमगंज की आरती कुमारी के नाम पर संचालित पेटीएम पर राशि को ट्रांसफर किया गया है। पीड़िता ने बताया कि मेरे व पति के नाम पर संयुक्त खाता एसबीआई बिक्रमगंज की शाखा में संचालित है। खाता से टैग मेरा मोबाइल नंबर अचानक 22 नवंबर को बंद हो गया था। जिसे 29 नवंबर को चालू कराया गया। अकाउंट का बैलेंस जानने के लिए एसबीआई के टोल फ्री नंबर पर फोन करने पर पता चला कि 24 नवंबर से लेकर 27 नवंबर के बीच मेरे अकाउंट से 17 बार यूपीआई द्वारा निकासी की गई है। आए दिन हो रहे साइबर क्राइम से नेट बैंकिंग धारकों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हो रहा है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी: एसडीओ

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अधिष्ठापन का कार्य मिशन मोड में कराया जा रहा है तथा यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री जी की एक महत्वाकांक्षी योजना है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की स्मार्ट मीटर द्वारा डाटा स्वतः ही बिलिंग सर्वर पर आ जाता है, जिससे ऊर्जा रीडिंग के लिए मीटर रीडर की जरूरत नहीं पड़ती है एवं ऑन लाईन के माध्यम से समय पर विपत्र प्राप्त कर सकते है तथा मानव हस्तक्षेप नहीं होने से विद्युत विपत्र में त्रुटि की संभावना नहीं रहती है। स्मार्ट मीटर के कारण बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होने से उपभोक्ताओं में विद्युत विपत्र को समझने में सुविधा होती है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को दैनिक ऊर्जा खपत या राशि की कटौती की जानकारी वास्तविक समय में प्रदान करता है, जिससे उपभोक्ता अपने उपयोग की आदतों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर अपने विपत्र की राशि को कम कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन से पूर्व विद्युत बकाया राशि को किश्तों में भुगतान करने की व्यवस्था की गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बकाया राशि एकमुश्त जमा करने के वित्तीय भार से मुक्ति मिलती है। ऊर्जा विभाग, केन्द्र सरकार के द्वारा प्रदत दिशा-निर्देश के अन्तर्गत किसी भी उपभोक्ता को पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित करते समय बकाये की राशि की वसूली किसी भी कीमत पर प्रतिमाह पिछले तीन माह की औसत खपत के 25 प्रतिशत से जयादा नहीं की जा सकती है। इसका अनुपालन विद्युत विभाग के द्वारा किया जा रहा है। स्मार्ट मीटर द्वारा नये विद्युत संम्बद्ध स्थापित करने हेतु किसी भी प्रकार का प्रतिभूति राशि नहीं लिया जाता है एवं पहले से लिये गये प्रतिभूति की राशि को स्मार्ट मीटर लगने के उपरांत वापस भी किया जाता है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है, उपभोक्ता किसी भी प्रकार के भ्रान्ति का शिकार न हों।

# दुगार्पूजा में असामाजिक तत्वों पर अनुमंडल प्रशासन की पैनी नजर : एसडीएम

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला स्थित काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुगार्पूजा को लेकर अनुमंडल की पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मूड में दिख रही है। पुलिस आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। शनिवार की देर शाम तक बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक,एसडीपीओ कुमार संजय,नासरीगंज इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण,नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार,बीडीओ राहुल कुमार सिंह,सीओ डॉ. रितेश कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी द्वारा पुलिस बल के जवानों साथ थाना क्षेत्र में संयुक्त रूप से रूटचार्ट के अनुसार क्षेत्र के सभी पंडालों का निरीक्षण किया गया। वहीं पुलिस द्वारा दुगार्पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शातिपूर्ण से पर्व को मनाने की अपील की गई। इस दौरान एसडीएम व डीएसपी ने खास तौर पर बड़े पूजा पंडालों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार शांति पूर्वक पूजा संपन्न करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। डीजे पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। फ्लैग मार्च बेलवाई,काराकाट,गोड़ारी,जयश्री,करूप,शहरी समेत थाना क्षेत्र के कई बाजारों व पूजा पंडालों का भ्रमण भी किया गया । उक्त दौरान सभी पूजा पंडालों का अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया। असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे। बताते चलें कि दुगार्पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बलों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं संवेदनशील स्थल वाले पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है।



# मां चंद्रघंटा की उतारी आरती,मंदिरों में सुबह से ही लगा रहा भक्तों का तांता

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज बिक्रमगंज**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल में शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन रविवार को घरों और मंदिरों में मां चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में पूजा करने के लिए भक्तों की भीड़ लग गई। शहर के धनगाई वाली देवी मंदिर,रजिस्ट्री कार्यालय समीप देवी मंदिर,सासाराम रोड सब्जी



मंडी समीप देवी मंदिर,तेंदुनी मां काली मंदिर,मां आस्कामिनी मंदिर,नगर परिषद धारूपुर वार्ड 21 में अवस्थित मां काली मंदिर,दिनारा नगर पंचायत अंतर्गत मां यक्षिणी भवानी भलुनी धाम,काराकाट प्रखंड अंतर्गत काराकाट बाजार पर अवस्थित मां दुर्गा मंदिर संझौली बाजार स्थित मां काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की। शारदीय नवरात्र में इस समय रोजाना देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लग रहा है। मंदिरों के आसपास शाम को रोजाना मेले जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। काफी भक्तों ने नवरात्रि के तीसरे दिन उपवास रखा और मंदिरों में पहुंचकर मनोकामना मांगी।

# युवती को लापता कर सुनियोजित तरीके से हत्या,चार महीने बाद अभियुक्त सहित छह नामजद अभी भी फरार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव से एक युवती की लापता कर हत्या करने की मामले में चार महीने बाद एक अभयुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया की विशुनपुर गांव से एक युवती को गायब कर हत्या करने की रिपोर्ट जुलाई महीने में दर्ज करायी गयी थी। पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया गया था कि विशुनपुर गांव से 27 जून से एक 18 वर्षीय युवती लपाता है। युवती के चाचा ने बताया की भोजपुर जिला के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोशीहान निवासी रमेश चौधरी के साथ जून महीने में भतीजी उनके गांव गई थी। काफी खोजबीन के बाद कही आता पता नही मिलने पर थाने में छह लोगों को के खिलाफ एफआईआर किया। उन्होंने बताया की गुप्त सुचना से पता चली थी की उसकी सौतेली मां ने अपने परिजनों और रिश्तेदारों के सहयोग से उसे अपने यहां ले जाकर उसकी हत्या कर दिया गया है । उन्होंने ने आगे बताया है कि भतीजी के संबंध में उसकी मौसा रमेश चौधरी से उस समय पूछा था तो उसने टाल मटोल करते हुये मुझे कुछ भी नही बताया जिसके बाद मुझे इन सभी लोगों पर सक हुआ की मेरी भतीजी की हत्या इन लोगो ने कर दिया है। हमने हर रिश्तेदारों के यहां अपने भतीजी की तलाश व खोजबीन किया लेकिन कही कुछ सुराग नही मिला। जिसके बाद मेरा सक इन लोगो पर और गहरा गया कि मेरी भतीजी की हत्या सौतेली मां विना कुंवर पति स्वः श्री भगवान,मौसा रमेश चौधरी, चाचा हीरालाल चौधरी,विनय चौधरी, दुर्गा चौधरी, संगीता देवी ने मिलकर कर दी है । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जुलाई महीने से ही कारवाई शुरू कर दी गई थी। मामले कि हर पहलू को ध्यान में रख कर अनुसंधान किया गया तो घटना में शामिल एक अभियुक्त विशुनपुर गांव निवासी स्वर्गीय दसई पासी के पुत्र राजन पासी को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से की गिरफ्तारी की गई हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को जांचोंप्रांत जेल भेज दिया गया।

# बाबा गणिनाथ मंदिर सह धर्मशाला निर्माण का शिलान्यास

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

रविवार को नवरात्र के पावन अवसर पर शहर के अंजबित सिंह कॉलेज समीप बाबा गणिनाथ मंदिर सह धर्मशाला निर्माण का शिलान्यास संपन्न हुआ। आरा के सुप्रसिद्ध डॉक्टर सह राजनीतिक चिंतक डॉक्टर विजय कुमार गुप्ता का आगमन बाबा गणिनाथ मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। उन्होंने सर्वप्रथम शिलान्यास कार्यक्रम में सामूहिक रूप से सहभागिता प्रदर्शित करते हुए शिलान्यास कर्मकांड में सम्मिलित हुए। साथ ही अपने समाज के कार्यकताओं के बीच अनेक सारगर्भित बातें बताई। उन्होंने मंदिर निर्माण कमेटी एवं मंदिर संचालन समिति बनाने का सुझाव दिया। बजट एवं समय सीमा पर भी डिजिटल सुझाव रखा। मंदिर निर्माण हेतु कोष में ओपनिंग हेतु 11 हजार रुपया दान में दिए। उन्होंने श्रमदान को अर्थदान से बढ़कर बताया। शिलान्यास के अवसर पर बिक्रमगंज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,बिहार सरकार के बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र साह,लोजपा नेता जगनारायण साह,शिक्षक बिहारी गुप्ता,सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र गुप्ता,चिंटू बाबू,वार्ड पार्षद सदस्य नीरज गुप्ता ,संजय कुशवाहा,अविनाश गुप्ता,मनोज कुमार गुप्ता,शिवनाथ गुप्ता,अंजनी गुप्ता,विजय साह ,शिवराज प्रसाद सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ।



# मारपीट मे आढ लोग हुए घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह संवाददाता कोचस रोहतास**

रविवार को नगर पंचायत के कोचस सासाराम रोड में दो पक्षों के बीच जम कर हुई मारपीट में लगभग आधा दर्शन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में विजय शाह पिता अयोध्या साह वार्ड नंबर 4, अनीता देवी पति सुनील शाह, सुनील शाह पिता स्वर्गीय भगवान साह ,चंद्रावती देवी पति सुनील शाह, सूरज कुमार पिता राम किशन साह ,किशन शाह पिता मोती चंद साह ,चंदन कुमार पिता किशोर शाह एवं शिवम कुमार पिता नंदकिशोर शाह शामिल है। सभी घायल नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच के बताए जाते हैं।बताया जाता है कि प्रोग्राम देखने के दौरान दो पक्षों में कहा सुनी हुई जहां कहा सुनी के साथ मामला मारपीट तक पहुंच गई, जिसमें दोनों पक्ष के लोग बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को परिजनों ने उपचार हेतु घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर तुषार कुमार ने उपचार कर गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है। वहीं प्रभारी थाना अध्यक्ष विजय कुमार बैठा ने बताया कि मारपीट का मामला सामने आया है अभी तक आवेदन किसी पक्ष के द्वारा प्राप्त नही हुई है आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।



# प्रसिक्षण के दौरान किसानो को उर्वरक के बारे मे दी गई जानकारी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह संवाददाता कोचस रोहतास**

रोहतास जिला स्थित कोचस प्रखंड क्षेत्र के बलथरी गांव में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शह कृषक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन इफको के द्वारा किया गया।कार्यक्रम मे इफको बाजार के लाल साहेब यादव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम मे किसानो को नैनो यूरिया नैनो डीएपी और इफको अन्य उत्पाद




सहित रसायन उर्वरक का सही मात्रा सही समय पर उपयोग करने की सही जानकारी दी साथ ही उन्होंने किसानो को जानकारी दी रोहतास जिले मे नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव हेतु जिले मे 5 ड्रोन उपलब्ध है जो आपके छेत्र कोचस प्रखंड मे एक ड्रोन उपलब्ध है और करगहर प्रखंड मे एक ड्रोन उपलब्ध है जिससे आप सभी नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिडकाव अपने खेत मे करवा सकते है और वही इफको एमसी के राहुल सिंह ने किसानो को इफको एमसी के उत्पाद के बारे मे जानकारी दी वही कार्यक्रम मे इफको बाजार के उमेश सिंह,राजीव सिंह,रजत सिंह, अभिनव यादव, सत्यानन्द सिंह, नितेश सिंह समेत सैकड़ो किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद थे।

# रोहतास: एक ही घर के सात बच्चे सोन नदी में डूबे

## 6 बच्चों की डूबने से हुई मौत,एक की तलाश जारी

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण सासाराम रोहतास**


रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड स्थित तुम्बा में सोने नदी में डूबने से 6 बच्चो की मौत हो गई। पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि एक ही घर के आठ बच्चे नहाने के लिए सोन नदी में गए थे। इसी दौरान एक बच्चा नदी में डूबने लगा और उसी को बचाने के दौरान सभी बच्चे सोन नदी की तेज धार में बह गए। इस दौरान एक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है, जबकि 6 बच्चों के शव को बाहर निकाल लिया गया है। वही खबर लिखे जाने तक एक बच्चों की तलाश अभी भी जारी थी। बच्चों की मौत घटना की सूचना पर पहुंची जिला प्रशासन की टीम राहत बचाया में लग गई है। डेहरी एसडीएम व डीएसपी घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय गोताखोर के माध्यम से सभी बच्चों की तलाश में जुटे थे। वही दो लापता बच्चों को खोजने के लिए एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार 8 बच्चे नहाने के लिए सोन नदी में गए हुए थे। इसी दौरान एक बच्चा नदी में डूबने लगा जिसे बचाने के लिए बारी बारी से सभी बच्चे सोन नदी में उतरने लगे और तेज धार में बह गए, हालांकि इस दौरान एक बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जबकि सात बच्चे तेज धारा में बह गए जिसमें से 6 बच्चों के शव को निकाल लिया गया है। जबकि गोताखोर की मदद से एक बच्चे की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार सोन नदी में डूबे हुए बच्चों में 4 एक ही माता पिता के बच्चे शामिल है। जिसमे 3 बच्चों की मौत हो गई और चौथे की तलाश जारी है। बताया जाता है की झारखंड के रांची निवासी नंद किशोर अपने पत्नी और सभी बच्चों के साथ अपने ससुराल तुम्बा आए हुए थे। उनके चारो बच्चे घर के अन्य बच्चों के साथ बोरिंग पर नहाने के बहाने घर से निकले थे। परंतु सभी बच्चे बोरिंग पर न जाकर सोने नदी ने नहाने चले गए। मरने वालो बच्चों में रांची झारखंड निवासी नंद किशोर गोंड की 15 वर्षीय पुत्री निभा कुमारी,12 वर्षीय पुत्री निधि कुमारी, 6 वर्षीय पुत्र पवन कुमार के अलावा केदार गोंड के 10 वर्षीय पुत्र अभय कुमार, टुनटुन गोंड के 12 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार, कृष्णा गोंद के 12 वर्षीय पुत्र राजू कुमार शामिल है। जबकि नंदकिशोर गोंड की 8 वर्षीय पुत्री गुनगुन कुमारी की तलाश जारी है।



# भोजपुरिया जनमोर्चा ने छः सूत्री मांगों को लेकर दिया एक दिवसीय धरना

**रोहतास ब्यूरो,दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज रोहतास**

भोजपुरिया जनमोर्चा दलित प्रकोष्ठ की ओर से शनिवार को बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर के प्रांगण में छः सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के उपाध्यक्ष राम अयोध्या सिंह जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरख नाथ अकेला ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी थे। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय प्रवक्ता बिनोद सिंह ने किया।धरना के दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरख नाथ अकेला ने कहा कि देश के प्रत्येक जगह अभी लाखों लोग ऐसे है जिनका घर देश की आजादी के पूर्व से बना है। लेकिन मकान वाली जमीन का उनको पूरा स्वामित्व नहीं है, जो दुर्भाग्य की बात है। देश के प्राकृतिक संसाधन में हिस्सेदारी दलितों को नहीं दिया गया। कहा कि प्रत्येक वोटर को दस हजार रुपया हर माह दिया जाय व सभी भूमिहीनों को



5 डिसमिल जमीन दिया जाय। इसके लिए 24 दिसंबर 2024 को गांधी मैदान पटना मे होने वाली वोटर अधिकार रैली में अवश्य आए व किसान निधि का लाभ पाने वाले लोगों को पैक्स चुनाव में मतदाता बनाया जाय। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि भोजपुरी भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाय। साथ ही दीपक गोयल कमिटी के सिफारिस को लागु किया जाय,जिससे आर्थिक आजादी मिल सके। कहा कि स्मार्ट मीटर बंद किया जाय जिससे उपभोक्ताओं का आर्थिक दोहन बंद हो सके। कार्यक्रम स्थल पर आए हुए अन्य वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। मौके पर पार्टी के वरीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अलग अलग थाना क्षेत्र से शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार ) 6 सितंबर 2024 नबीनगर प्रखंड के अलग अलग थाना क्षेत्रों से अवैध देसी शराब के साथ तीन शराब धंधेबाजों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रखंड के बड़ेम ओ पी थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव से गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए ए एस आई पुनीत कुमार एवम सशस्त्र बल ने 36 लीटर महुआ शराब के साथ नारायणपुर गांव निवासी विनय चौहान को गिरफ्तार किया गया है।इधर माली थाना क्षेत्र के बरियावाँ बाजार के समीप से 180 एम एल के 29 बोतल देसी टनाका शराब के साथ अविनाश कुमार ग्राम परसिया थाना जम्होर जिला औरंगाबाद को एस आई बिनोद कुमार यादव ने पकड़ा है। इधर नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के मेह गांव के भुइया टोली गांव के समीप से शिवकुमार भुइया को एस आई चंदन कुमार ने 17 लीटर चुलाई महुआ शराब के गिरफ्तार किया है।तीनो गिरफ्तार शराब धंधेबाजों को को मद्यनिशेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जीत हमारी पक्की है ऐलान होना बाकी है :- हरीश वर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) इंडियन नैशनल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बरवाला के प्रसिद्ध समाजसेवी हरीश वर्मा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा बरवाला से इंडियन नैशनल कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास घोडेला बड़े लंबे अंतर से भाजपा एवं इनेलो के उम्मीदवार को हराकर विधानसभा हरियाणा में पहुंच रहे है। उन्होंने बताया की कांग्रेस पार्टी के बरवाला प्रत्याशी रामनिवास घोडेला लगभग दस से पंद्रा हजार से विजयी होंगे क्योंकि भाजपा ने केवल पोर्टल प्रणाली लाकर प्रदेश में त्राहिमाम मचाने का कार्य किया है हर वर्ग का अपमान किया चाहे वह किसान आंदोलन को याद कर लिया जाए। खिलाड़ियों के साथ हुए अत्याचार को याद कर लिया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम आंदोलन जो कर्मचारी ने किया उन पर अत्याचार की बात हो भाजपा सरकार ने पोर्टल प्रणाली द्वारा हर वर्ग का अपमान करने का कार्य किया चाहे सरकारी स्कूलों को बंद करने की बात हो सरकारी स्कूलों में शिक्षक नहीं है सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं है प्रदेश में सड़कों में गढ़ों का विकास हुआ है भाजपा पार्टी केवल विशेष व्यापारियों की पार्टी है इसलिए जनता में अब बदलाव का मन बना लिया है और हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
फुल पेज कलर 40K
हाफ पेज कलर 20K
क्वार्टर पेज कलर 10K
मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

## नरेश सेलवाल ने भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात करके लिया आशीर्वाद

**जो भरोसा भूपेन्द्र हुड्डा व पार्टी ने किया उकलाना हल्के की जनता उस पर खरी उतरी: नरेश सेलवाल**

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : कांग्रेस प्रत्याशी नरेश सेलवाल विधानसभा चुनाव होने के अगले ही दिन रविवार कोपूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से मिलने रोहतक आवास पर पहुंचे और मुलाकात की। नरेश सेलवाल ने गुलदस्ता देकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का धन्यवाद किया और मिठाई खिलाई। नरेश सेलवाल ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पार्टी हाईकमान का उन्हें उकलाना हलके से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने पर धन्यवाद किया और कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा व पार्टी हाईकमान ने उनके ऊपर विश्वास जताते हुए उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाया गया था। उस विश्वास को उकलाना हल्के की जनता ने पूरा किया। उकलाना हल्के की जनता ने उन्हें व कांग्रेस पार्टी को अपना भारी समर्थन देते हुए प्रचंड जीत दिलाने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी नरेश सेलवाल को चुनाव में किए शानदार प्रदर्शन के



लिए पीठ थपथपाकर बधाई दी और कहा कि बेटा आपने तो कमाल कर दिया और आपकी तो वोटों की गिनती से पहले ही रिकॉर्ड मतों से जीत के चर्चे पूरा हरियाणा में हो रहे हैं। जिस विश्वास के साथ कांग्रेस पार्टी ने आपको टिकट देकर भेजा था उस पर खरे उतरे हो। शाबास बेटा नरेश। उकलाना हल्के की जनता भी बधाई की पात्र है। नरेश सेलवाल ने आशा हुड्डा से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। आशा हुड्डा ने नरेश सेलवाल को विधानसभा चुनाव में मिले जनता के अपार आशीर्वाद के लिए दुलारते हुए आशीर्वाद दिया और एडवांस में जीत की बधाई दी। जुग जुग जिओ मेरा बेटा नरेश। आपके ऊपर मुझे यही विश्वास था कि आप चुनाव को एकतरफा कांग्रेस के पक्ष में बदल सकते हो। नरेश सेलवाल ने कहा कि चुनाव में उकलाना हक्के की 36 बिरादरी के लोगों ने उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया। सभी मतदाताओं का वह इसके लिए दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं और उकलाना हल्के की जनता के हमेशा आभारी रहेंगे। नरेश सेलवाल के साथ पहुंचे नरेंद्र कुंडू ने भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व आशा हुड्डा से आशीर्वाद लिया। भूपेंद्र हुड्डा ने बेहतरीन चुनाव मैनेजमेंट के लिए शाबाशी दी और कहा कि बेटा आपने भी इस चुनाव में चाणक्य की भूमिका निभाई है।

## शिव धनुष तोड़ श्रीराम जी ने जीता सीता स्वयंवर।

**दैनिक समाज जागरण**

श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला मंचन के चौथे दिन मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश के पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर,भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल,महामण्डलेश्वर नवल किशोर दास जी,यूनाइटेड



हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल,हिन्दू महासभा के केंद्रीय कार्यालय मंत्री वीरेश त्यागी, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष अशोक कुमार, डॉ.आरपीसिंह, विकास जैन,राधाकृष्ण गर्ग,दिनेश महावर एवं सतीश अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ ।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

दीप प्रज्वलन के पश्चात सीता जी के स्वयंवर में आये विभिन्न अतिथियों का राजा जनक द्वारा भव्य स्वागत किया गया और ततपश्चात स्वयंवर हेतु शिव धनुष तोड़ने हेतु सभी अतिथि अपना प्रयास करते हैं परंतु राजा जनक देखते हैं कि रावण ,बाणासुर जैसे तमाम योद्धा आये लेकिन धनुष को हिला तक नहीं सके। यह देखकर जनक जी व्याकुल हो उठते हैं। इसके बाद जनक जी धनुष न टूटने पर विलाप कर कहते हैं कि लगता है अब पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है।

लक्ष्मण जी उनकी बात सुनकर क्रोध कर कहते हैं कि अगर भईया राम आज्ञा दें तो यह धनुष क्या पूरा ब्रह्माण्ड को तोड़-मरोड़ डालूं ।राम जी लक्ष्मण को शांत करते हैं। विश्वामित्र भगवान श्रीराम को आदेश देते हैं की ह्यह्यउठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनक परितापाह्लह्ल, अर्थात ह्लहे राम! उठो, शिवजी का धनुष पर प्रत्युन्चा चढ़ाओ और राजा जनक का संताप दूर करो।

भगवान राम धुनष की प्रत्युन्चा चढ़ाते हैं कि धनुष टूट जाता है ।सभी जनकपुर वासियों में खुशी दौड़ जाती है ।सीता जी राम को वर माला डालती हैं। सुर-नर, मुनि सभी फूलों की वर्षा करते हैं।

शिव धनुष के टूटने की बात सुनकर परशुराम जी आते हैं और जनक जी को कहते हैं, हे दुष्ट धनुष किसने तोड़ा है इसके बाद लक्ष्मण व परशुराम का संवाद होता है ।बाद में परशुराम जी को ज्ञात हो जाता है कि राम और कोई नहीं साक्षात विष्णु का अवतार हैं और वह क्षमा मांगते हुए कहते हैं ।क्षमा के बाद परशुराम जी महेंद्र पर्वत पर लौट जाते हैं ।तत्पश्चात श्रीराम एवं सीता द्वारा एक दूसरे को वरमाला पहनाई गई। इसी के साथ चौथे दिन की लीला मंचन का समापन हुआ । 7 अक्टूबर को राम बारात शोभा यात्रा, राम राज्याभिषेक की घोषणा, मंथरा कैकई संवाद, कैकई राम नारद संवाद, कैकई दशरथ संवाद आदि प्रसंगों का मंचन किया जायेगा।

श्रीराम बारात शोभायात्रा दोपहर 1 बजे सेक्टर-20 के हनुमान मंदिर से शुरू होगी, जो सेक्टर 20-26 गेट, डीएम चौराहा,टेलीफोन एक्सचेंज,हरौला, सेक्टर-9,10,11,12,55,खोड़ा लेबर चौक होते हुए सेक्टर-62 रामलीला स्थल तक जायेगी।

इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, अजीत चाहर, गौरव मेहरोत्रा, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, चक्रपाणि गोयल, राजेश माथुर, अनंत वर्मा,साहिल चौधरी, सुधीर पोरवाल, मनीष गोयल, आर के उप्रेती, कुलदीप गुप्ता सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हमारी संस्कृति संरक्षण में रामलीला मंचन का महत्वपूर्ण योगदान: गोपाल कृष्ण अग्रवाल

नोएडा। श्री रामलखन धार्मिक लीला कमेटी द्वारा रविवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में आयोजित चौथे दिन की रामलीला का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल और पूर्वी दिल्ली के कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सर्वप्रथम रामलीला कराने वाले आयोजकों को बधाई दी, और कहा कि रामलीला के आयोजन समिति काफी मेहनत के बाद रामलीला मंचन करती है यह भी एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति संरक्षण रामलीला मंचन में महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि राम के जीवन की कथा रामलीला में देखने को मिलती है इससे बच्चों को भी संस्कार प्राप्त होते हैं कि राम के जीवन में किस प्रकार की कठिनाइयां आई और उन्होंने कठिनाइयों की परवाह ने करते हुए सही रास्ता चुना, रामलीला में जीवन का चरित्र देखने को



मिलता है, साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों को जीवित रखने में रामलीला जैसे मंचों का अहम योगदान रहता है।

ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति और युवाओं को अच्छी सीख प्राप्त करने का बेहतर मौका मंच के माध्यम से प्राप्त होता है।

इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनिल चौधरी ने कहा कि हमें एक ऐसी सीख रामलीला के माध्यम से मिलती है ,कि प्रत्येक व्यक्ति को हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए, सच्चाई के रास्ते पर ही जीत मिलती है, रामलीला मंच भी हमें यही संदेश देता है।

इस अवसर पर रविंद्र प्रसाद गुप्ता सी एल ए नोएडा प्राधिकरण, राम बदन सिंह डीसीपी नोएडा मौजूद रहे, उन्होंने भी रामलीला आयोजकों और लीला का मंचन कराने वाले और कलाकारों को बधाई दी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर, पूर्व महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, प्रवक्ता पवन शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, गौरव शर्मा, श्रीधर गोयनका मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

वहीं रामलीला देखने आए लोगों का भी आभार प्रकट किया।

चौथे दिन की रामलीला में लीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करते हुए सभी देश देशांतर के राजा महाराजा के धनुष तोड़ने का प्रयास करने की लीला का मंचन किया ,परंतु धनुष नहीं टूटा, अंत में प्रभु राम गुरु वशिष्ट के साथ आज्ञा प्राप्त करके धनुष को तोड़ते हैं, और सीता का स्वयंवर होता है। इसके पश्चात परशुराम जी का आगमन लक्ष्मण जी के साथ उनकी नोक झोक होने की लीला का मंचन विस्तार पूर्वक सुनाया गया, जिसे लीला मंचन देखने आए लोगों ने सराहा। इस अवसर पर आयोजक समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल सीएमडी प्रिया गोल्ड, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन , वाइस चेयरमैन पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल , महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंघल, पंडित कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता , गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव , अशोक गोयल, विकास बंसल , संदीप अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल,सीए मनोज अग्रवाल,अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, प्रदीप गुप्ता, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, सी ए राजीव जैन, राहुल गुप्ता , तेजेंद्र मलिक, सौरभ अग्रवाल, रोहिणी नगर, डॉक्टर मनोज अग्रवाल का रामलीला में विशेष सहयोग चल रहा है ।इस अवसर पर डॉक्टर एसपी जैन, नरेश कुछल, सुनील गुप्ता, सुशील सिंघल, महेश गुप्ता इंदिरापुरम, राकेश सिंगला, जगनेश भारद्वाज , योगेंद्र शर्मा वीरेंद्र गर्ग, महेश चंद्र अग्रवाल, वीके राणा, मूलचंद गुप्ता, सौरभ गोविल, कुलदीप कटियार, राजीव कपूर, सुमित शर्मा, संजीव अग्रवाल, शंकर मोदी ,सुनील जैन , वीके गुप्ता , राकेश गुप्ता , गौरव मित्तल, सौरव मित्तल , असीम जगिया, सत्येंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## महात्मा गांधी की याद में पूरे मुंबई को स्वच्छ भारत के कार्यक्रम को शानदार तरीके से सफाई करवाया

**दैनिक समाज जागरण**

गिरजा शंकर अग्रवाल - मुंबई भयंदर ओस्तवाल बगीची समता भवन 2 अक्टूबर 2024 को जीवन में सादगी विचारों में सरलता आत्मा में निर्मलता अदम्य साहस के धनी का दूसरा नाम है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी उक्त विचार राष्ट्र संत कमल मुनि जी कमलेश ने गांधी जयंती परसंबोधित करते हुए कहा कि त्याग की प्रतिमूर्ति धार्मिक ग्रंथ की अहिंसा को जीवन परिवार समाज देश और विश्व के साथ जोड़ते हुए नई दिशा प्रदान की उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जीवन शैली एक दर्शन के रूप में विकसित हुई जो सदैव प्रासंगिक रहेगी मरणोपरांत अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस घोषित होना अपने आप में देश के लिए महान उपलब्धि है। मुनि कमलेश ने बताया कि देश की आजादी ही नहीं बल्कि अपने संस्कृति की जड़ों को मजबूत किया विश्व के कोने-कोने से उसका साक्षात्कार करवाया ।राष्ट्र संत ने कहा




कि महात्मा गांधी का स्वप्न था देश की आजादी की पहली कलम से पूर्ण देश में दारू बंदी और गौ रक्षा कानून बनाना सरकार उनकी भावना का सम्मान करें अथवा उनके समाधि पर माथा टेकने का पाखंड बंद करें। जैन संत ने कहा कि मंदिर परिसर की भांति घर गली और शहर को स्वच्छ रखना धार्मिक व्यक्ति का प्रथम कर्तव्य है अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच नई दिल्ली युवा शाखा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योग गुरु राधेश्याम जी ने द ह्यूमन योग फाउंडेशन वर्ली मुंबई की तरफ से शिवाजी पार्क और भयंदर की खाड़ी बीच क्यों उद्यान में साफ सफाई का पूरी जोर शोर से काम किया योग गुरु राधेश्याम पिछले साल की तरह इस साल भी नेहरू युवा केंद्र मुंबई के तरफ से और माय भारत स्वच्छ भारत अभियान के कार्यों को पूरा किया । व पूरे देश में स्वच्छता अभियान का शंखनाद किया यहां पर भी ओस्तवाल बगीचे में समाज के सभी लोगों ने स्वच्छता का कार्यक्रम करके आदर्श प्रस्तुत किया।

## आर्थिक अभाव में ग्रस्त बच्चों की शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए सभी प्रयास करें : राज्यपाल

**- राजभवन में आरएसएस के मार्गदर्शन से संचालित संस्था 'प्रेरणा' की ओर से 5100 कन्याओं का किया गया वंदन**

**- सेवा बस्ती की 5100 कन्याओं को भोज कराने का लक्ष्य किया गया था निर्धारित, संख्या पहुँची 5875 के पार**

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मार्गदर्शन से संचालित संस्था 'प्रेरणा' की ओर से रविवार को शारदीय नवरात्रि के चतुर्थी के पावन अवसर पर हजरतगंज स्थित राजभवन में 5875 कन्याओं का भव्य पूजन, वंदन एवं कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार हम भारत माता की पूजा करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें कन्याओं की भी पूजा करनी चाहिये। सर्वशक्तिमान होती हैं महिलाएं। उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि अभाव में ग्रस्त बच्चों की शिक्षा एवं चिकित्सा के लिए सबको प्रयास करना चाहिये।

### ऐसे आयोजनों से बच्चों को मिलती है प्रेरणा : आनंदीबेन

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राज्यपाल ने कहा कि राजभवन का यह बड़ा क्षेत्र आज इतनी बड़ी संख्या में आये बेटियों की उपस्थिति की पवित्रता से खिल गया है। इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये आयोजकों को हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा, 'जब हम सोचते हैं कि भारत विकसित राष्ट्र बने तो इसकी जिम्मेदारी इन बच्चों के कंधे पर ही आ जाती है। अतः समाज के सशक्त लोगों का भी यह दायित्व है कि मलिन बस्तियों (सेवा बस्ती) में रहने वाले बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा एवं उचित पालन-पोषण के लिये वे भी आगे आएं।' उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव में ग्रस्त होने के कारण इन बच्चों का उचित प्रकार से पालन-पोषण नहीं हो पाता है। आनंदीबेन ने कहा, 'इस तरह के आयोजनों से इन बच्चों को प्रेरणा मिलती है कि वे भी बड़े होकर अपने समाज और देश के लिये कुछ अच्छा करें।' इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कन्याओं से कहा कि राजभवन के दरवाजे बच्चों के लिये सदैव खुले रहते हैं।




कार्यक्रम का आरम्भ सेवा बस्ती में रहने वालीं 108 कन्याओं के मधुर गान के साथ हुआ। तदोपरान्त 500 से अधिक कार्यकताओं ने कन्याओं के चरण धोये एवं तिलक लगाकर उनका वंदन किया।

### 485 सेवा बस्तियों में रह रहीं कन्याओं को किया आमंत्रित

कार्यक्रम में 480 ग्रामों की 485 सेवा बस्तियों में रह रहीं कन्याओं को आमंत्रित किया गया था। 5100 कन्याओं को भोज कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, मगर यह संख्या 5875 तक पहुँच गयी। इसके लिये उन्होंने प्रेरणा संस्था के सदस्यों सहित ग्रामीण एवं नगरीय सेवा बस्तियों में अपनी सेवा देने वाले विभिन्न संस्थाओं और उनके सदस्यों सहित



वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल कुमार जी ने कहा कि आयोजकों सहित राज्यपाल को अभिनन्दन किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में अनूठा कार्य करने वाले संगठन एकल अभियान का विशेष आभार जताया। उन्होंने अपने सम्बोधन में की कहा कि सनातन संस्कृति में उत्सव और पर्व मनाने की विशेष परम्परा रही है। इससे हमारे संस्कार पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते रहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भावी पीढ़ी में संस्कृति का संचार करने के लिये उत्सव एवं पर्वों को मनाने की परम्परा का पालन करना ही चाहिये। साथ ही, उन्होंने सबको संदेश दिया कि हमें संयुक्त परिवार को बिखरने से बचाने के लिये कुटुम्ब प्रबोधन पर कार्य करना चाहिये। ऐसा करने के बाद ही हम समाज में बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या को कम कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को भी बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### सेवा बस्ती की कन्याओं ने किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

वहीं, मंच का संचालन कर रहीं शिखा भार्गव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का पर्याय यह है कि यही कन्याएं बड़ी होकर एक आदर्श समाज का निर्माण करती हैं। आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है। इनकी शिक्षा और सुरक्षा हमारा प्रमुख दायित्व है। प्रेरणा संस्था की ओर से ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करना वंदनीय कार्य है। इस अवसर सेवा बस्तियों में रहने वाली बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये। उन्होंने मंच पर जो वस्त्र पहने थे, वह भी उन्होंने स्वयं ही तैयार की थी। यह जान सभी ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। कन्याओं को भोज कराने के बाद उन्हें उपहार भी दिए गए ।

### कार्यक्रम में रहे उपस्थित

इस अवसर पर आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल जी, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख सुभाष जी, क्षेत्र संघचालक कृष्ण मोहन जी, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेन्द्र जी, प्रांत प्रचार प्रमुख यशोदानन्द जी, प्रांत संघचालक सवर्ण सिंह जी, सेवा भारती की संयुक्त क्षेत्र प्रचारिका सुश्री शारदा जी, विश्व संवाद केन्द्र प्रमुख डॉ उमेश जी, विभाग प्रचारक अनिल जी, प्रचारक राजकिशोर जी, राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री, प्रशांत भाटिया, अभिनव भार्गव, लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया सहित समाज के विभिन्न वर्गों के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## नोएडा: विपरित दिशा मे चलने वाली ई-रिक्शा पर बड़ी कार्यवाही

**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

नोएडा मे ई-रिक्शा की भरमार होना ही परेशानी का कारण नही है बल्कि उलटे दिशा मे चलना या गलत जगहों पर पार्किंग करना भी एक बड़ी समस्या है। नोएडा के नागरिकों के द्वारा सोशल मिडिया पर लगातार मिल रहे शिकायत के बाद नोएडा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कई ई-रिक्शा का चालान काटा और कई के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। नोएडा के बॉटेनिकल गार्डन पर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर यह कार्यवाही की।

इस मामले को लेकर नोएडावासियों को अलग-अलग राय है, कोई यातायात पुलिस को धन्यवाद दिया तो कोई आभार व्यक्त किया है। लेकिन साथ मे लोगों ने कुछ सलाह भी दिए है। लोगों का कहना है कि





एक टीम बनाकर लगातार इस प्रकार





की कार्यवाही की जाय अन्यथा कभी कभी करने से कोई फर्क पड़ने वाला नही है। वही नोएडा सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन पर वाहनों को सर्विस रोड मे एक लाइन से खड़ा करने के लिए के लिए ई-रिक्शा चालकों को कहा गया, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने वाले ई-रिक्शा के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। अभी तक कितने ई-रिक्शा के खिलाफ कार्यवाही की गई है यह जानकारी प्राप्त नही हुआ है।

## दीन ही दीनानाथ संस्था ने निराश्रित गौमाताओं को खिलाया चारा।

**समाज जागरण**

जिला बुलन्दशहर के ग्राम झझंझर निवासी जिला अध्यक्ष के के सारस्वत के पुत्र चिरंजीव मयंक सारस्वत के जन्मदिन के उपलक्ष में दीन ही दीनानाथ संस्था के द्वारा निराश्रित गौमाताओं को हरा चारा खिलाकर पुण्य कमाया। संस्था के संस्थापक और अध्यक्ष पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य ने कहा कि गौमाता में तैंतीस कोटि देवताओं का निवास कहा गया है ।गौ माता की सेवा करने से सभी देवता तो प्रसन्न होते ही हैं इसके साथ ही सभी नवग्रहों की शान्ति होती है। महाराष्ट्र की तर्ज पर उ प्र सरकार तथा बीजेपी शासित सभी राज्यों में गौमाता को राज माता घोषित करना चाहिए। मोदी जी कि इच्छा बलवती हो जाए तो गौमाता को राष्ट्र माता घोषित कर सकते हैं । गौमाता की पहली रोटी हर घर में पहले की तरह ही निकालनी चाहिए अब गौमाता के गौमूत्र और गोबर से निर्मित, दीपक, धूपबत्ती, फिनायल आदि प्रोडक्ट बाजार में उपलब्ध हैं हमें सबको अधिक से अधिक मात्रा में गौमाता के ही प्रोडक्ट प्रयोग करने चाहिए जिससे गौशालाओं और गौमाता को मजबूती मिलेगी ।इस अवसर पर के के सारस्वत, मयंक सारस्वत, श्रीमती गीता सारस्वत, श्री शगुन पाल, श्री डॉ के सी गौड़,बी एस सारस्वत, सौरभ शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान से सकीट की शिक्षिका को किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

(एटा) सकीट ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय सकीट प्रथम की प्रधानाध्यापिका डॉ रमा दुबे को गिजू भाई वधेका राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से लखनऊ में सम्मानित किया। शिक्षिका को यह सम्मान उच्च शिक्षण कार्य एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक संवाद मंच द्वारा शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया। डॉ रमा दुबे का इस सम्मान के लिए शिक्षकों तथा बुद्धिजीवी वर्ग में खुशी की लहर है।

## द लाइन क्रिकेट क्लब ने मारी बाजी, मैन ऑफ द मैच रहे कुनाल पाल।

(कासगंज) डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा श्री गणेश इंटर कॉलेज के मैदान पर द लाइन क्रिकेट क्लब कासगंज तथा शिवा क्रिकेट अकैडमी



कासगंज के बीच सदभावना क्रिकेट सीरीज कप का आयोजन कराया गया. जिस का उद्घाटन विजय राजपूत (उपाध्यक्ष कासगंज डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ) तथा हेमसिंह द्वारा किया गया विजय राजपूत ने सम्बोधित करते हुए कहा की आप खेल के साथ साथ पढाई को अपने आगामी भविष्य के लिए अपना बहुमुल्य समय दे. द लाइन क्रिकेट क्लब के कप्तान राहुल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फेंसला लिया. शिवा क्रिकेट अकैडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर मे 10 विकेट के नुक्सान पर 72 रन का लक्ष्य दिया. जबाब मे बल्लेबाजी करने उतरी द लाइन क्रिकेट क्लब ने 22 ओवर मे 5 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना कर विजय प्राप्त की. जिसमे मेन ऑफ द मैच द लाइन क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज कुनाल पाल रहे. कुनाल पाल ने 33 गेंद में 31 रनों की पारी खेली और 3 ओवरों मे 15 रन देकर 2 विकट लिए. कुनाल पाल को लाला राम वर्मा ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर उत्साहित किया. दूसरे टीम के युवा खिलाड़ी मयंक वर्मा रहे जिन्होंने41मे 24 रनो की पारी खेली और 6 ओवरों मे 3 रन देकर 3 विकट लिए. मैच में अंपायर की भूमिका रजत यादव और शिव पाल ने निभाई. मैच के समय शिवा राजपुत , कासगंज डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोशियन के मैनेजर कमल सिंह जी और अन्य सदस्य मौजूद रहे.

## नशे के विरुद्ध, मानव तस्करी, बालविवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान

**चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया एवं ढाबा वर्कशाप मालिको को चेतावनी दिया गया कि बालश्रम कराना दंडनीय अपराध है**

जनपद बलरामपुर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (उत्तरी)जनपद बलरामपुर के आदेशानुसार एवं पुलिस उपाधीक्षक श्री बृजनंदन राय (नोडल अधिकारी) ए0एच0टी0यू0 बलरामपुर के निर्देशन में मानव तस्करी से अजादी 2.0, बालको एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान मिशन शक्ति 05 फेज चलाए जाने के संदर्भ में , बालश्रम/भिक्षावृत्ति अभियान व बचपन बचाओ



आन्दोलन के अंतर्गत प्र0 उ0नि0 श्री शनि कुमार निषाद मय टीम ए0एच0टी0यू0 द्वारा थाना कोतवाली नगर व कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत व बलरामपुर में स्थित कस्बा क्षेत्र में *बालश्रम/ भिक्षावृत्ति अभियान व अभियान बचपन व बचपन बचाओ आन्दोलन व मिशन शक्ति, व नशे के विरुद्ध अभियान , मानव तस्करी ,बाल विवाह रोकथाम ,अभियान (मिशन शक्ति 05 फेज) के अंतर्गत चौपाल लगाकर सरकार द्वारा दी गई सुविधाओ के बारे में लोगों को जागरूक किया गया ' ढाबा ,वर्कशॉप मालिकों को हिदायत/ चेतावनी दिया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है ।

## महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर विकास खण्ड तुलसीपुर ग्राम सिंगाही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम के तहत ग्राम सभा की संवैधानिक प्रक्रियाओं और मतदाताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य ग्राम सभा के सदस्यों और मतदाताओं को जागरूक करना था

ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता और मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। "ग्राम सभा में मतदाताओं को खुलकर अपनी राय व्यक्त करनी चाहिए और ग्राम प्रधान की जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे शासन में पारदर्शिता आए।" बैठक के दौरान पंचायतीराज अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपस्थित सदस्यों को अधिनियम के




विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई, जिससे उन्हें पंचायत प्रणाली की गहराई से समझ प्राप्त हो सके। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया, साथ ही डिजिटल उपकरणों के उपयोग से प्रशासनिक कार्यों में सुधार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। ग्रामीण शासन को सुदृढ़ करने और सक्रिय योगदान देने की अपील की गई

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
फुल पेज कलर 40K
हाफ पेज कलर 20K
क्वार्टर पेज कलर 10K
मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

## टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग डिपार्टमेंट का नवरात्रि तोहफा

**दैनिक समाज जागरण**

दस अक्टूबर तक आयोजित इस स्पेशल कैंप में हड्डियों से सम्बद्ध सभी रोगों का ट्रीटमेंट फ्री, रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन, ऑर्थोस्कोपी आदि बीमारियों के इलाज के संग- संग सीटी -एमआरआई सहित सभी जांचें, ऑपरेशन और दवाइयां सब कुछ मुफ्त

टीएमयू हॉस्पिटल एवम् रिसर्च सेंटर, मुरादाबाद की ओर से नवरात्रि के पावन पर्व पर हड्डी रोग पीड़ितों को अनमोल उपहार दिया है। हॉस्पिटल में छह अक्टूबर से यह स्पेशल कैंप प्रारंभ हो गया है। दस अक्टूबर तक आयोजित कैंप में हड्डियों से सम्बद्ध सभी रोगों का मुफ्त ट्रीटमेंट किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY TMU MORADABAD
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC

आथोर्पेडिक्स विभाग के एचओडी प्रो. अमित सराफ ने बताया, हड्डी रोग विभाग में भर्ती होने पर टूटी हुई हड्डियों पर प्लास्टर, पैर एवं हाथ की हड्डियां, जोड़ों की हड्डियों में स्क्रू,रॉड और प्लेट लगाने के अलावा हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज इस कैंप में फ्री किया जा रहा है । रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन, ऑर्थोस्कोपी, आदि बीमारियों के इलाज, सीटी - एमआरआई सहित सभी तरह की जांचें, ऑपरेशन और दवाइयां भी सब कुछ मुफ्त किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है, ये सुविधाएं जनरल वार्ड में 48 घंटे तक भर्ती होने पर ही मान्य हैं। यदि आप या आपका कोई परिजन हड्डी रोग से पीड़ित है तो इस विशेष कैंप का जल्द से जल्द लाभ उठाए। इस सुविधा का लाभ उठाने हेतु निम्नलिखित नंबरों - 9258112588,9568865444 पर रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क किया जा सकता है। प्रो. सराफ कहते हैं, यदि कोई महिला या पुरुष घुटने और कूल्हे की खराबी से बेहद परेशान है। यदि इनके पास घुटने या कूल्हे की हड्डी बदलवाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है तो वे इस कैंप के दायरे से बाहर होंगे। प्रो. सराफ बताते हैं, टीएमयू हॉस्पिटल में घुटने का प्रत्यारोपण मात्र 65 हजार में हो जाएगा,जबकि भर्ती से लेकर जांचें, ऑपरेशन, दवाइयां, इंप्लांट शामिल है। इसके अलावा कूल्हे का प्रत्यारोपण मात्र 80 हजार में हो जाएगा, इसमें भर्ती, जांचें, ऑपरेशन, दवाइयां, इंप्लांट आदि शामिल हैं।

दैनिक समाज जागरण मे खबर एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
फुल पेज कलर 40K
हाफ पेज कलर 20K
क्वार्टर पेज कलर 10K
मुख्य पृष्ठ पर 20% extra

## तिनसुकिया जिला के दुमदुमा विधानसभा के 730 छात्राओं को मुख्यमंत्री " नियुत मैना योजना" के तहत आर्थिक अनुदान विधायक रुपेश ग्वाला ने किया वितरण।

**दैनिक समाज जागरण**
**गोरखनाथ गुप्ता।**

असम के तिनसुकिया जिला के दुमदुमा कालेज में आज मुख्यमंत्री नियुत मैना योजना के अंतर्गत छात्राओं को आर्थिक अनुदान राशि प्रदान किया गया । इस योजना के तहत उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राओं को सालाना दस हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। दुमदुमा विधानसभा क्षेत्र के पांच कालेज/ हायर सेकेंडरी स्कूल के कुल 730 छात्राएं इस योजना के तहत लाभान्वित हुई। आज दुमदुमा कालेज के प्रेक्षागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को दस हजार के आर्थिक मदद के चेक प्रदान किया । आज असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुवाहाटी स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय में इस योजना संपूर्ण असम के लिए केन्द्रीय तौर पर उद्घाटन किया । उसी समय दुमदुमा कालेज के कल्लोल प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला , दुमदुमा सम-जिला आयुक्त नुजहत नासरिन, सहायक आयुक्त सुदिप



गोगोई , मंजीत दलै , दुमदुमा कालेज के प्राचार्य डॉ कमलेश्वर कलिता , वीर राघव मोरान सरकारी आदर्श कालेज के प्राचार्य डॉ अमरजीत सैकिया , दुमदुमा हुनलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष अलिप खान ,फिलोबाड़ी सिनियर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य तुलसी उपाध्याय , दुमदुमा गर्ल्स सेकेंडरी स्कूल की संगीता बरकाकोती के उपस्थिती में सभी लाभार्थी छात्राओं को चेक वितरित किया गया। विधायक रुपेश ग्वाला ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस योजना से लाभान्वित छात्राओं को आर्थिक मदद मिलेगी और आर्थिक तंगी के चलते अधूरी शिक्षा वंचित होनेवाली छात्राएं लाभान्वित होंगी। सम - जिला आयुक्त नुजहत नाश्रीन ने कहा कि यह योजना का लाभ उन लाभार्थी को मिलेगी जो छात्राओ को कालेज के प्राचार्य तथा कर्मचारियों के साथ अच्छे बर्ताव एवं कालेज के नियमों को मान कर चलते हैं उन्होंने यह लाभ मिलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।दुमदुमा कॉलेज सभागृह में दुमदुमा के विधायक रूपेश ग्वाला , दुमदुमा सह जिला आयुक्त नुसरत नसश्रीन तथा आमंत्रित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत जातीय संगीत से किया गया तथा समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। दुमदुमा विधानसभा क्षेत्र के कुल सात सौ तीस छात्राओं को प्रथम किस्त प्रदान किया गया है। दुमदुमा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश्वर कलिता ने इस कार्यक्रम का संचालन किया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया ।

## महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वालंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर के कार्यालय आदेश संख्या-795 दिनांक 04.10.2024 के द्वारा महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर "मिशन शक्ति" के विशेष अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत दिनांक 03.10.2024 से विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 05.10.2024 को विकास खण्ड श्रीदत्तगंज में कक्षा-08 में कस्तूरबा बालिका विद्यालय श्रीदत्तगंज में अध्ययनरत बालिका अंजूम एवं विकास खण्ड सदर, बलरामपुर में सिटी माण्टेश्वरी इण्टर कॉलेज, बलरामपुर में कक्षा 10 में अध्ययनरत बालिका दिव्यानी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी बलरामपुर के पद पर विमला विक्रम डिग्री कॉलेज पचपेड़वा में डी०एल०एट० की छात्रा कोमल मिश्रा को एक दिन का सांकेतिक अधिकारी नियुक्त किया गया। इस अवसर जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्री सुशील कुमार सिंह, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी, कनिष्ठ सहायक, श्री अमित कुमार, श्री बद्री विशाल तिवारी, परामर्शदाता, श्री सुनील कुमार वर्मा, आकड़ा विश्लेषक, श्री ललित कान्त वर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर, श्री



राजेश कुमार, आउटरीच कार्यकर्ता, श्री प्रदीप शुक्ला, आउटरीच कार्यकर्ता, श्री चिनकान प्रसाद, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, तथा विकास खण्ड-श्रीदत्तगंज में ए०डी०ओ०आई०एस०बी० श्री सुशील तिवारी, एवं कार्यालय के अन्य कार्मिक तथा वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय से श्रीमती कविता पाल, प्र० सेन्टर मेनेजर, श्रीमती मधू वर्मा, केस वर्कर, कु० सना पैरामेडिकल नर्स, तथा विकास खण्ड-सदर बलरामपुर में ए०डी०ओ०आई०एस०बी० सदर एवं कार्यालय के अन्य कार्मिक तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहें।

## परिचय सम्मेलन शिव पार्वती सामूहिक विवाह का 11 जोड़े वर और कन्या को परिधान व श्रृंगार वितरण समारोह हुआ संपन्न।

**विशेष संवाददाता विनय प्रकाश मिश्रा।**

कानपुर। ओम जन सेवा संस्थान की कानपुर टीम ने अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा)के नेतृत्व में आज कृष्णा वाटिका लॉन, कृष्णा नगर, जी टी रोड में आज शिव पार्वती सामूहिक विवाह से पूर्व 11 जोड़ो को शूट, लहंगा व श्रृंगार की सामग्री भी वितरण की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य गरीब, असहाय व जरूरतमंदो की मदद करना, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित करके उनका मनोबल बढ़ाना, थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों एवं जरूरतमंदों के लिए रक्त दान करके उनके जीवन को सुरक्षित करना है,हमने एक वर्ष पहले गरीब कन्याओं के विवाह का संकल्प लिया था, आज हमारा सपना साकार हो रहा है, आज बहुत खुशी व आनन्द महसूस हो रहा है, लेकिन संकल्प को पूरा करने में हमारे पति शैलेन्द्र गुप्ता ने हमेंशा हमारा मनोबल बढ़ाने का कार्य किया है। जिन लोगों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हमें सहयोग किया है,हम उनका भी हृदय से धन्यवाद देते हैं, अन्य वक्ताओं अशोक भाटिया, गोपाल तुलस्यान, कृष्ण शर्मा, सरोज अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि ओम जन सेवा संस्था की टीम लगातार सराहनीय कार्य कर रही है, कन्याओं का विवाह कराना सबसे पुण्य का कार्य है, समाज के सम्पन्न लोगों को आगे आकर ऐसी संस्था का



सहयोग करना चाहिए जिससे हौसला बढ़ता है। मंच का संचालन एंकर विनीत त्रिपाठी ने किया। इस समारोह में प्रमुख रूप से सीमा अग्रहरि,अशोक भाटिया,गोपाल तुलस्यान, शैलेंद्र गुप्ता, सुशील वर्मा, सिधांशु राय, मदन तिवारी, सरोज अग्रवाल, दीप्ति राय, राकेश ओझा , ममता मिश्रा , सीमा भाटिया ,चंद्र भाटिया, राजीव भाटिया, आयुष भाटिया ,तानसा , विनीत चड्ढा, गिन्नी चढ़ा ,नितिन, सिंपल,आदि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। 9 नवम्बर को सामूहिक विवाह हैं जिसमें आप सभी सम्मानित जन उपस्थित होकर कन्याओं को आशीर्वाद प्रदान करें।

## स्पूफिंग कॉल से रहे सावधान, डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने किया चौंकाने वाला खुलासा, महिला आरोपी गिरफ़्तार

**समाज जागरण**

स्पूफिंग कॉल के जरिए अधिकारियों और आम नागरिकों को धमकाने वाली शातिर महिला गिरफ़्तार, 5 वर्ष पहले भी नोएडा से जा चुकी है जेल स्पूफिंग कॉल से कॉलर आईडी बदलकर किसी के भी नंबर से की जा सकती है कॉल, आरोपी महिला पुलिस अधिकारियों के नंबर की कार



रही थी स्पूफिंग दुबई का सर्वर का हो रहा था इस्तेमाल, क्रिप्टोक्रेन्सी से खरीदा था स्पूफिंग सॉफ़्टवेयर, मैजिक एप का इस्तेमाल कर पुरुष की आवाज में करती थी बात यूपीएससी की परीक्षा में सफल नहीं होने पर बन गई फर्जी अधिकारी, मेरठ और गुड़गाँव से भी जा चुकी है जेल।

## उपायुक्त ने किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसा, 06 अक्तूबर (सुरेश जोरासिया) जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने रविवार को सीडीएलयू में बनाए गए सभी मतगणना केंद्रों का मुआयना किया और मतगणना के लिए तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को कहा कि मतगणना का कार्य बड़ा ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए पूरे धैर्य व बिना विचलित हुए सहज रूप से कार्य करें। उन्होंने संबंधित आरओ से कहा कि कोई ऐसी गतिविधि मतगणना केंद्र में न होने दें, जिससे मतगणना प्रक्रिया बाधित हो। हर टेबल पर सभी आवश्यक सामग्री व स्टेशनरी आदि उपलब्ध रहे ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न हो और मतों की गिनती सुचारू रूप से जारी रहे। उन्होंने सभी मतगणना केंद्रों का जायजा लेते हुए वहां पर की गई तमाम प्रबंधों व व्यवस्थाओं की जानकारी और अधिकारियों को इस संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ऑडिटोरियम में स्थापित किया मीडिया सेंटर




जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया कर्मियों की सुविधा के लिए सीडीएलयू के ऑडिटोरियम में मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें सभी आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई गई है। सेंटर में मीडिया कर्मियों को बैठने व कम्प्यूटर आदि की सुविधा की गई है। सभी कम्प्यूटरों पर हाई स्पीड इंटरनेट सेवा की व्यवस्था की गई है। मीडिया कर्मियों को अंदर आने के लिए किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रवेश पत्र जारी करवाए गए हैं।

## हर्ज ही क्या है 'चिकित्सा मित्र' बनाने में डॉ0 ओ0पी0 मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ। इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रसाद नड्डा को भेज एक पत्र में देश में अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार कर रहे कथित झोलाछाप डॉक्टरों को 'चिकित्सा मित्र' का दर्जा प्रदान कर प्राथमिक उपचार का अधिकार दिए जाने की मांग की है।

आज रविवार को लखनऊ में आयोजित सोसायटी के राष्ट्रीय पदाधिकारीयो की एक बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष डॉ0 प्रकाश मिश्रा ने कहा कि अब समय आ गया है कि तमाम छोटे-छोटे संगठन एक साथ खड़े होकर अपनी आवाज बुलंद करें और उत्तर प्रदेश के करीब 20 लाख तथा देश के करीब सवा करोड़ कथित झोलाछाप डॉक्टरों को 'चिकित्सा मित्र' बनाए जाने तक संघर्ष करें। उनका कहना था कि सरकार शिक्षा मित्र, किसान मित्र, पशु मित्र तथा बैंक मित्र बनाकर उन्हें प्रत्येक माह एक निश्चित रकम देती है जबकि चिकित्सा मित्र बनाने पर उल्टे सरकार को प्रति वर्ष करोड़ो रुपये की धनराशि प्राप्त होगी।

बैठक में सर्वसम्मति प्रस्ताव द्वारा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की उस नीति की कड़े शब्दों में निंदा की गयी जिसमें सरकार ने झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर उनके क्लीनिक को सील करने तथा क्लिनिक संचालक को जेल भेजने का आदेश दिया है। एक अन्य प्रस्ताव में दीपावली के बाद लखनऊ तथा दिल्ली में एक बड़े प्रदर्शन की योजना के प्रारूप को भी अंतिम रूप दिया गया तथा 9 नवंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को एक ज्ञापन दिए जाने का भी प्रस्ताव पास किया गया। इसके लिए एक हेल्पलाइन भी जारी की गयी जिसका नंबर 8174817109 तथा ईमेल irmsopm@gmail.comहै।

## स्मार्ट सिटी नोएडा मे जुगाड़ वाहनों की भरमार, पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही।

**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

नोएडा भले ही स्मार्ट सिटी हो लेकिन यहाँ वाहन से लेकर अतिक्रमण तक की जुगाड़ करने वालों की भरमार लगी हुई है। जहाँ एक तरफ लोग वाहन खरीदते है तो उनके लिए लाइसेंस अनिवार्य है, पॉलुशन सर्टिफिकेट अनिवार्य है। गाड़ी के नंबर और पूरी कागजात अनिवार्य है। अगर आप टू-व्हीलर खरीदते है तो चलाने के लिए हेलमेट भी अनिवार्य है। कर्शियल वाहन है तो उसके चलाने के लिए कमर्शियल लाइसेंस चाहिए।

लेकिन वही दूसरी तरफ स्मार्ट सिटी नोएडा मे जुगाड़ वाहनों की भरमार है। पूरानी मोटरसाइकिल इंजन से बनी इस जुगाड़ वाहनों को चलाने के लिए न तो लाइसेंस चाहिए न पॉलुशन सर्टिफिकेट। यहाँ तक की हेलमेट भी नही चाहिए। बेधरक होकर इन गाड़ियों का कमर्शियल उपयोग किए जाते है। वही दूसरी तरफ समानों की ओवरलोडिंग होने के कारण कई बार दूसरे वाहनों के



लिए दुर्घटना के कारण बनते है। नोएडा के सड़को पर बेधड़क दौड़ते इस जुगाड़ वाहन के कमान कई बार तो नाबालिगों के हाथ मे भी होते है जो कि सामान लाने ले जाने के काम करते है।

नोएडा पुलिस के द्वारा अपंजीकृत व अनाधिकृत रूप से संचालित वाहन (जुगाड़ वाहन) एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई है। जिससे नोएडा मे जुगाड़ वाहन चलाने वालों मे हड़कंप मच गया। नोएडा के विभिन्न चौराहों पर यातायात पुलिस के द्वारा जुगाड़ वाहनों को रोककर उनका चालान किया गया।

,आम जनमानस सोशल मिडिया पर सवाल उठा रहे है कि आखिर इसका चालान किस आधार पर किया गया। जब इनके पास मे न गाड़ी के वैध कागज है न तो ड्राइविंग लाइसेंस। तो क्या आधार कार्ड पर चालान काटे गए है। क्या वैध गाड़ी चालकों को भी इस प्रकार के छूट मिलेंगे ?

## बिजली से जुड़ी शिकायत सीधे 1912 पर करें।




अगर आप अपने क्षेत्र के बिजली विभाग के कार्यशैली से परेशान है तो अब आप सीधे 1912 पर कॉल करके इस समस्या से समाधान पा सकते है। योगी सरकार ने बड़ी पहल करते हुए जन शिकायतों के लिए यह नंबर जारी किया है। हालांकि सरकार ने बहुत पहले जारी कर दिया था लेकिन बहुत से लोगों मे अभी भी इस बारे मे जानकारी नही है जिसके कारण वह बिजली घर मे फोन करते है और बिजली उनसे कार्य करने के लिए चाय पानी के खर्चा मांगता है। अब आपको यह सब करने की कोई जरुरत नही है 1912 पर कॉल कीजिए और झटपट समाधान पाईये।

बिजली से जुड़ी शिकायतों के लिए, आप 1912 पर कॉल कर सकते हैं. यह टोल-फ़्री नंबर है और इस पर 24 घंटे शिकायत की जा सकती हैं. इसके अलावा, आप 9425807257 पर व्हाट्सऐप करके भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

**बिजली से जुड़ी कुछ आम समस्याएं और उनका समाधान पाने के लिए 1912 पर शिकायत करने की जानकारी:**

**बिजली आपूर्ति बाधित होना**

तार टूटना
मीटर बदलना
ट्रांसफॉर्मर की खराबी
नया कनेक्शन तय समय पर न मिलना
बिल रिवीजन
लोड घटाना या बढ़ानो

अगर शिकायत का समाधान तय समय पर नहीं होता, तो उपभोक्ता मुआवजे के लिए भी दावा कर सकता है. इसके लिए, 1912 पर शिकायत करने के बाद, इसी नंबर पर मुआवजे के लिए दावा करना होगा. कानून के मुताबिक, उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा 60 दिनों में मुआवजा दिया जाना चाहिए.

# रोयांग फुटबॉल मैदान में रिझ रंग झूमर प्रतियोगिता में चानो की टीम विजेता बना।

झारखंडी संस्कृति ,अस्मिता की पहचान है झूमर, इसे लोग सहजे: जयप्रकाश भाई पटेल

**गुलचंद महतो दैनिक समाज जागरण संवाददाता प्रखंड डाड़ी ।**





रोयांग में रिझ रंग झूमर प्रतियोगिता एक दिवसीय आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जयप्रकाश भाई पटेल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंडी संस्कृति अस्मिता की पहचान है झूमर। खासतौर से ग्रामीण इलाकों में लोग पारंपरिक तरीके से मानते हैं। झारखंड में झूमर के खास विशेषता है जो पूर्वजों के विरासत को बचाने का संदेश देता है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाके में प्रतिभा कलाकारों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें अपनी प्रतिभा को निखर कर लोककला संस्कृति मंच में स्थापित करने की। ताकि सांस्कृति के क्षेत्र में ग्रामीण इलाके के लोग अपनी एक पहचान बना सके ।आयोजित रिझरंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जदयू मांडू विस क्षेत्र के प्रभारी दुष्यंत पटेल ने कहा कि झूमर अपनी सांस्कृतिक सभ्यता अस्मिता वह वेशभूषा की पहचान है । जिसे लोग पूर्वजों के विरासत को बचाने के लिए संकल्प लेते हैं। उन्होंने आपसी भाईचारी पूर्वक झूमर का आनंद उठाने की बात कही। रिझरंग झूमर प्रतियोगिता में चानो की टीम विजेता बना। द्वितीय स्थान तिलैया एवं तृतीय स्थान रोयांग नीच टोला की टीम रही। तीनों टीम को अतिथियों द्वारा बकरा देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं पंकज ग्रुप जोगा चौक की टीम चोथे तथा होसीर की टीम पांचवें स्थान प्राप्त किया ये सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार पांच पांच किलो मुर्गा दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार महतो,महतो , सर्वेश सिंह , दशरथ महतो, देवकी महतो , उमेश करमाली, कीनिया देवी, रीमा कुमारी,कपिलदेव महतो , मंगलदेव महतो,कुमेश्वर महतो , पंसस गणेश महतो , लक्ष्मी देवी, प्रमोद महतो, राजकिशोर महतो, रामसेवक महतो मुख्य रूप उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद उठाया।जबकि आयोजित झूमर प्रतियोगिता में छः टीमों ने भाग लिए । प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यक्ष गुलचंद महतो, सचिव भुवनेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष मंजीत महतो, संरक्षक कालेश्वर महतो,बिहारी महतो , मोहरलाल महतो, मिठू महतो, केतर महतो,सुखदेव महतो लक्ष्मण मांझी,रामू पहान, ठाकुरदास महतो, , प्रेमनाथ महतो, राजू महतो , परमेश्वर महतो, जोगेंद्र महतो,उमेश महतो , दिलीप महतो, विनोद महतो, बृजनंदन महतो, लक्ष्मण मांझी , मंगल पहान,अर्जुन महतो ,जयनाथ महतो, रतन महतो, देवानंद महतो, सुनील महतो, बिनोद महतो,पवन कुमार, रंजीत महतो, धनेश्वर महतो, कमलेश कुमार, हेमलाल महतो,बिनोद महतो व इस ऐतिहासिक मौके पर सेवालाल महतो, सर्वेश कुमार सिंह,लालधन महतो, पुरूषोत्तम करमाली,अशोक महतो,सुदय कुमार महतो, गीता देवी, आशा देवी,दिलेन्दर बेदिया,केशू महतो और काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा के मित्र मोइनउद्दीन का सड़क दुर्घटना में निधन

परिवार के लिए राहत की मांग

**मिन्टू कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता सदर हजारीबाग।**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा के परम मित्र, मोइन उद्दीन, का एक दुखद सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। इस घटना ने न केवल उनके परिवार को शोक में डाल दिया है, बल्कि उनके आर्थिक स्थिति को भी गहरे संकट में डाल दिया है। विनोद कुशवाहा ने इस दुखद घटना के पश्चात, हजारीबाग के माननीय उपायुक्त महोदय से मृतक के परिवार के लिए राहत की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मृतक के परिवार को एक सरकारी नौकरी और 20 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए, ताकि उनके बच्चे भुखमरी के कगार पर न पहुंचें। विनोद कुशवाहा ने मोइन उद्दीन के निधन को अपनी व्यक्तिगत अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा, "मोइन उद्दीन के निधन से मेरी व्यक्तिगत अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई कई वर्षों तक नहीं हो पाएगी।" मोइन उद्दीन, जो बाबूगांव निवासी थे, लगभग 50 वर्ष के थे और पेशे से सेट्रिंग का कार्य करते थे।यह दुखद घटना हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र के ओरिया ओवरब्रिज पर सुबह करीब 8:15 बजे घटित हुई। एक तेज गति से आ रहे कंटेनर ने मोइन उद्दीन को चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर ही मोइन उद्दीन की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिन्होंने शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम हुआ। विनोद कुशवाहा ने मुख्यमंत्री से मृतक के परिजनों के लिए मुआवजा राशि और नौकरी की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक के चले जाने से उनका परिवार आर्थिक संकट का सामना कर सकता है, क्योंकि उनके घर में पत्नी और एक 14 वर्षीय बेटी हैं और अब कोई कमाने वाला नहीं रहा।विनोद कुशवाहा ने मृतक के आवास पर जाकर उनके परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उनके साथ प्रमोद सिंह, अनिल मेहता, रामकुमार सिंह, विनय वर्मा, गुड्डु, जमाल, नसीम अंसारी, दिनेश कुशवाहा सहित कई अन्य लोग भी शामिल थे जिन्होंने परिवार को सांत्वना दी और सहायता का भरोसा दिलाया।इस घटना ने न केवल एक परिवार को शोक में डाला है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दा भी बन गया है। इस घटना के पश्चात, यह अपेक्षा की जा रही है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन मृतक के परिवार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाएंगे।

# भाजपा ने झारखंड के लिए जारी किया पंच प्रण।

महिलाओं को 2100 रुपये, सस्ते सिलेंडर युवाओं को रोजगार और आवास का वादा

**अरविंद कुमार यादव संवादाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी**



कटकमसांडी में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों से पहले अपने पंच प्रण की घोषणा की है।पंच प्रण के पहले प्रण में कहा गया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रतीमाह 2100 रुपए दिए जाएंगे। हर महीने की 11 तारीख को यह राशि उनके बैंक अकाउंट में चली जाएगी। आज इसी कड़ी में प्रखंड कटकमसांडी के भाजपा के दोनो मंडलों में गोगो दीदी योजना के तहत आज फॉर्म का वितरण कर दिया गया। इस पंच प्रण योजना के तहत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस कान्फ्रेंस में इसकी घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे प्रण में सभी परिवारों को 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का संकल्प व्यक्त किया।साल में 10 सिलेंडर 500 रुपए में दिए जाएंगे जबकि दो पर्व के अवसर पर दो सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंग। तीसरे प्रण के तौर पर बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के लिए पांच साल में 28 लाख 87 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के पांच साल के भीतर 1.50 लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके लिए 1 नवंबर 2025 की समय सीमा तय की गई है। मौके पर जिला मंत्री रीतलाल यादव,पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, गादोखर मुखिया नारायण साव ,मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता,मुखिया हलधर यादव,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद यादव,नरेश पासवान,पूर्व मुखिया मथुरा मेहता, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद महामंत्री अरविंद यादव,पूर्व मुखिया लीलो भोक्ता , अमित सिंह,मनोज पांडेय,चिंतन शर्मा,किशोरी यादव, विजय दांगी, एवं दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# खिरगांव दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने विनोद भगत ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग खिरगांव दुर्गा पूजा समिति की बैठक बड़कागांव रोड के जे डी स्कूल के प्रांगण मे हुई । जिसमें सर्व समिति से विनोद भगत को अध्यक्ष बनाया गया । संरक्षक- रामवतार भगत, बिरेन्द्र भगत,प्रभु राम, सतीश पाल,निर्मल कुमार दास, उपाध्यक्ष -सुनील कुमार वर्मा और राहुल कुमार ,



महासचिव- प्रशांत भगत, सचिव- बंटी कुमार एवं कुणाल कुमार , कोषाध्यक्ष -जयंत कुमार ,लेखापाल- पप्पू कुमार , अक्षय मालाकार एवं मुन्ना दास को बनाया गया । इस बैठक में वीरेंद्र भगत ,विनोद भगत ,सुनील वर्मा ,सहदेव पांडे, उपेंद्र कुमार ,पप्पू मालाकार ,पिंकू कुमार ,बंटी कुमार ,प्रशांत भगत ,राहुल कुमार, महेंद्र मालाकार ,विवेक कुमार सिंह, कुणाल कुमार, दीपक, प्रीतम मालाकार ,विकी कुमार, अक्षय कुमार, मुन्ना दास, पप्पू कुमार ,राहुल कुमार, आशीष कुमार, बजरंगी कुमार राहुल ,संजीत कुमार, लीला देवी एवं राधा देवी के साथ-साथ कई लोग उपस्थित थे।

# नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का विजेता बना सलगावां

अतिथियों ने विजेता टीम को 25 व उप विजेता को 15 हजार व शील्ड देकर किया पुरस्कृत

**मनोज कुमार समवादाता दैनिक समाज जागरण कटकमदाग**





कटकमदाग मैदान में रविवार को सांसद खेल महोत्सव 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला हुआ। सलगावां टीम ने खपरियावां बनहा को 1-0 से पराजित कर टूनार्मेंट का विजेता बना। जबकि बालिकाओं की टीम में जमुआरी टीम ने फतहा टीम को हराकर विजेता बनी। मुख्य अतिथि श्रद्धानंद सिंह व विशिष्ट अतिथियों ने विजेता बालक टीम को 25 हजार का चेक शील्ड व उप विजेता टीम को 15 हजार का चेक व शिल्प प्रदान कर पुरस्कृत किया। टूनार्मेंट में कुल 47 टीमों ने भाग ली। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से पिछले 2016 से हो रहा है। इस आयोजन से खिलाडियों में छुपी प्रतिभा उजागर होने के साथ-साथ युवाओं में मानसिक और बौद्धिक विकास भी होता है। समापन समारोह को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाह, भाजपा के वरिष्ठ नेता केपी ओझा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, उप प्रमुख बिमल गुप्ता, खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता आदि ने संबोधित कर खिलाड़ियों का हौसलावर्द्धन किया। संचालन प मंडल के प्रभारी अध्यक्ष अरुण कुमार राणा ने किया। टूनार्मेंट को सफल बनाने में आयोजित समिति के अध्यक्ष सह कटकमदाग मुखिया प्रतिनिधि सुनील यादव, उपाध्यक्ष विकाश यादव, सुरेंद्र गुप्ता, दीपक पंडित, अभिषेक कुमार सहित अन्य का योगदान रहा। मौके पर तुलसी प्रसाद कुशवाह, महेश प्रसाद, बादशाह पासवान, मिथिलेश यादव, जगन्नाथ प्रजापति, सिद्धार्थ कुमार, हिरामन साव, संजय राणा, बसंत यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकताओं में गोगो दीदी योजना को लेकर उत्साह

बूथ स्तर पर फॉर्म का वितरण प्रारंभ

**पंकज कुमार पाठक संवादाता दैनिक समाज जागरण पदमा**

पदमा- भाजपा द्वारा प्रायोजित गोगो दीदी योजना को लेकर प्रखंड भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।ज्ञात हो कि ईस योजना के तहत झारखंड में भाजपा सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये देने की बात कही गई है।अपने चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा इसे शामिल कर रही है।गोगो दीदी योजना का फॉर्म भरवाने का कार्य बूथ स्तर पर किया जाना है जिसको लेकर प्रखंड के बूथ स्तरीय कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है।विधानसभा चुनाव का पहला चरण प्रारंभ होने से पहले भाजपा की योजना हर घर तक पहुंचकर फॉर्म भरा लेने की है।इस योजना के लिए भी न्यूनतम उम्र 18 वर्ष रखी गई है। भाजपा द्वारा लाई गई इस योजना के लिए पदमा प्रखंड में खास कर महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है।गोगो दीदी योजना की चर्चा खूब सुनाई दे रही है।

# बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का हुआ आयोजन।

सेवा के माध्यम से 500 से भी अधिक असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों के बीच कंबल का किया गया वितरण।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह के साथ कई गणमान्य लोग हुए शामिल।

इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। :- श्रद्धानंद सिंह।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



शहर का सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पुजा महासमिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को पुजा पंडाल के समीप दरिद्र नारायण सेवा का भव्य आयोजन किया गया। सेवा कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुई, कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष,सचिव सहित तमाम करने गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुरूआत किया गया। इसके बाद उपस्थित तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने करीब 500 से भी अधिक असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों को महाप्रसाद स्वरूप पुड़ी, मिठाई, सब्जी का भोजन करवाया,इसके पश्चात सभी के बीच कंबल,वस्त्र, साड़ी एवं छोटे बच्चे बच्चियों के कपड़े का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम महासमिति के द्वारा पिछले 23 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिलती है। अधिकांश लोग इस सेवा का इंतजार करते हैं। यह कार्यक्रम नवरात्रि के प्रथम शुक्रवार एवं रविवार को किया जाता है। कार्यक्रम में महासमिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यगण ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सेवा भावना के साथ इस पुनीत कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया। समिति का उद्देश्य है कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन किया जाता रहेगा।मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। उन्होंने महासमिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है।महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि हर वर्ष दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि समाज के हर वर्ग के लोग इस महोत्सव की खुशियों में सहभागी हो सकें। इस वर्ष भी समाज के 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन एवं वस्त्र वितरित किए गए। महासमिति के द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन वर्ष 2001 से लगातार किया जा रहा है सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि यह सेवा कार्यक्रम महासमिति की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। महासमिति का उद्देश्य है कि दुर्गा पूजा के इस पावन अवसर पर समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलें और सेवा के माध्यम से उन तक पहुंचे,जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि महासमिति का यह सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा और समिति समाज के कल्याण के प्रति अपने दायित्वों को निभाने के लिए कृत संकल्प है।मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव,सचिव दीप नारायण निषाद,ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप जायसवाल,उदय शंकर गुप्ता, शिवदीप सिंह,प्रदीप जैन,राजेश गुप्ता,प्रकाश सिंह, शिवशंकर गुप्ता,बाल गोविंद निषाद,पवन रावत खण्डेलवाल, गुड्डन सोनकर, बैजनाथ गुप्ता,नरेश निषाद,प्रमोद खण्डेलवाल, पीकू यादव,दिलीप सोनी, अशोक सिन्हा,रितेश खण्डेलवाल, लखन निषाद,राजेश सिन्हा ,उपेंद्र सिन्हा,अर्जुन यादव, आशुतोष चौधरी,अनिल मद्धेशिया, पंकज कसेरा,अभय निषाद,दिलीप गुप्ता, रौनक सहित कई लोग मौजूद थे।

# खुटरा पंचायत भवन में चोरी हजारों के समान ले उड़े चोर

**अरविंद कुमार यादव संवादाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी**

कटकमसांडी : पेलावल ओपी अंतर्गत खुटरा पंचायत भवन में पांच अक्टूबर की देर रात चोरों ने ताला तोड़कर हजारो रुपये से अधिक मूल्य के सामान चोरी कर ली. खुटरा पंचायत मुखिया अनवारुल हक पंचायत सचिव संतोष कुमार राणा व उपमुखिया ने पेलावल ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है. दिये गये आवेदन में लिखा है कि चोर पंचायत भवन छत के दरवाजे की कुंडी काटकर अंदर घुसे और पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र का प्रिंटर , मोरफो डिवाईस , मंत्रा डिवाईस कंप्यूटर सेट सहित सामान ले गये. पेलावल ओपी थाना प्रभारी शाहिना परवीन ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है. मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है. जल्द ही मामले का उद्भेदन कर चोरों की गिरफ्तारी की जायेगी. दो माह पूर्व भी लुपुंग पंचायत भवन में चोरों ने ताला तोड़कर पंचायत भवन में लगे इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य सामान चुरा कर ले गए थे. वहीं प्रज्ञा केंद्र संचालक मासूम कुमार देव ने बताया कि इस तरह लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से हम सब ग्राम पंचायत वीएलई आहत में है । पंचायत भवन में रात्रि में गार्ड का व्यवस्था होना चाहिए ताकि हम लोग प्रज्ञा केंद्र संचालक का जो भी समान पंचायत भवन में है वह सुरक्षित रह सके ।

# इनर विल क्लब युवा हजारीबाग के डांडिया महोत्सव का डॉ. अमित सिन्हा ने किया शुभारंभ

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग के मुनका बगीचा में आयोजित डांडिया महोत्सव का शुभारंभ डॉ. अमित सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौन व्रत का पालन कर रहे डॉ. सिन्हा ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ाई और इशारों के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया।यह रंगारंग कार्यक्रम रेणु बरनवाल और सरिता खंडेलवाल के सशक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया। डॉ. सिन्हा के सहयोगी बताते हैं कि उनका मानना है कि महिलाओं की यह अनूठी पहल एकजुटता, उत्साह और सशक्तिकरण की मिसाल है। इस प्रकार के आयोजन न केवल समाज में सकारात्मकता फैलाते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत बनाए रखते हैं।कार्यक्रम में संगीत की मधुर धुनों और तालियों की गूंज के बीच महिलाओं ने उत्साह और ऊर्जा से भरे गरबा नृत्य का प्रदर्शन किया। इस दौरान, क्लब के सदस्यों ने डॉ. सिन्हा को अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित किया और उनके कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों और इनर विल क्लब के सदस्यों को शुभकामनाएं दी और भविष्य के आयोजनों के लिए बधाई दी। मौन व्रत के दौरान भी उन्होंने समाज सेवा और सामाजिक उत्थान के प्रति अपने समर्पण की मिसाल पेश की, जिससे सभी उपस्थित लोग प्रेरित हुए।

# अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई।

अवैध वाहनों को किया गया जब्त

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार के द्वारा तड़के करीब 3 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू लदे अवैध 08 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल और कटकमसांडी क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ छापामारी कर 08 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। अवैध बालू के कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि अवैध बालू के कारोबारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध बालू के कारोबारी बालू का अवैध कारोबार बंद कर दे अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के इस कार्रवाई को लेकर अवैध बालू के कारोबारियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ है। इस छापामारी के दौरान अवैध बालू कारोबार से जुड़े शशि कुमार प्रजापति, अनुज कुमार दांगी, अनिल कुमार यादव, देवेंद्र राणा, विमल साव, गुलाब साव, बालेश्वर गोप, आनंद राम के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दुगार्पूजा एवं आगामी त्यौहार को लेकर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान

खाद्य पदार्थों के जांच हेतु सैंपल एकत्रित किए गए

**दैनिक समाज जागरण**

हजारीबाग में दशहरा व आगामी त्यौहार के मद्देनजर उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय के निर्देश पर एसीएमओ डॉ शशि जयसवाल ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी को शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसी क्रम में आज खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जिसमें मेसर्स प्रधान जी, मटवारी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहरी क्षेत्र के अन्य मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों आदि का भी निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाइयों का सैंपल संग्रह किया। उन्होंने इन प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। खाद्य पदार्थ बनाने में साफ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने, उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों का पैक करने और खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

# शाहपुर में सर्पदंश से महिला घायल भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने इलाज में किया सहयोग

**अरविंद कुमार यादव संवादाता दैनिक समाज जागरण कटकमसांडी।**



कटकमसांडी : शाहपुर पंचायत के धारण टोला निवासी 42 वर्षीय कजरी देवी पति दामोदर प्रसाद सर्पदंश से घायल हो गई थी जिसकी जानकारी परिजनों ने भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद को दुरभाष पर दिया वहीं भाजपा नेता ने बिना देर किए अपने टीम के सदस्यों को शेख भिखारी मेडिकल भेज कर उचित इलाज करवाने का निर्देश दिया टीम के सदस्यों ने अस्पताल पहुँच कर इलाज करवाया यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को खतरे से बाहर बताया. परिजनों ने बताया कि अहले सुबह महिला बगल के खेत में घास काटने गयी थी. इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया जिससे महिला घायल हो गई । सहयोग करने में टीम के सदस्य राजेश यादव, जीप प्रतिनिधि मनीष ठाकुर,वीरेंद्र कुमार वीरू,स्थानीय निवासी पप्पू यादव राजेश प्रसाद,विजय प्रसाद,सचिन प्रसाद शामिल थें।